आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा 01:24 तक
उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 जून 2025
वर्ष 6, अंक 216, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार



अमेरिका के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरता फाल्कन 9 रॉकेट

## शुभांशु शुक्ला सहित चार अंतरिक्ष यात्री आईएसएस के लिए रवाना, 41 साल बाद भारत की वापसी

# अंतरिक्ष में लहराएगा तिरंगा



अंतरिक्ष के लिए रवाना होने से पहले हाथ हिलाकर उत्साह जताते शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित वाणिज्यिक मिशन के तहत बुधवार को तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा के लिए रवाना होकर इतिहास रच दिया। रूसी अंतरिक्ष यान के जरिए भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की अंतरिक्ष यात्रा के 41 साल बाद किसी भारतीय की यह यात्रा हो रही है। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लेकर फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से आईएसएस के लिए उड़ान भरी। शुक्ला के माता-पिता लखनऊ स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में इस ऐतिहासिक उड़ान के गवाह बने। इसी स्कूल से शुक्ला ने पढ़ाई की है। प्रक्षेपण के 10 मिनट बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने धरती का चक्कर काटना शुरू कर दिया, जिसके बाद शुक्ला ने अपने संदेश में कहा कि 41 साल बाद भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा में वापसी। ड्रैगन अंतरिक्षयान के धरती से ऊपर 200 किलोमीटर की ऊंचाई पर कक्षा में प्रवेश करने के तुरंत बाद शुक्ला ने कहा कि कमाल की राइड (यात्रा) थी। करीब 28 घंटे की यात्रा के बाद यान के गुरुवार शाम साढ़े चार बजे आईएसएस पहुंचने की उम्मीद है। लखनऊ में जन्मे शुक्ला, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री पूर्व मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं, जो भारत, पोलैंड और हंगरी के लिए मानव अंतरिक्ष यान की ओर वापसी को साकार करेगा। कक्षा में पहुंचने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने अपने नए कैप्सूल का नाम 'ग्रेस' बताया। अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 14 दिन बिताएंगे और अपने मिशन के दौरान 60 प्रयोग करेंगे।



स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार होकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होते शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री।

### यह भारत के लिए गौरव का क्षण : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में जन्मे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में उड़ान भरने के लिए हार्दिक बधाई दी है। इसे भारत के लिए गौरव का क्षण बताते हुए भारत की वैज्ञानिक क्षमता की उपलब्धि कहा।

### शुभांशु के साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्सिओम-4 मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत किया और कहा कि इस मिशन में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुए अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं। वह अपने साथ 1.4 अरब भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। उन्हें और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को शुभकामनाएं।

### अंतरिक्ष से शुभांशु बोले क्या कमाल की राइड थी

**नई दिल्ली।** स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान फ्लोरिडा में नासा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपण के 10 मिनट के भीतर पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश कर गया और इसमें रवाना हुए भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि कमाल की राइड (सफर) थी! अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बने शुक्ला ने 41 वर्षों के अंतराल के बाद भारत की अंतरिक्ष में वापसी की घोषणा हिन्दी में की तथा सभी से उनकी यात्रा का हिस्सा बनने का आग्रह किया। शुक्ला (39) ने पृथ्वी की कक्षा से अपनी पहली टिप्पणी में कहा कि मेरे कंधों पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं अकेला नहीं हूं और मैं आप सभी के साथ हूं। उन्होंने कहा, नमस्कार, मेरे प्यारे देशवासियों। क्या सफर था! हम 41 साल के अंतराल के बाद अंतरिक्ष में लौटे हैं और क्या कमाल की राइड थी!

अंतरिक्ष की उड़ान ...पेज-11

# संविधान की भावना का उल्लंघन भूलने वाला नहीं

**आपातकाल के 50 साल**

## इमरजेंसी देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कोई भी भारतीय यह कभी नहीं भूलेगा कि आपातकाल के दौरान संविधान की भावना का कैसे उल्लंघन किया गया। उन्होंने संवैधानिक सिद्धांतों को मजबूत करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई पोस्ट कर मोदी ने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्याय में से एक है। कहा कि आपातकाल में संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को दबा दिया गया और बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लग रहा था जैसे उस समय सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था। मोदी सरकार ने पिछले साल घोषणा की थी कि आपातकाल की बरसी को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 42वें संशोधन में संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गए जो 25 जून 1975 को आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस सरकार की चालों का एक प्रमुख उदाहरण है, जिसे जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाद में पलट दिया था। मोदी ने कहा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने और विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराते हैं।

हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूएं और गरीबों तथा दलितों के सपनों को पूरा करें। आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वाले हर व्यक्ति को सलाम करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग पूरे भारत से, हर क्षेत्र से, हर विचारधारा से थे, जिन्होंने देश के लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करने के लिए मिलकर कार्य किया।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल का संकल्प, पीड़ितों का करेंगे सम्मान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आपातकाल का विरोध करने वाले लोगों के बलिदान का स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया। मंत्रिमंडल ने आपातकाल का विरोध करने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ क्षणों का मौन रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा, जिनके संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकार छीने गए और जिन्हें अकल्पनीय यातनाओं का सामना करना पड़ा। प्रस्ताव में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया, जिन्होंने आपातकाल और भारतीय संविधान की भावना को कुचलने के प्रयासों का साहसपूर्वक विरोध किया। यह दमनचक्र 1974 में नवनिर्माण आंदोलन और संपूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के प्रयासों से शुरू हुआ था।

### लोकतंत्र सेनानियों एवं परिजनों का अब होगा कैशलेस उपचार




लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **योगी बोले-आपातकाल के लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए**

**अमृत विचार :** आपातकाल की 50वीं बरसी पर बुधवार को लोकभवन में आयोजित भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय विषयक संगोष्ठी की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके धर्म निरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आपातकाल के लिए दलितों, वंचितों एवं पूरे देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। बाबा साहब अंबेडकर ने अपनी लेखनी के माध्यम से जिन दलितों एवं वंचितों को अधिकार दिलाया था, कांग्रेस ने उनकी आवाज को दबाने का कार्य किया। योगी ने इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को कैशलेस उपचार की सुविधा की घोषणा की। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

### नीट एमडीएस की काउंसिलिंग 01 जुलाई से

**लखनऊ।** यूपी नीट एमडीएस-2025 की प्रथम चरण की काउंसिलिंग के लिए एक जुलाई से पंजीकरण शुरू हो जाएगा। चार जुलाई तक अभ्यर्थियों को धरोहर राशि जमा करनी होगी, आठ को सीट आवंटन के बाद 14 जुलाई तक दाखिले की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा काउंसिलिंग की समय सारिणी बुधवार को घोषित कर दी गई है।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि नीट एमडीएस-2025 की पहली काउंसिलिंग एक जुलाई से शुरू हो रही है। धरोहर राशि जमा करने वाले अभ्यर्थियों के प्रपत्रों की जांच होगी और चार जुलाई को मेरिट सूची जारी की जाएगी।

तत्पश्चात अभ्यर्थियों को कॉलेज की प्राथमिकता ऑनलाइन देनी होगी। आठ जुलाई को सीट आवंटन के परिणाम घोषित होंगे, अगले दिन से संबन्धित मेडिकल कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। सरकारी डेंटल कॉलेजों के लिए 30 हजार और निजी डेंटल कॉलेजों के लिए एक लाख रुपये धरोहर राशि जमा करनी होगी।

# सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 2026 से साल में दो बार होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **फरवरी में होने वाला पहला चरण अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक**
- **दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून माह में घोषित होंगे**

सीबीएसई के 10वीं कक्षा के छात्र 2026 से एक शैक्षणिक सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे, हालांकि फरवरी में होने वाले पहले चरण की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि मई में होने वाला दूसरा चरण उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगा जो अपना प्रदर्शन सुधारना चाहते हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं कक्षा के लिए वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के मानदंडों को मंजूरी दे दी है, जिसकी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में अनुशंसा की गई है।

सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा। दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगे।

छात्रों के लिए पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य होगा, जबकि दूसरा चरण वैकल्पिक होगा। छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का मौका मिल सकेगा।

तय मानदंडों के अनुसार, शीतकाल में बंद रहने वाले स्कूलों के दसवीं कक्षा के छात्रों को किसी भी चरण में उपस्थित होने का विकल्प मिलेगा। इसके अनुसार, शैक्षणिक सत्र के दौरान आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा।

सीबीएसई ने फरवरी में मसौदा मानदंडों की घोषणा की थी और हितधारकों की प्रतिक्रिया मांगी गई थी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिश के मुताबिक, बोर्ड परीक्षाओं की उच्च अपेक्षा वाले पहलू को खत्म करने के लिए सभी छात्रों को किसी भी शैक्षणिक वर्ष के दौरान दो मौकों पर परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।

# आकाली नेता बिक्रम मजीठिया गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- **मादक पदार्थ से जुड़े मामले में सतर्कता ब्यूरो ने की कार्रवाई**
- **गिरफ्तारी से पूर्व उनके आवास सहित 25 जगहों पर मारे छापे**

पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने मादक पदार्थों से जुड़े एक मामले में बुधवार को राज्य में 25 स्थानों पर छापेमारी के बाद वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को गिरफ्तार कर लिया। जिन स्थान पर छापे मारे गए उनमें मजीठिया का अमृतसर स्थित आवास भी शामिल है।

मजीठिया की पत्नी और अकाली दल की विधायक गनीव कौर मजीठिया ने दावा किया कि बिक्रम के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, ब्यूरो ने अभी तक उस मामले के विवरण की पुष्टि नहीं की है। ब्यूरो ने पुलिस के साथ मिलकर पंजाब में 25 स्थानों पर छापे मारे, जिनमें अमृतसर



और चंडीगढ़ में मजीठिया के आवास समेत नौ स्थान शामिल हैं। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल उनके बहनोई हैं। मजीठिया 2021 के एक मादक पदार्थ मामले में भी जांच का सामना कर रहे हैं। मजीठिया और उनकी पत्नी ने दावा किया कि सतर्कता ब्यूरो के सदस्य अमृतसर के ग्रीन एवेन्यू स्थित घर में जबरन घुस आए।

**विडंबना** लोग आगे आए, संस्थाएं आईं, अभियान चले... फिर भी नहीं हो सका आदि गंगा के नाम से विख्यात नदी का कायाकल्प

# आज भी अपने अस्तित्व को तलाश रही गोमती की धारा

श्रीकांत सिंह, पसगवां (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** देश में नदियों को बचाने, उनकी अविरलता को कायम रखने के लिए समय-समय पर तमाम अभियान चलाए जाते रहे हैं, लेकिन इन सबके बीच आदि गंगा के नाम से प्रसिद्ध पौराणिक नदी गोमती लखीमपुर में आज भी अपने अस्तित्व को तलाश रही है। गोमती की अविरल जलधारा के लिए भी लोग आगे आए, अभियान चले, लेकिन इस नदी का कायाकल्प नहीं हो सका।

जिले में बरवर (मोहम्मदी क्षेत्र) से गुजरती नदी में घटता जलस्तर, व्याप्त गंदगी, जनता, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अनदेखी भारी पड़ रही है। गोमती अपने गरिमामयी इतिहास पर आंसू बहा रही है। राज्य चिह्न में सुशोभित मछली भी गोमती नदी का स्वरूप है। पीलीभीत के माधोटांडा से उद्गमित गोमती का लगभग 40 किमी सफर लखीमपुर जिले में है। मोहम्मदी से थोड़ा पहले शुरू होकर बरवर, जहानीखेड़ा, रहजनियां होते हुए मैगलगंज से छह किमी दूर प्रसिद्ध मढ़िया घाट से एक किमी सीतापुर जिले में प्रवेश करती है। अत्यधिक जलदोहन, अतिक्रमण व खनन से सिकुड़ रहा भौगोलिक क्षेत्र गोमती के अस्तित्व व जलस्रोत के लिए संकट बन गया है। बरवर, अमरी घाट, सेमरा, जतनगंज और रहजनियां में इसमें बहुत गंदगी है, जिसके कारण इसकी धारा अवरुद्ध हो जाती है।

नदी क्षेत्र में अजबापुर चीनी मिल है। इस नदी में दो प्रमुख नाले आकर मिलते हैं, जिनमें एक छोहा है और दूसरा अंधरा छोहा है। छोहा अजबापुर चीनी मिल के किनारे से आकर सोहौना गांव होते हुए गोमती नदी में मिलता है। अंधरा छोहा मोहम्मदी के पास से निकलकर मकसूदपुर और बरवर के बीच निकलकर गोमती में मिलता है।



मोहम्मदी क्षेत्र में इस तरह नजर आती है गोमती नदी।

### प्रयास हुए पर अपेक्षित परिणाम नहीं

सुशील सीतापुरी मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान चला रहे हैं। वॉटर वुमन शिप्रा पाठक गोमती के किनारे यात्रा करते हुए नागरिकों से रूबरू हुईं। अंतर्राष्ट्रीय वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर सतपाल सिंह ने मोहम्मदी में गोमती सेवा समाज की स्थापना की। पैदल यात्राएं कीं और अभी हाल ही में उन्होंने गोमती उद्गम से गोमती के गंगा में मिलने तक एक यात्रा की। गोमती मित्र और पर्यावरण प्रेमी हरेंद्र वर्मा ने भी गोमती यात्राएं कीं। ये दोनों गोमती के किनारे जैव विविधता का भी अध्ययन करते हैं और अनवरत प्रयास करते हैं, लेकिन प्रशासनिक और जन सहयोग न मिलने से तमाम प्रयासों का परिणाम अपेक्षित नहीं मिला। वर्ष 2018 में आए बालीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने गोमती के उद्धार के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं की थीं, लेकिन लौटकर नहीं आए।

### विधायक ने उठाया था गोमती बचाओ का मुद्दा



मोहम्मदी से भाजपा विधायक और पंचायती राज विभाग के सभापति लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने गोमती नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए मई 2022 में विधानसभा सत्र में अपना पक्ष रखा था। उन्होंने कहा था कि गोमती उद्गम स्थल और शारदा नदी में बहुत लंबी दूरी नहीं है। ऐसी स्थिति में शारदा का अतिरिक्त पानी गोमती में छोड़े जाने पर गोमती को जीवनदान मिल जाएगा। नहर निर्माण से शारदा को बाढ़ से राहत, गोमती को निर्मलता और अविरलता के साथ ही मनरेगा मजदूरों को रोजगार भी मिलेगा।

## नगरपालिका अध्यक्ष के ससुर के निधन पर बंद रहा सर्राफा बजार

**बीसलपुर, अमृत विचार:** नगरपालिका अध्यक्ष शशि जायसवाल के ससुर एवं भाजपा नेता अमन जायसवाल उर्फ निक्की के पिता त्रिलोकीनाथ जायसवाल के आकस्मिक निधन पर बुधवार को दोपहर तक सर्राफा बाजार बंद रहा। अंत्येष्टि में गन्ना राज्यमंत्री, एमएलसी सहित कई भाजपा नेता शामिल हुए। विभिन्न संगठनों ने शोक सभा कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

बुधवार को गन्नाराज्य मत्री संजय सिंह गंगवार ने अंत्येष्टि में शामिल होकर स्वयं कांधा दिया। अंत्येष्टि यात्रा में एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा, किसान नेता देव स्वरूप पटेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वच्छ गंगा मिशन के राष्ट्रीय आयाम प्रमुख डॉ. रवि शरण सिंह चौहान, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, नितिन पाठक आदि मौजूद रहे।

# नियमों की अनदेखी पड़ी भारी, 6 माह में 52 डीएल निरस्त

## जनपद के सात स्कूलों के 12 वाहनों का पंजीकरण भी हुआ रद्द, पांच ने कराया दोबारा पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा को लेकर सख्ती की गई है। यातायात नियमों की लगातार अनदेखी भारी पड़ने लगी है। बीते छह महीनों में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए 52 ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) निरस्त कर दिए हैं। यह कार्रवाई तेज रफ्तार, नशे में ड्राइविंग और बार-बार चालान कटने जैसे गंभीर उल्लंघनों पर की गई है।

बता दें कि वर्ष 2030 तक सड़क हादसों में होने वाली मौतों का आंकड़ा शून्य पर लाने के लिए अभियान चलाकर काम किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। बावजूद इसके कई जगहों पर लापरवाहियां और आम लोगों की उदासीनता हादसों को न्योता दे रही हैं।



टनकपुर हाईवे पर गौहनिया से नकटादाना चौराहा की तरफ दौड़ते वाहन।

ड्राइविंग लाइसेंस से पहले जहां टेस्ट की प्रक्रिया से गुजरना अनिवार्य है, वहीं लाइसेंस मिलने के बाद बहुत से लोग नियमों को गंभीरता से नहीं लेते। लिहाजा, यातायात नियमों के बार-बार उल्लंघन पर परिवहन विभाग के पास लाइसेंस निलंबित-निरस्त करने का अधिकार है।

जिले में इस समय कुल 192892 ड्राइविंग लाइसेंस धारक हैं, जिनमें 1,63,958 पुरुष और 28,934

- **नशे में वाहन चलाना और बार-बार चालान कटने पर हुई सख्त कार्रवाई**

महिलाएं शामिल हैं। वहीं वाहनों की संख्या की बात करें तो जिले में 255414 दुपहिया वाहन और 21536 कारें पंजीकृत हैं। इस वर्ष एक जनवरी से 20 जून 2025 तक 52 लोगों के लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं। इनमें करीब 15 लाइसेंस गैर जनपद बरेली शाहजहांपुर आदि के निवासियों के थे। ऐसे चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट संबंधित जिलों को भेज दी गई है। अधिकांश मामलों में एक माह के भीतर ही 10 से अधिक बार चालान काटे गए थे।

### स्कूल वाहनों पर भी कार्रवाई, 12 का पंजीकरण रद्द

केवल आम वाहन चालक ही नहीं, स्कूली वाहनों पर भी विभाग की पैनी नजर है। फिटनेस जांच में फेल पाए जाने पर सात स्कूलों के 12 वाहनों का पंजीकरण रद्द किया गया। इनमें से अधिकांश वाहन पूरनपुर व शहर के स्कूलों से संबंधित हैं। नोटिस मिलने के बाद पांच स्कूलों ने फिटनेस सुधार कर पुन: पंजीकरण करा लिया है, जबकि शेष अब भी प्रक्रिया में हैं।

### ई-रिक्शा बन रहे परेशानी का कारण

शहर में चल रहे ई-रिक्शा भी यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। रेलवे स्टेशन से लेकर छिपियान मस्जिद रोड तक इनका अघोषित कब्जा रहता है। अधिकतर ई-रिक्शा चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं है और कुछ तो नाबालिग भी हैं। पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। विभाग द्वारा अब इन पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, हालांकि रूट प्लान के अभाव में समस्या बनी हुई है।

> यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते छह माह में 52 ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। सात स्कूलों के 12 वाहनों का रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया गया है। नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए अभियान जारी रहेगा। जनता से अपील है कि वह नियमों का पालन करें ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।
> –**वीरेंद्र सिंह**, एआरटीओ

# ताजिए की ऊंचाई कम रखने का दबाव बना रही पुलिस


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते पहाड़गंज के ग्रामीण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पहाड़गंज के ग्रामीणों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचार:** पहाड़गंज गांव के ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पहुचंकर वहां मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें ताजियेदारों पर बिलसंडा पुलिस द्वारा दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई है।

सिटी मजिस्ट्रेट को दिए गए ज्ञापन में बताया कि वे बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम पहाड़गंज के रहने वाले हैं। ग्रामीण आपसी सहयोग एवं सामंजस्य से ताजियों का निर्माण कर शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाते चले आ रहे हैं। मेले में आसपास के ग्रामीण भी अपने ताजिए लाते हैं। ताजिए की लंबाई भी चालीस से पचास फीट रहती है। 7 जुलाई को मुहर्रम है। इस बार ताजिये के निर्माण को लेकर बिलसंडा पुलिस रुकावट पैदा कर रही है। पांच से छह फीट के ताजिए बनाने का दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस का हस्तक्षेप रोकने के लिए उचित आदेश देने की मांग की गई। शिकायत करने वालों में अफसर शाह, हनीफ, अशफाक, सरताज अली, अब्दुल वशीर, हजरत शाह आदि थे।

# पुरातन छात्र समारोह में कई सम्मानित

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** एचआरपी डिग्री कॉलेज में बुधवार को दूसरा पुरातन छात्र समारोह का आयोजन किया गया। 2016 से 2024 तक के छात्र-छात्राओं ने उपस्थिति दर्ज कराई। प्राचार्य डॉ. वंदना शर्मा, प्रबंधक मुकेश कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई।

छात्रा शिवानी, रूबी, दीक्षा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। परिचय सत्र में आए करीब 70 छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए। छात्रा अनुष्का गुप्ता, जो 2024 की महाविद्यालय की टापर रहीं, उन्होंने बताया कि वह सिविल सर्विस की तैयारी कर रही हैं। छात्र कुलदीप ने कहा कि वह सीएससी के डायरेक्टर बन गए हैं। पहले बैच की छात्रा सरस्वती उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित



एचआरपी डिग्री कॉलेज में मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक। ● अमृत विचार

- **एचआरपी डिग्री कॉलेज में आयोजित किया गया कार्यक्र**

हो गई हैं। दूसरे बैच की छात्रा रेखा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर में नियुक्ति पाई है। छात्रा दिव्या, इशिता गोयल, भूमिका त्रिपाठी, नेहा पाठक शिक्षक बनीं। छात्रा पूजा वर्मा ने यूपीटेट व बिहार टेट उत्तीर्ण करके प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। बीकॉम प्रथम बैच की छात्रा शिखा बी महाविद्यालय परिसर में कार्यालय सहायक पद पर सेवाएं दे रही हैं। छात्रा निमिष पाल ने भी कथक नृत्य की प्रस्तुति, पारस शर्मा की शलोक प्रस्तुति व छात्र केशव कुमार ने रामचरितमानस की चौपाई प्रस्तुत की। सूर्य प्रकाश व अंजलि गंगवार ने एक गेम आयोजित किया, जिसमें प्रथम स्थान प्रियंका, द्वितीय स्थान पवन कुमार, तृतीय स्थान ममता शर्मा ने प्राप्त किया। उन्हें पुरस्कृत किया गया। प्रवक्ता डॉ. मोहम्मद इलियास, राकेश कुमार गर्ग ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन चीफ प्रॉक्टर कौशल कुमार गंगवार ने किया।

## शिव सरोवर में भक्तों ने लगाई डुबकी

**बिलसंडा, अमृत विचार:** अमावस्या पर बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने छोटी काशी के रूप में प्रख्यात गांव लिलहर स्थित शिव सरोवरों में आस्था की डुबकी लगाई। भगवान नीलकंठ के मंदिर में प्रसाद चढ़कर मनौतियां मांगी। शिव सरोवर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। प्रत्येक मास की अमावस्या पर यहां मेला भी लगता है, जिसमें दूरदराज से भारी तादाद में भक्तगण यहां पहुंचते हैं। लिलहर मेले में बिकने वाली जलेबी की अनोखी खासियत है। यहां पर आने वाला हर भक्त जलेबी जरूर लेता है या तो वह खाता है या फिर अपने साथ घर ले जाता है। चाट की दुकानों पर भी भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने पवित्र शिव सरोवर में स्नान करने के उपरांत भगवान नीलकंठ बाबा के मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर मनौतियां भी मांगी और दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# वनों की स्थापना को कार्ययोजना बनाकर करें कार्यवाही

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** डीएम की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने विशिष्ट वनों की स्थापना के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही लोक निर्माण विभाग को वृक्ष से आच्छादित कॉरिडोर विकसित करने के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में बुधवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में पौधों की उपलब्धता, लक्ष्य, कंट्रोल रूम की स्थापना, नर्सरी, माईक्रोप्लान की स्थिति आदि की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि पौधरोपण कार्यक्रम को जन आंदोलन बनाने को जनसहभागिता प्राप्त करने के लिए सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, सामाजिक संगठनों, उद्यमियों आदि को प्रेरित किया जाये। सभी पौधरोपण अभियान को सफल बनाने के लिए तन, मन, धन से अपना योगदान दें। संबंधित अधिकारियों को


गांधी सभागार में वृक्षारोपण समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

निर्देश दिए कि पौधरोपण अभियान के तहत अटल वन, एकता वन, एकलव्य वन, त्रिवेणी वन, शौर्यवन, गोपाल वन आदि विशिष्ट वनों की स्थापना के लिए कार्ययोजना बनाते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाए। कहा कि इलेक्शन मोड में पौधरोपण कराया जाना है, जिसके लिए अमृत सरोवर, ग्राम समाज, सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों की भूमि चिह्नित की जा रही है। उन्होंने लोक निर्माण

- **जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में डीएम ने समीक्षा कर दिए निर्देश**

विभाग को किसी एक विशेष वृक्ष से आच्छादित कॉरिडोर विकसित करने के भी निर्देश दिये। साथ ही विशेष अवसरों जैसे जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, कन्या जन्म आदि पर पौधे लगाए जाने की परपंरा को बढ़ाया जाए। डीआईओएस को निर्देश दिए कि विद्यालयों में रोपित किये जाने वाले पौधों का महत्व छात्र-छात्राओं को बताते हुए उन्ही से पौधे रोपित कराये जाएं। बैठक में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, डीएफओ भरत कुमार डीके, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय कुमार, एआर सहकारिता प्रदीप कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।


VARUN ARJUN UNIVERSITY
V.A.U. The path to education
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSION OPEN
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026
ADMISSION OPEN

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy) | Candidate must have passed three years undergraduate | 3 Years |
| M.Sc. (Medical Biochemistry) | Program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) With | |
| M.Sc. (Medical Microbiology) | Biological Sciences as one of the Subject or MBBS, BDS, | |
| M.Sc. (Medical Physiology) | BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. | |
| M.Sc. (Medical Pharmacology) | Nursing Must have Passed from a recognized University. | |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M With Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (With English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : principal.vacps@vau.edu.in


# शादी अनुदान: लंबित आवेदनों का सत्यापन कराने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** डीएम की अध्यक्षता में जनपदीय विवाह अनुदान स्वीकृति समिति की बैठक हुई, जिसमें पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने अब तक ऑनलाइन प्राप्त हुए आवेदनों की जानकारी दी गई। डीएम ने पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों का तत्काल सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी के लिए आर्थिक सहायता योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के क्रियान्वयन को लेकर बैठक हुई। जिसमें जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया कि शादी अनुदान योजना में वित्तीय वर्ष में अभी तक कुल

- **जनपदीय विवाह अनुदान स्वीकृति समिति की हुई बैठक**

1540 आवेदन लाभार्थियों द्वारा ऑनलाइन किए गए हैं। जिसके सापेक्ष एसडीएम और बीडीओ द्वारा 804 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया है। इसमें 112 आवेदन पत्रों को निरस्त और 624 आवेदन पत्र पोर्टल पर लंबित है।

बताया गया कि वित्तीय वर्ष में उक्त योजना में निदेशालय स्तर से 778 लाभार्थियों के लिए 155.60 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। बैठक में डीएम ने पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए। बैठक में बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### 20 दिव्यांगों ने सहायक उपकरण के लिए कराया पंजीकरण



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से बुधवार को विकास खंड सभागार मे कैंप आयोजित किया गया। इसमें 20 दिव्यांगजनों ने सहायक उपकरण के लिए पंजीकरण कराया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने बताया कि शिविर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण के लिए चिह्निकरण के साथ पंजीकरण किये गये। जिसमे बारह लोगों को ट्राई साइकिल, पांच लोगों को बैसाखी व तीन लोगों ने कान की मशीन के लिए पंजीकरण कराया है। शिविर में दिव्यांगजन कल्याण विभाग से लेखाकार दुर्वेश सिंह, टेक्नीशियन वीरेंद्र पाल सिंह, उमाचरन आदि मौजूद रहे। अंत में बताया कि जो लाभार्थी पंजीकरण के लिए रह गए हैं, वे गुरुवार को नगर पंचायत बरखेड़ा कार्यालय पर आयोजित होने वाले शिविर में अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### दो वाहन सीज, सात का किया चालान

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बुधवार सुबह विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मार्ग से गुजर रहे वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान तीन माल वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक का परिवहन करते पाए गए। दो वाहन सीज किए गए, जबकि एक का चालान किया गया। तीन अन्य माल वाहन बिना टैक्स जमा किए संचालित होते मिले। उनका भी चालान किया गया। तीन वाहन बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट मिलने पर चालान किए गए। एआरटीओ ने बताया कि दो वाहन सीज किए गए और सात का चालान करते हुए 1,08,000 रुपये प्रशमन शुल्क वसूला गया है।

# काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर विद्यार्थियों को दिखाई लघु फिल्म

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर लघु फिल्म दिखाई गई।

फिल्म के प्रसारण से पहले कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमंत जगोता ने कहा कि स्वतन्त्रता संग्राम और क्रान्तिकारी आन्दोलन, दोनों ही भारतीय स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष के महत्वपूर्ण अंग थे। क्रान्तिकारी आन्दोलन जो 1857 से 1947 तक चले उनमें से एक काकोरी ट्रेन एक्शन के नाम से जाना जाता है। इस घटना ने स्वतन्त्रता आन्दोलन में नई जान फूंक दी और ब्रिटिश सरकार को हिला कर रख दिया था।

प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश


कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

सरकार स्वाधीनता संग्राम के इतिहास के एक अहम अध्याय के एक शताब्दी पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष के रूप में सम्पूर्ण वर्ष मनाने की घोषणा की गई है। इससे घटना की महत्वता का पता चलता है। इस मौके पर पिंकी, माधुरी, हर्षित, अंजलि, शिखा, शिवम, रूबी सागर, अनीशा सना, ईशा, स्नेहा, राजपाल, डॉ. कृष्णा शर्मा, शाहिद खान, आलोक उपाध्याय, अंग्रेज कौर, संगीता गंगवार, महक तबस्सुम, कविशा कनौजिया, सोनिया सिंगला, कुसुम लता आदि मौजूद रहे।

### एसपी के आदेश पर धमकाने की रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम खमरिया के निवासी अनवार हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कई सालों से उनके मोबाइल नंबर पर अलग-अलग नंबरों से धमकी मिल रही है। कॉल करने वाला गाली गलौज करता है। वह मजदूरी के लिए अक्सर बाहर जाते हैं। इन धमकियों के चलते नौ माह से अधिक समय से काम पर नहीं जा सका है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### पड़ोसी से झगड़े के बाद लापता हुआ युवक

**पूरनपुर, अमृत विचार :** एक सप्ताह पूर्व पड़ोसी से हुए विवाद के बाद युवक लापता हो गया। घर न लौटने से परिजन परेशान है। बता दें कि नगर के मोहल्ला बमनपुरी के बब्लू पुत्र ईश्वरी का 16 जून की रात पड़ोसी से झगड़ा हो गया था। इस दौरान पड़ोसी उसे मारने के लिए पीछे दौड़ा। बब्लू उनसे बचने के लिए भाग गया। फिर घर नहीं लौटा। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।





## शहर में आज

- बिलसंडा के गांव मरौरी खास स्थित आदि शक्ति मां जगदंबे के प्राचीन मंदिर में महायज्ञ सुबह 10 बजे।
- भारतीय योग संस्थान की ओरे अशोक कॉलोनी ग्राउंड पर योग शिविर सुबह 5 .30 बजे।
- कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में संवाद दोपहर 12 बजे।

## एक नजर

### टैक्सी चालक की कर दी पिटाई, दो का चालान

**बीसलपुर, अमृत विचार :** बरेली से अखबार लेकर आ रही चार पहिया गाड़ी में सवार होकर दो युवक बीसलपुर आए। टैक्सी चालक महेंद्रपाल ने बताया कि वह मंगलवार रात में बरेली से अखबार लेकर बीसलपुर होते हुए शाहजहांपुर जा रहे थे। उसे बरेली सेटेलाइट पर दो युवक मिले, जिन्हें बीसलपुर आना था। वह गाड़ी में बैठ गए। बीसलपुर आने पर गाड़ी से उतरने के बाद वह लोग अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर डंडे से वार कर घायल कर दिया। एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद दूसरे युवक को भी कोतवाली बुलाया। दोनों युवक ईटगांव के रहने वाले थे। दोनों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाया, गंभीर

**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद निवासी जय सिंह ने घरेलू विवाद के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी कुछ ही देर में तबीयत बिगड़ गई। परिवार वाले उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। युवक को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पीड़िता के आत्मदाह के प्रयास के बाद एक्शन, एसओजी टीम लाइन हाजिर

## एसपी की ओर से की गई कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- महिला से घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ और लूट का है आरोप

**अमृत विचार:** घर में घुसकर छेड़छाड़, मारपीट और लूटपाट के संगीन आरोप में घिरी एसओजी टीम पर आखिरकार गाज गिर ही गई। पीड़िता के बीते दिनों लखनऊ में आत्मदाह का प्रयास करने के लिए पहुंचने के बाद मामला तूल पकड़ा और फिर एसपी ने संज्ञान लेते हुए पूरी टीम को लाइन हाजिर कर दिया है। इंस्पेक्टर समेत पांच पुलिसकर्मियों पर की गई कार्रवाई के बाद खलबली मच गई है।

घटना थाना हजारा क्षेत्र के एक गांव की है। क्षेत्र की एक महिला के अनुसार 23 अप्रैल को वह अपनी बहन के साथ घर में सो रही थी। इस दौरान बिना नंबर प्लेट की गाड़ी से छह लोग उसके घर देर रात आ धमके। आरोप है कि घर में घुसकर चारपाई से नीचे गिरा दिया और अश्लील हरकतें की। बहन के विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी। असलहा के बल पर सोने के आभूषण लूटने का आरोप भी लगाया। सुबह महिला ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। उसके बाद महिला ने एसपी और पुलिस महानिदेशक से शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। महिला खुद को मीडिया कर्मी बताती है।

पुलिस अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर महिला सोमवार को लखनऊ पहुंची और आत्मदाह की कोशिश की थी। मामला तूल पकड़े जाने के बाद से ही एसओजी टीम पर कार्रवाई तय मानी जा रही थी। एसपी अभिषेक यादव ने एसओजी टीम को लाइन हाजिर कर दिया है। इसमें इंस्पेक्टर क्रांतिवीर सिंह, मुख्य आरक्षी अजब सिंह, सिपाही कुलदीप, शाहनवाज और अजय चौधरी लाइन हाजिर किए गए हैं।

### पीड़िता के आज दर्ज होंगे बयान

**पूरनपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री आवास के बाहर आत्मदाह का प्रयास किया था। उसके बाद एसओजी टीम पर कार्रवाई की जा चुकी है। तीसरे दिन महिला के देर से पहुंचने पर बयान दर्ज नहीं नहीं हो सके। गुरुवार को पुलिस महिला के बयान दर्ज करेगी। मंगलवार को पुलिस महिला को लेकर लखनऊ से वापस लौटी। सीतापुर में गाड़ी खराब होने पर महिला और उसके परिजन वहीं ठहरे। बुधवार को वह अपने घर पहुंच गई।

### एसओ हजारा पहले ही हो चुके लाइन हाजिर

इस मामले में तत्कालीन एसओ हजारा पर भी पीड़िता की ओर से आरोप लगाए गए थे, जिन्हें पूर्व में ही लाइन हाजिर कर दिया गया था। बताते हैं कि पुलिस बिना पीड़िता का बयान लिए ही दर्ज की गई एफआईआर में फाइनल रिपोर्ट लगाने की तैयारी कर चुकी थी। इसी के बाद पीड़िता लखनऊ अपने भाई संग आत्मदाह करने के लिए पहुंची थी। अब एसओजी टीम पर हुई कार्रवाई को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### जिले के प्रभारी मंत्री से भी की गई थी शिकायत

इस मामले में एफआईआर न होने पर पीड़ित पक्ष ने जिले के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख से भी शिकायत की थी। रामपुर में मुलाकात करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित शिकायत पत्र सौंपा था। बताते हैं कि इसके बाद एफआईआर तो दर्ज की गई, लेकिन उस तहरीर में अज्ञात के तौर पर आरोपी शामिल कराए गए गए थे। एसओजी टीम के घटना की रात महिला के घर पहुंचने के पीछे कारण को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं तेज रही थीं।

## एसपी के आदेश पर पति समेत चार पर एफआईआर

**दियोरियाकलां , अमृत विचार:** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बढ़ैरा निवासी रोली गंगवार पुत्री आनंद पाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी दो मई 2023 को टनकपुर (उत्तराखंड) के वार्ड नंबर पांच के निवासी विवेक कुमार पुत्र रामपाल से हुई थी। ससुर रामपाल, पति विवेक कुमार, ननद पूजा रानी,ननदोई राजकुमार दिए गए दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे। अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये और बुलेट की मांग कर रहे थे। इसके पूरा न होने पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। सादा कागज पर हस्ताक्षर कराकर जेवर छीने और पीटकर घर से निकाल दिया। मामला परिवार परामर्श केंद्र भी गया, लेकिन सुलह नहीं हो सकी। आरोप है कि मायके आकर भी मारपीट की गई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# केंद्रीय के हस्तक्षेप के बाद अंडरपास बनने की जगी आस

संवाददाता, पूरनपुर

- रेल मंत्री ने संबंधित अधिकारी को दिए दौरा करने के निर्देश

**अमृत विचार:** रेलवे क्रासिंग से आवागमन करना लाइन पार रहने वाले बाशिंदों के लिए मुसीबत बना है। भाजपा नेता ने केंद्रीय राज्यमंत्री से अंडरपास बनाने की मांग की। केंद्रीय राज्यमंत्री ने रेल मंत्री से पत्राचार किया। अब जल्द ही संबंधित अधिकारी अंडरपास बनाए जाने के लिए पूरनपुर का दौरा करेंगे।

ब्राडगेज रेल सेवा शुरू होने से लोगों को काफी सहूलियत मिलने लगी है। अभी और ट्रेनों का संचालन बढ़ेगा। कस्बे से रेलवे लाइन पार करने के लिए माधोटांडा और शेरपुरकलां रोड पर रेलवे क्रासिंग बने हुए हैं। ट्रेनों के गुजरने के दौरान क्रॉसिंग बंद रहने से लंबा जाम लगता है। इससे सर्वाधिक परेशानी रेलवे लाइन के पार बसे साहूकारा मोहल्ले वासियों को होती है। ट्रेनों की संख्या बढ़ने पर स्थिति और बदतर हो जागी। इससे स्कूल जाने वाले बच्चे, मरीज और समय पांबद कार्यालयों में कार्यरत लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ब्राडगेज रेलवे लाइन बिछाए जाने के दौरान ही लोगों ने साहूकारा मोहल्ले में आवगामन के लिए अंडर पास बनाने की मांग रखी थी। धरना प्रदर्शन भी हुए, लेकिन इस समस्या का हल नहीं हो सका। हाल ही में भाजपा नेता रवि यादव ने केंद्रीय राज्यमंत्री और जिले के सांसद जितिन प्रसाद को पत्र भेजकर इस समस्या से अवगत कराते हुए समाधान कराने की मांग की।

सांसद ने समस्या को गंभीरता लेकर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखा और क्रसिंग से रोजाना अवागमन करने वालों की सुविधा के लिए अंडर पास बनवाने का आग्रह किया था। रेल मंत्री ने संबंधित अधिकारी को अंडर पास बनाए जाने के लिए पूरनपुर क्षेत्र का दौरा करने को निर्देशित किया है। उन्होंने पूरनपुर रेलवे स्टेशन के पास अंडर पास बनाने के लिए उपयुक्त जगह का निरीक्षण करने की बात कही है। अंडर पास बनने के बाद करीब 50 हजार आबादी को फायदा मिल सकेगा।

# सड़क हादसे में घायल होमगार्ड की गई जान

संवाददाता, बरखेड़ा

- बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पतरासा कुंवरपुर का था रहने वाला
- अस्पताल से जवाब दिए जाने के बाद घर ले आए थे परिवार वाले

**अमृत विचार:** एक माह पूर्व सड़क हादसे में घायल हुए होमगार्ड की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक सप्ताह पूर्व परिवार वाले डॉक्टरों के जवाब देने पर होमगार्ड को घर ले आए थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार में होमगार्ड की मौत के बाद चीख पुकार मची रही।


मृतक होमगार्ड मेवाराम।

थाना क्षेत्र के गांव पतरासा कुंवरपुर निवासी 58 वर्षीय होमगार्ड मेवाराम 29 मई की सुबह घर से स्कूटी पर सवार होकर पीलीभीत में स्थित एक इंटर कॉलेज में ड्यूटी करने जा रहे थे। बरखेड़ा पीलीभीत मार्ग पर गांव पौटाकलां और पुलिस चौकी जिरौनिया के बीच पहुंचते ही टेंपो ने टक्कर मार दी। जिसमें होमगार्ड घायल हो गए। 112 पुलिस ने घायल होमगार्ड को सीएचसी बरखेड़ा भिजवाया। हालत गंभीर होने पर होमगार्ड को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां से रेफर किए जाने पर परिजन बरेली ले गए। वहां पर कई दिन इलाज चला। इसके बाद टिकरी माफी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने करीब एक सप्ताह पूर्व होमगार्ड को घर भेज दिया था, जिसके बाद घर पर ही दवा चल रही थी। मंगलवार देर शाम घायल होमगार्ड की घर पर मौत हो गई। इसकी सूचना परिवार ने पुलिस को दी। बरखेड़ा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कोर्ट के आदेश पर हत्या की एफआईआर

**बीसलपुर, अमृत विचार:** कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें पति समेत पांच लोगों को आरोपी बनाया है।

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव निवासी प्रमोद कुमार ने दर्ज की गई रिपोर्ट में बताया कि उसकी पुत्री प्रिंसी की शादी 11 मई 2018 को सिमरा अकबरगंज निवासी प्रवेश कुमार से हुई थी। ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। उसे मानसिक और शारीरिक तौर पर प्रताड़ित करते थे। पति प्रवेश कुमार ,दिनेश कुमार, उसकी पत्नी, नरेश कुमार व रेनू गंगवार पत्नी वीरपाल ने आरोप है कि प्रिंसी को जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर जब पहुंचे तो विवाहिता मृत मिली। ससुराल वाले भाग गए थे। शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हुई, बिसरा प्रिजर्व कर दिया गया। इसके बाद पुलिस कार्रवाई टालती रही, जिसके बाद कोर्ट की शरण ली गई। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने के प्रबंधन पर कवायद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



- प्रदेश की पहली जिला मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन समिति की बैठक आज
- डीएम की अध्यक्षता में होगी बैठक, पुलिस, विकास, कृषि एवं विद्युत विभाग के अफसर रहेंगे शामिल

**अमृत विचार:** प्रदेश की पहली जिलास्तरीय मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन समिति की बैठक पीलीभीत में होगी। डीएम की अध्यक्षता में होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक में संबंधित विभागों के साथ समन्वय करते हुए जनपद में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के प्रबंधन पर चर्चा की जाएगी। बैठक में पुलिस, विकास, कृषि एवं विद्युत विभाग के अफसर भी मौजूद रहेंगे।

पीलीभीत के जंगल को जून 2014 में संरक्षित करते हुए टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। खास बात यह है कि उस दौरान आनन-फानन में जंगल को टाइगर रिजर्व तो घोषित कर दिया गया, मगर जिम्मेदार जंगल से सटे गांवों की सुरक्षा एवं जरूरी संसाधन देना ही भूल गए। नतीजा यह हुआ कि बाघों की संख्या बढ़ने और जंगल क्षेत्र का दायरा सीमति होने के कारण बाघ जंगल के बाहर निकलने लगे और इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं भी तेजी से बढ़ने लगी। गत वर्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर सख्ती बरतते हुए वनमंत्री को तत्काल पीलीभीत जाकर बैठक करने के निर्देश दिए थे। उसके बाद वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में गांधी सभागार में बैठक भी हुई थी। बैठक में वनमंत्री के समक्ष जिला मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन समिति का गठन करने का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर तत्कालीन डीएम संजय कुमार सिंह ने भी सहमति जताई, जिसके बाद पीलीभीत में प्रदेश की पहली जिलास्तरीय मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन समिति का गठन किया गया था। हालांकि इसके बाद चार बार जिलास्तरीय मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन समिति की बैठक का कार्यक्रम तय किया गया, मगर चारों बार अलग-अलग कारणों के चलते बैठक स्थगित होती रही।

### कई विभागों के जुटेंगे अफसर

बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में वन महकमे के साथ अन्य कई विभागों की भूमिका आवश्यक होती है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 26 जून को जिला मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन समिति की पहली बैठक होने जा रही है। बैठक में जनपद में मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने एवं इसके प्रबंधन पर चर्चा की जाएगी। इसमें पुलिस, विकास, कृषि एवं पॉवर कारपोरेशन आदि विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इसमें जंगल से सटे गांवों में प्राथमिकता के आधार पर आवास देने, गांवों के अंदर प्रकाश व्यवस्था, गांवों के आसपास जंगल-झाड़ी की साफ-सफाई आदि बिंदुओं पर मंथन किया जाना है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि प्रदेश में इस तरह की पहली बैठक पीलीभीत में होने जा रही है। फिलहाल बैठक में जनपद में चल रहे मानव वन्यजीव संघर्ष को किस प्रकार से कम कर सकते हैं, कैसे उसका मैनेजमेंट करें, इस पर मंथन होना है। बैठक में एसपी, सीडीओ, डीडी पीटीआर, डीएफओ सामाजिक वानिकी, सीएमओ, डीपीआरओ, डीसीओ, कृषि एवं पॉवर कॉरपोरेशन आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# घटिया क्वालिटी का नमक कर रहा बीमार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम से की गई शिकायत, बिक्री रोकने की मांग, एक कंपनी के तीन ब्रांड के नमूने हो चुके फेल
- एक साल में 127 से अधिक नमूने हो चुके हैं फेल

**अमृत विचार:** शहर समेत जिलेभर में बिना आयोडीन के घटिया क्वालिटी के नमक की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई है। डीएम से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। डीएम ने इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट को जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

शहर के बल्लभनगर कॉलोनी के रहने वाले शशांक मिश्रा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से शिकायत की। जिसमें बताया कि शहर समेत जिलेभर में घटिया क्वालिटी का नमक खुलेआम बेचा जा रहा है। आरोप है कि इसमें आयोडीन की मात्रा मानक के अनुरूप नहीं है। कई नमक ऐसे भी बेचे जा रहे हैं, जिसका इस्तेमाल इंसानों के लिए प्रतिबंधित है। कई ब्रांडेड कंपनियों के मिलते-जुलते नाम से भी घटिया नमक बेचा जा रहा है। बीते कुछ समय में खाद्य सुरक्षा और प्रशासन द्वारा की गई सैंपलिंग की रिपोर्ट में नमक की गुणवत्ता मानक के विपरीत भी पाई जा चुकी है।

आरोप लगाया कि राजस्थान की पंकज कंपनी के तीन नमक स्वागत, टीटू, मोर के सैंपल फेल हो चुके हैं। एक साल के अंदर नमक के 127 से अधिक नमूने फेल हो चुके हैं। बिना आयोडीन का घटिया क्वालिटी का नमक गुर्दे से लेकर हार्ट की बीमारियों की वजह बनता है। इसके बावजूद घटिया नमक का व्यापार खुलेआम किया जा रहा है। जिन कंपनियों के सैंपल फेल हो चुके हैं। उनकी भी सप्लाई लगातार हो रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस नमक की बिक्री करने वाले बिना बिलिंग के कारोबार कर रहे हैं, जिससे आयकर की भी चोरी हो रही है। इसकी जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### पूर्व में भी हो चुकी हैं शिकायतें

बता दें कि खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी खासकर बिना आयोडीन के नमक की बिक्री को लेकर पूर्व में भी शिकायतें हो चुकी है। इसे लेकर शिकायतों के बाद सैंपलिंग कराई जा चुकी है। अधिकांश नमूने भी फेल हो गए थे। एक नमक तो ऐसा भी सामने आया था, जिसमें आयोडीन युक्त होने की बात तो पैकेट पर लिखी हुई थी, लेकिन व्यापारी खुद स्वीकारते रहे थे कि इसमें आयोडीन नहीं है। इसे इंसानों के इस्तेमाल का न होने की बात कही गई। खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान चलाकर कार्रवाई की बात कही, लेकिन बाद में कोई ठोस एक्शन नहीं लिया जा सका था।

# तीन दिन बाद नहर से बरामद हुआ उत्तराखंड के युवक का शव

संवाददाता, अमरिया

- अमरिया पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, परिवार में मचा कोहराम
- 21 जून की रात पारिवारिक कलह में युवक ने देवहा फीडर नहर में लगाई थी छलांग

**अमृत विचार :** पारिवारिक कलह के बाद नहर में छलांग लगाने वाले उत्तराखंड के युवक का शव तीन दिन बाद अमरिया क्षेत्र में करगैना गांव के पास नहर से बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव मिलने के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।


मृतक राजराम।

उत्तराखंड के खटीमा थाना क्षेत्र के ग्राम मझोला के रहने वाले राजाराम (42) पुत्र उमाशंकर बीते शनिवार की रात पारिवारिक कलह के बाद घर से निकले और देवहा फीडर नहर में छलांग लगा दी थी। घटना की सूचना मिलने पर उत्तराखंड की सत्रह मील चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की थी। इसके बाद से नहर में युवक की तलाश की जा रही थी। मगर कुछ पता नहीं चल सका था। तीन दिन बाद बुधवार सुबह राजाराम का शव अमरिया क्षेत्र के ग्राम करगैना के पास नहर में उतराता मिला। नहर में शव देख कुछ ही देर में ग्रामीण जमा हो गए। सूचना मिलने पर अमरिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर छानबीन की, जिसके बाद शव की शिनाख्त राजाराम के रूप में हुई। उसके परिवार वाले भी आ गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। मृतक के तीन पुत्री और दो पुत्र हें। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। अमरिया पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कलेक्ट्रेट परिसर और सटे क्षेत्र में किए धार्मिक निर्माणों की हो जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


डीएम को ज्ञापन देते अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता।

- अखिल भारत हिंदू महासभा ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**अमृत विचार:** अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा की अगुवाई में कार्यकर्ता बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह से मुलाकात कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें कलेक्ट्रेट परिसर और उससे सटे क्षेत्र में किए गए अवैध धार्मिक निर्माणों की जांच कराने की मांग की गई।

डीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राजस्व ग्राम दियुनी केसरपुर (अंदर चुंगी) के गाटा संख्या 465 पर एक मस्जिद का निर्माण कर दिया गया है, जबकि यह भूमि राजस्व अभिलेखों में नॉन-जेड ए के रूप में दर्ज है, जिसका अर्थ है कि इसका न तो कोई वैध निजी स्वामी है और न ही अधिकृत उपयोग की अनुमति प्राप्त है। ऐसे में इस भूमि पर धार्मिक स्वरूप का निर्माण नियमों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। इसी प्रकार, कलेक्ट्रेट से सटे ऑफिसर्स कॉलोनी क्षेत्र में गाटा संख्या 435 पर एक मजार का निर्माण भी कराया गया है। इस मजार की कोई स्पष्ट कानूनी स्थिति, स्वामित्व और प्रशासनिक स्वीकृति नहीं है। इससे यह भी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की श्रेणी में आता है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष राजस्व अभिलेखों के आधार पर जांच कराने की मांग की। कहा कि अगर निर्माण अवैध पाए जाएं तो विधिक प्रक्रिया के तहत उन्हें हटवाया जाए। इस मामले में कोई कार्रवाई ना होने पर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, आयुष सक्सेना, गौरव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के ई-रिक्शे किए जाएंगे वापस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने के लिए खरीदे गए ई-रिक्शे।

- 20 लाख रुपये की लागत से खरीदे गए थे 10 ई-रिक्शा
- चलने से पहले होने हो गए खराब, ढक्कन टूटे तो किसी का हैंडल

**अमृत विचार :** शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए 20 लाख रुपये की लागत से खरीदे गए 10 ई-रिक्शा अब कबाड़ बनने की कगार पर पहुंच गए हैं। ई-रिक्शों की हालत यह है कि ये चलने से पहले ही खराब होने लगे। कुछ ही दिन में हैंडल उखड़ने लगे तो कहीं ढक्कन टूट गए। गुणवत्ता की अनदेखी और बिना तकनीकी जांच की गई खरीदारी अब नगर पालिका के लिए सिरदर्द बन गई है। परिणामस्वरूप, अब इन ई-रिक्शों को वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

बता दें कि ढाई लाख की आबादी वाले शहर में कुल 27 वार्ड के मोहल्लों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराने के लिए ई-रिक्शा खरीदने का प्रस्ताव बनाया गया था। प्रस्ताव को स्वीकृति होने के बाद बरेली की एक फर्म को यह टेंडर दिया गया था। एक ई-रिक्शा की लागत करीब दो लाख रुपये तय हुई थी। इस हिसाब से 20 लाख रुपये से 10 ई-रिक्शा खरीदे गए थे। ठेकेदार की ओर से ई-रिक्शा देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली थी, जो अभी चलना शुरू नहीं हुए। मगर खड़े-खड़े ही ई-रिक्शा में खराबी आना शुरू हो गई है। आलम यह है कि किसी का हैंडल ढीले पड़ने के साथ टूटने लगे। वहीं ढक्कन भी चटक गए। लोड होने से पहले बॉक्स की चादर टूटने लगी। इसकी शिकायत मिलने पर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने सफाई निरीक्षक साबिर अली को तलब किया। उन्होंने सफाई निरीक्षक को ई-रिक्शा ठेकेदार को वापस करने के निर्देश दिए। इसको लेकर नगरपालिका की ओर से फर्म ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए ई-रिक्शा वापस ले जाने के लिए कहा है। साथ ही मानक के अनुरूप ई-रिक्शा की सप्लाई देने के लिए कहा गया है। अध्यक्ष ने बताया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए ई-रिक्शा खरीदे गए थे। फर्म ने जो रिक्शे दिए थे, उनकी गुणवत्ता खराब पाई गई है। संबंधित ठेकेदार को ई-रिक्शा वापस किए जा रहे हैं।

## एसपी के आदेश पर दहेज उत्पीड़न की रिपार्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बाइक और दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। आरोप है कि पति ने धोखाधड़ी कर दूसरी शादी कर ली। एसपी के आदेश पर न्यूरिया पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम सैदपुर निवासी पूनम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 17 जून 2021 को मोहल्ला दुर्गाप्रसाद के देवेंद्र पुत्र रामऔतार से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। अतिरिक्त दहेज में बाइक और दो लाख रुपये की मांग की। इसके पूरा न होने पर मारपीट शुरू कर दी। पति देवेंद्र,सास माया देवी,ससुर रामऔतार,जेठ राजेश,राकेश उसको आए दिन प्रताड़ित करते थे। आठ सितंबर 2021 को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तहसील से निकलने के कई रास्ते, नहीं दिखा चोर

संवाददाता, पूरनपुर

- पुलिस ने स्टांप बेंडर की ओर से अज्ञात पर दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार:** तहसील से स्टांप वेंडर का नकदी से भरा बैग चोरी होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। तहसील से बाहर निकलने के कई रास्ते हैं। पुलिस ने सभी रास्तों पर लगे सीसीटीवी खंगाले, लेकिन कोई क्लू नहीं मिल सका है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि मंगलवार को तहसील परिसर में ई स्टांप वेंडर शान मोहम्मद के चैंबर से बैग चोरी हो गया था। बैग में 2.75 लाख रुपये, टिकट और स्टांप सीट रखी हुई थी। अधिवक्ताओं के चैंबरों के बीच और व्यस्ततम स्थान होने के बावजूद चोरी होने से अधिवक्ताओं में नाराजगी दिखी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने अधिवक्ताओं से जानकारी ली और घटना की अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

पुलिस ने समस्त रास्तों पर सीसीटीवी फुटेज चेक की, लेकिन कोई खास क्लू नहीं मिल सका। तहसील से रजिस्ट्री कार्यालय, नई तहसील, कोतवाली रोड, सीएचसी रोड सहित बाहर जने के कई रास्ते हैं। इन सभी रास्तों पर लगे कैमरों की फुटेज खंगाल ली गई है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## तालाब किनारे मिला युवक का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज के पास स्थित तालाब किनारे एक युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

बुधवार सुबह मेडिकल कॉलेज के बाहर स्थित मेडिकल स्टोर के पास तालाब किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। जब मेडिकल स्वामी दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो उनकी नजर शव पर पड़ी। मृतक करीब 30 वर्ष का था। सूचना मिलते ही कोतवाल राजीव कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव की शिनाख्त के लिए मेडिकल कॉलेज के वार्ड और अन्य जगह फोटो दिखाए गए। मगर, कुछ पता नहीं चल सका।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

सैयद उम्मे कुल्सुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# बाबू का संबद्धीकरण निरस्त करने की मांग

## सफाई कर्मचारी संघ का प्रदर्शन, सीडीओ को सौंपा ज्ञापन, मांग पूरी न होने पर कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


विकास भवन में नारेबाजी कर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व सफाईकर्मी। ● अमृत विचार

- विकास भवन परिसर में एकत्र होकर की नारेबाजी सफाईकर्मियों ने जताया विरोध

**अमृत विचारः** डीपीआरओ में तैनात बाबू महेश कुमार का संबद्धीकरण को निरस्त कराने की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन हुआ। सफाई कर्मचारी संघ ने विकास भवन में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। सीडीओ को ज्ञापन सौंपकर उक्त बाबू का संबद्धीकरण निरस्त न होने पर जनपद भर के सफाई कर्मियों द्वारा कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

जिला विकास अधिकारी द्वारा करीब छह दिन पूर्व जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के वरिष्ठ सहायक महेश कुमार को डीपीआरओ कार्यालय से संबद्ध किया गया है। इधर महेश कुमार के संबद्धीकरण की जानकारी लगते ही पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ भड़क उठा। इधर सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में तमाम सफाईकर्मी विकास भवन पहुंचे। यहां पदाधिकारियों की अगुवाई में सफाई कर्मियों ने सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 2011-12 में महेश कुमार को डीपीआरओ कार्यालय से संबद्ध किया गया था। उस दौरान सफाईकर्मियों का स्थापना पटल मिलने के बाद सफाईकर्मियों का उत्पीड़न करने के आरोप में संबद्धीकरण निरस्त कर वापस मूल विभाग में भेज दिया गया था। वर्ष 2020-21 में पुनः सीडीओ के अनुमोदन के बाद उक्त बाबू को डीपीआरओ कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया और सफाई कर्मियों का स्थापना पटल दे दिया गया।

इसके बाद पुनः बाबू ने सफाई कर्मियों का उत्पीड़न शुरू कर दिया। विवादित कार्यशैली को देखते वर्ष 2022 में तत्कालीन डीपीआरओ सुबोध जोशी ने महेश कुमार को पटल से कार्यमुक्त कर दिया था।

बताते हैं कि उस वक्त सफाई कर्मचारियों से सुविधा शुल्क की वसूली से जुड़ा प्रकरण उनके संज्ञान में आया था। मगर कुछ समय बाद ही डीपीआरओ का ट्रांसफर होते ही उक्त बाबू ने सफाई कर्मियों को पटल अपने कब्जे में ले लिया। उस दौरान मामला तत्कालीन डीएम के संज्ञान में भी आया था। जिसके बाद तत्कालीन डीडीओ ने महेश कुमार को डीपीआरओ कार्यालय से विकासखंड बीसलपुर भेज दिया गया।

इधर, तत्कालीन डीएम का स्थानांतरण होते ही फरवरी 2024 में सांठगांठ कर उक्त बाबू ने फिर से डीपीआरओ कार्यालय में अपना संबद्धीकरण करा लिया। मामला अपर मुख्य सचिव पंचायत राज के भी संज्ञान में आया तो उन्होंने महेश कुमार का संबद्धीकरण समाप्त कर मूल विभाग में वापस भेजने के आदेश दिए थे, जिसके बाद बाबू को मूल विभाग में वापस भेज दिया गया।

आरोप है कि सीडीओ केके सिंह का स्थानांतरण होते ही गुमराह कर महेश कुमार ने पुनः डीपीआरओ कार्यालय से सम्बद्धीकरण करा लिया। कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त बाबू बार-बार डीपीआरओ कार्यालय में आने का प्रयास करता रहता है। कर्मचारियों का शोषण करने वाले महेश कुमार का डीपीआरओ कार्यालय से सम्बद्धीकरण समाप्त करते हुए किसी अन्य कर्मचारी को तैनात किया जाए।

ज्ञापन में जल्द संबद्धीकरण समाप्त न होने की दशा में जिले भर के सफाईकर्मियों द्वारा कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। प्रदर्शन करने वालों में जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, जिला महामंत्री अजय बाबू बाल्मीकि, दिनेश भारती, दीनानाथ, माजिद अली आदि सफाईकर्मी थे।

# जनप्रतिनिधियों संग की बैठक स्थानीय समस्याओं पर हुई चर्चा


बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों संग वार्ता करते डीएम व एसपी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- निर्माणाधीन हरदोई ब्रांच नहर पुल और बीसलपुर में फायर स्टेशन निर्माण का उठा मामला
- डीएम-एसपी ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण कर दिया आश्वासन पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में हुई बैठक

**अमृत विचारः** डीएम-एसपी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। जिसमें जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराते हुए निस्तारण का आग्रह किया। जिस पर अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को शीघ्र समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया है।

पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में बुधवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी अभिषेक यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों के द्वारा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया। बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने कंपोजिट स्कूल, फायर स्टेशन निर्माण समेत अन्य समस्याओं से अवगत कराया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर ने निर्माणाधीन हरदोई नहर के पुल निर्माण के कार्यों को तेजी से पूरा करने और निराश्रित गोवंशों को पूरनपुर गोशाला में संरक्षित करने का आग्रह किया। डीएम एसपी ने सभी जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुना और शीघ्र ही समस्याओं का निराकरण कराने को आश्वस्त किया। बैठक में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, एडीएम वित्त ऋतु पूनिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai


मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# विवाहिता से मारपीट, बच्ची को फेंकने का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार :** आठ दिन बाद ससुराल पहुंची विवाहिता का ससुराल वालों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाहिता से मारपीट की गई। तीन माह की बच्ची को पति ने फेंक दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अशरफ खां निवासी ताबिंदा पत्नी फरहान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह आठ दिन मायके में रहने के बाद ससुराल पहुंची थी। आरोप है कि ससुराल में किसी बात को लेकर उसकी पति से कहासुनी हो गई। जिस पर उसके पति ने उसकी तीन माह की पुत्री को उठाकर बेड पर फेंक दिया। जब उसने अपनी पुत्री को बचाने का प्रयास किया। तो पति के अलावा सास गुलशन आरा, ननद सिम्मी, अलबिया और उवेश आ गए। सभी लोगो ने पीड़िता के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# 30 मिनट बारिश, फिर धूप... उमस-कीचड़ से परेशानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


नकटादाना चौराहा से भूरे खां को जाने वाली सड़क पर हुआ जलभराव।


बारिश के बीच गुजरते लोग।

- नाला निर्माण और सफाई अधूरी होने से बनी समस्या, कुछ जगह जलभराव
- बिजली कटौती की समस्या भी बनी रही दिक्कत, होते रहे फाल्ट

**अमृत विचार :** शहर में बुधवार को हुई महज 30 मिनट की बारिश ने तैयारियों की पोल खोल कर रख दी। सुबह से बादल छाए रहे और दोपहर में अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। हालांकि कुछ देर रही। इसके बाद दोबारा धूप निकली। बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में जलभराव और कीचड़ की दिक्कत रही।

बता दें कि वैसे तो मानसून सत्र 15 जून से शुरू हो जाता है, लेकिन जिले में मानसून जैसी बारिश अभी तक देखने को नहीं मिली है। बुधवार सुबह से बादल छाए रहे और उमस बनी रही। दोपहर 12 बजे के बाद झमाझम बारिश शुरु हो गई। आधे घंटे बाद बारिश थम गई। तापमान में गिरावट देखने को मिली। बारिश में लोग गर्मी से राहत पाने के लिए भीगते दिखाई दिए। करीब 10 एमएम बारिश दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। दो बजे के बाद निकली धूप ने उमस बढ़ा दी। जिससे लोग दोबारा परेशान हो गए। इधर, शहर में चल रहे नाला सफाई और निर्माण कार्य लोगों के लिए मुसीबत बने रहे। सड़कों पर फैली निर्माण सामग्री की वजह से रोडवेज, रेलवे स्टेशन रोड, बल्लभ नगर कॉलोनी को जाने वाले मार्ग पर कीचड़ फैल रही। इसके अलावा रामलीला रोड पर भी फिसलन बढ़ गई। आयुर्वेदिक कॉलेज से गौरीशंकर मंदिर को जाने वाले मार्ग पर निर्माण अधूरा होने के कारण वहां जलभराव हो गया। बीएएमएस की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं और श्रद्धालुओं को निकलने में दिक्कत हुई। इतना ही नहीं पुलिया का निर्माण अधूरा होने पर एक कार गड्ढे में धंस गई। जिसको लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। इसके अलावा नाला सफाई में लापरवाही बरतने का भी खामियाजा निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को भुगतान पड़ा। मोहल्ला डालचंद, बेनी चौधरी, मोहम्मद फारुख, फीलखाना, सेंट एलायसियस कॉलेज आदि इलाकों के पास जलभराव हो गया। हालांकि पानी कुछ देर के बाद निकल गया। इसके बाद फैली कीचड़ मुसीबत बनी रही।


गौरीशंकर मंदिर को जाने वाली सड़क के अधूरे निर्माण से हुआ जलभराव।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका ने बताया कि बुधवार को जिस तरह बारिश हुई है, उसे मानसून की पहली बारिश कहा जा सकता है। आधे घंटे में करीब दस एमएम बारिश हुई है। इसके बाद अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27.8 डिग्री दर्ज किया गया। अगले दो दिन तक बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और हल्की बारिश की संभावना है। तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं आएगी, ऐसे में उमस और गर्मी का असर अभी बना रहेगा।

# महायज्ञ से पूर्व निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, बिलसंडा

- मरौरी के मंदिर परिसर में स्थापित की गई शिवलिंग

**अमृत विचारः** गांव मरौरी खास स्थित आदि शक्ति मां जगदंबे के प्राचीन मंदिर में शिवलिंग स्थापित की गई। गुरुवार से मां बगलामुखी महायज्ञ शुरू होगा। इससे पूर्व बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकली गई।

योगी सरोजनाथ के सान्निध्य में महायज्ञ ग्रामीणों के सहयोग से कराया जा रहा है, जो गुरुवार से शुरू होगा। महायज्ञ से पूर्व बुधवार को कलश यात्रा भी धूमधाम से निकाली गई। मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा गांव के समीप बह रही खन्नौत नदी पहुंची, जहां पर महिला श्रद्धालुओं ने कलशों में जल भरा और यज्ञ स्थल लाकर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ स्थापित कराया। कलश स्थापित होने के उपरांत माता मोर भवानी मैया मंदिर में पंचमुखी रुद्राक्ष के शिवलिंग की स्थापना भी की गई। महायज्ञ 26 जून से शुरू होगा।


बिलसंडा में खन्नौत नदी से कलशों में जल भरतीं महिला श्रद्धालु।

# जमीन विवाद में दबंगों का उत्पात पुलिस पर पक्षपात का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीड़ित ने एसपी को सौंपा शिकायती पत्र, डीएम के आदेश की भी अनदेखी

**अमृत विचार :** एक शख्स की कृषि भूमि पर जबरन कब्जा करने प्रयास किया जा रहा है। आरोप है कि पुलिस पक्षपातपूर्ण कार्रवाई कर रही है। डीएम-एसपी से शिकायत कर पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है।

गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम रिछौला निवासी बंटू ने डीएम-एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पिता होरीलाल के नाम गांव में 0.6480 हेक्टेयर भूमि है, जिस पर कुछ लोग कब्जा करना चाहते हैं। पूर्व में भी इसे लेकर विवाद हो चुका है। 14 जून को थाना दिवस में शिकायत की गई थी, जिस पर जमीन की नाप कर सीमांकन कराने के आदेश दिए गए थे। आरोप है कि संबंधित अधिकारियों ने अब तक पैमाइश तक नहीं कराई। आरोप है कि 15 जून को जब वह खेत में धान की रोपाई कर रहे थे, तभी विपक्षियों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस से शिकायत करने के बावजूद पीड़ित के खिलाफ ही शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर दी गई। इसके बाद पीड़ित ने दोबारा डीएम को पत्र सौंपा। 18 जून को डीएम के आदेश पर गजरौला थानाध्यक्ष और हल्का लेखपाल को मौके की जांच करने का निर्देश दिया गया, लेकिन आरोप है कि एक सत्ताधारी नेता के दबाव में पुलिस ने न सिर्फ लेखपाल की रिपोर्ट को नजरअंदाज कर दिया, बल्कि धान की फसल भी उजाड़ दी और विपक्षियों को कब्जा दिलवा दिया गया। आरोप ये भी है कि आरोपी लगातार फर्जी मुकदमों में फंसाने और जानमाल की धमकी दे रहे हैं।

# सम्मानित किए लोकतंत्र रक्षक सेनानी


सम्मानित किए गए लोकतंत्र रक्षक सेनानियों संग भाजपा नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी रहे मुख्य अतिथि

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी और विशिष्ट अतिथि पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष यतिन भाटिया रहे। जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने अध्यक्षता की। संचालन जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक अमित अग्रवाल ने किया।

लोकतंत्र रक्षक सेनानी सरयू प्रसाद रस्तोगी, तौसीफ अहमद, मोहम्मद मियां, प्रमोद अग्रवाल, डॉ. सुधीर मिश्रा, डॉ. वीरेंद्र गंगवार, डॉ. योगेश मिश्रा, डॉ. वीरेंद्र बहादुर सिंह, राजीव अग्रवाल, डॉ. धीरेन्द्र सिंह चौहान, पूरनलाल गंगवार, रामकृष्ण, रामचन्द्र लाल, कैलाश चंद्र, धीरेन्द्र सिंह गंगवार, सर्वजीत सिंह, अरविन्द सिंह, कैलाश चंद्र गुप्ता, प्यारेलाल पाल, अरूण बाजपेई को दुशाला ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.दलजीत कौर, नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, लेखराज भारती, रेखा सिंह परिहार, सुषमा देवी, संजीव मोहन अग्रवाल, स्वतंत्र देवल, सुमित गंगवार, सत्यपाल वर्मा, धर्मेन्द्र लोधी, विवेक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### आबकारी राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री जिला सहकारी बैंक के सभागार में प्रेसवार्ता में बोले

# कांग्रेस ने छीनी थी आजादी, भाजपा ने लौटाया लोकतंत्र

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● आपातकाल में जनता पर की गई ज्यादतियों के बारे में बताया

**अमृत विचार:** केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर आबकारी राज्य मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बुधवार को जिला सहकारी बैंक सभागार में प्रेसवार्ता की। इस दौरान उनके निशाने पर कांग्रेस और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी रहीं। प्रभारी मंत्री ने आपातकाल के दौरान जनता पर की गई ज्यादतियों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि कांग्रेस ने आजादी छीन ली थी। अब भाजपा ने लोकतंत्र लौटाया है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरागांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप दिया था। यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के कारण नहीं, बल्कि अपने चुनाव को रद्द किए जाने और सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया था।

कांग्रेस पार्टी ने इस काले अध्याय में न सिर्फ लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदा, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्याय पालिका की निष्पक्षता और नागिरकों के मौलिक अधिकारों को कुचलकर यह स्पष्ट कर दिया कि जब उनकी सत्ता संकट में होती है, वे संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटते। कहा कि आज 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की विचारधारा शुरू से ही राष्ट्रवाद से अलग रही है। आज का भारत लोकतंत्र की मजबूती के रास्ते पर है और यह सब भाजपा की नीतियों और पारदर्शिता के कारण संभव हो पाया है। कहा कि 1975 में कांग्रेस ने संविधान का दुरुपयोग करते हुए जनता की आजादी छीनी थी। आज हम सब लोगों का दायित्व है कि उस काले अध्याय से सबक लेकर लोकतंत्र की रक्षा करें।



प्रेस वार्ता में मीडिया से रूबरू प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल। ● अमृत विचार

### ...जब मीडिया ने प्रभारी मंत्री को घेरा

लखीमपुर खीरी। कांग्रेस द्वारा आपातकाल में मीडिया पर बैन लगाने की बात पर जोर दे रहे प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों ने सवाल किया कि जिले की प्रशासनिक बैठकों में मीडिया को प्रतिबंधित किया जाता है। डीएम मीडिया से मिलने से बचती हैं। इसे आप क्या कहेंगे? इसी तरह सीएमओ के रवैये और परियोजनाओं के शिलापट पर धनराशि का उल्लेख न किए जाने पर मीडिया के सवालों पर प्रभारी मंत्री घिरे नजर आए। दरअसल, जिला योजना जैसी महत्वपूर्ण बैठकों से जिले में मीडिया को दूर रखा जाता है। वहीं पिछले दिनों सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने पत्रकार से अभद्रता कर दी थी, जिसका जमकर विरोध हुआ था। इसी को लेकर बुधवार को जब जिले के प्रभारी मंत्री कांग्रेस पर आपातकाल के दौरान मीडिया को बैन करने पर कई बार जोर दिया तो पत्रकारों ने सवाल उठाया कि क्या आज आपातकाल नहीं है? जब जनहित वाली जिला योजना जैसी बैठकों में पत्रकारों को रोक दिया जाता है। सीएमओ ने अभद्रता की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं परियोजनाओं के शिलापट पर धनराशि का उल्लेख न किए जाने पर सवाल उठाए। इस पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि ऐसा किया जा रहा है तो गलत है। उन्होंने मीडिया को आशवस्त किया कि वह इन मामलों पर डीएम से बात करेंगे और उनसे मीडिया का हर जानकारी देने के लिए कहेंगे।

# लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को किया सम्मानित



लोकतंत्र रक्षक सेनानी सुरेशचंद्र मिश्र को सम्मानित करते एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** तहसील सभागार में आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को बुके भेंट कर, शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

तहसील सभागार में एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआष मुख्य अतिथि तहसीलदार भीमचंद, विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार सर्वेश यादव ने अहमदनगर निवासी सुरेश चंद्र मिश्र और नगर निवासी माया देवी को बुके भेंटकर, शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सभागार में मौजूद लोगों को आपातकाल से संबंधित टेली फिल्म दिखाकर 25 जून का दिवस संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया।

एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने इमरजेंसी आपातकाल की जानकारी देते हुए बताया कि उनके पिताजी भी मीशा में बंद हुए थे। उस समय जेल में लोगों को मुलाकात नहीं होती थी, जमानते नहीं दी जाती थी। घर वालों को पता नहीं दिया जाता था कि वह किस जेल में बंद हैं। अहमदनगर निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी सुरेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि वह महेशपुर की बाजार में इंदिरा हटाओ देश बचाओ के भाषण देने पर उन्हें हैदराबाद पुलिस गिरफ्तार कर उनका डीआईआर के तहत चालान कर दिया था। वह दौर देशवासियों के लिए काफी संकट का दौर था।

गोला निवासी माया देवी ने बताया कि उनके पति रामशंकर आपातकाल समय की घटना को याद कर रोने लगते थे, उनके पति का दो वर्ष पूर्व अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया है।

## एक नजर

### सुपरवाइजरों की तहसील सभागार में हुई परीक्षा दिया प्रशिक्षण

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** तहसील सभागार में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सुपरवाइजरों की परीक्षा कराकर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण में सुपरवाइजरों की परीक्षा कराई गई, जिसमें सभी पास हुए। 139 गोला विधान सभा क्षेत्र में 44 सुपरवाइजर हैं, जिनकी ट्रेनिंग कराई गई। विधान सभा में कुल बूथों की संख्या व बीएलओ की संख्या 411 है। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार भीमचंद, खंड शिक्षा अधिकारी कुंभी श्रीराम, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, भानुप्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी बिजुआ हनुमान प्रसाद भी मौजूद रहे।

### बिजली कटौती से परेशान नगर के लोग

**मैलानी, अमृत विचार :** नगर से लेकर गांव तक बिजली की अघोषित कटौती से आमजन परेशान हैं इससे बिजली कर्मियों के लिए नगर वासियों में रोष पनप रहा है। दोपहर में चार घंटे कटौती कर दिए जाने से उपभोक्ता परेशान हो गए। भीषण गर्मी में मंगलवार को सुबह से लेकर रात तक कई बार बिजली कटौती की गई। वहीं बुधवार को दिन में भी कई घंटे बिजली सप्लाई नहीं दी गई। गर्मी से बेहाल नगर वासियों में बिजली कर्मियों के लिए गुस्सा पनप रहा है। जर्जर तारों से आए दिन लोकल फाल्ट हो होते रहते हैं। लोकल फाल्ट के नाम पर भी कई घंटे बिजली कटौती की जा रही है जिससे आमजनों का हाल से बेहाल है। दोपहर में एक बजे गई बिजली शाम को पांच बजे आई, जिससे उपभोक्ता परेशान हुए।

# कांग्रेस सरकार में ही घोंटा गया लोकतंत्र का गला

### भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मना संविधान हत्या दिवस, भाजपा कार्यालय पर लगी प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** प्रदर्शनी एवं गोष्ठी का आरंभ जिले के प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश परआपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया था। लोकतांत्रिक संस्थाओं के अधिकार निरस्त कर करीब एक लाख लोगों को जेल में डाल दिया था। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया तक के अधिकारों को खत्म कर दिया था। यह सब इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए किया था।

उन्होंने कहा कि आपातकाल के समय की पीड़ा का शब्दों में बखान नहीं हो सकता। गोष्ठी में मौजूद लोकतंत्र सेनानी एवं उनके परिवार के लोग भलीभांति जानते हैं कि उस समय देश को काल कोठरी में धकेला गया था। भाजपा के अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, राजनाथ सिंह, जार्ज फर्नांडीज, चंद्र शेखर एवं विपक्ष के नेता मुलायम सिंह तक को जेल में डाल दिया गया था। प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्तमान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जेल में बंद थे। उन्हें अपनी मां के अंतिम संस्कार तक में शामिल नहीं होने दिया गया था। कांग्रेस आज लोकतन्त्र एवं संविधान की दुहाई दे रही है, जबकि 50 वर्ष पहले के काले कारनामे जनता के सामने हैं। इस दौरान लोकतंत्र सेनानियों को माला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा आपातकाल में लोगों पर अत्याचार किए गए। इसलिए भाजपा 25 जून के दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मना रही है।

**ये भी रहे मौजूद:** संगोष्ठी में पंचायत राजविभाग के सभापति एवं विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, मंजू त्यागी, सदर विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, जिला संयोजक रामजी मौर्य, आशू मिश्रा, पालिकाध्यक्ष गोला विजय शुक्ला रिंकू, कार्यक्रम संयोजक ज्योतिरमय बरतरिया, रामजी दीक्षित, रमेश चंद्र मिश्रा, नगर अध्यक्ष देवदत्त चढ़ा, विजय महेश्वरी, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, दिव्या सिंह, पलिया पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी देवी आदि तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



प्रदर्शनी में आपातकाल के दौरान हुई गतिविधियों के पोस्टर देखते नितिन अग्रवाल व अन्य।

### आज तो अघोषित आपातकाल है मीडिया भी स्वतंत्र नहीं



कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा है कि वह आपातकाल तो 50 साल पहले खत्म हो गया, लेकिन इस सरकार में अघोषित आपातकाल है। मीडिया भी स्वतंत्र नहीं है। पत्रकारों पर मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विफलताओं को छिपाने के लिए संविधान हत्या दिवस मनाने का नाटक कर रही है। इंदिरा का विरोध करके जो लोग सत्ता में आए, उनके बीच आंतरिक झगड़े, नेतृत्व का अभाव और अस्थिरता दिखी। सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई। इस तरह के आयोजन कर जनता को भटकाने की कोशिश की जा रही है।

### भाजपा ने मनाया लोकतंत्र हत्या दिवस, विपक्ष बोला-आज तो अघोषित आपातकाल

लखीमपुर खीरी। भाजपा हाईकमान के आह्वान पर बुधवार को पार्टी कार्यालय पर संविधान हत्या दिवस मनाया गया। इसको लेकर आपातकाल के दौरान होने वाली गतिविधियों की प्रदर्शनी लगाकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें 50 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को देश के दामन पर इमरजेंसी पर का काला धब्बा लगाने वाला बताया। वहीं विपक्षी नेताओं ने कहा कि आज तो अघोषित आपातकाल है। विपक्ष ने यह भी कहा कि अब ये संविधान बचाओ की बात कर रहे हैं। आपातकाल के 50 साल पूरे होने के बाद उसे दोहरा रहे हैं।

### चुनाव रद होने के कारण लगाया था आपातकाल

विशिष्ट अतिथि एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्र ने कहा कि हाईकोर्ट में इंदिरा गांधी का चुनाव रद होने पर लोग उनके खिलाफ आंदोलन कर रहे थे। यही वजह थी अपनी कुर्सी बचाने के लिए कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगा दिया था। जयप्रकाश नारायण को भी जेल में डाल दिया गया। कांग्रेस में चाटुकरिता की हद हो गई थी। कांग्रेस इंदिरा इज इंडिया एवं इंडिया इज इंदिरा के नारे लगने लगे थे। कांग्रेस की वही मानसिकता आज भी है, जबकि भाजपा संविधान रक्षक होने के साथ संवैधानिक तरीके से काम करने वाली पार्टी है।

### किस मुंह से आपातकाल का विरोध कर रही है भाजपा



सपा के पूर्व एमएलसी शशांक यादव एडवोकेट का कहना है कि आज भाजपा आपातकाल का विरोध कर रही है, जबकि प्रेस स्वतंत्रता में देश सबसे नीचे चला गया है। पत्रकारों पर मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री खुद कभी मीडिया से रूबरू नहीं होते। ऐसे में कांग्रेस के आपातकाल का विरोध करने का अधिकार भाजपा के पास नहीं बचा है। आपातकाल का विरोध करने का अधिकार सिर्फ उसे है, जिसने स्वतंत्रता का अधिकार दिया हो।

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
JCMST Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
M.Ed.
B.Ed
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# तेंदुए से भिड़े युवक से अस्पताल में मिलीं डीएम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● घायल मिहीलाल को 50 हजार रुपये की दिलाई आर्थिक मदद

● धौरहरा रेंज के एक भट्ठे पर तेंदुआ एवं युवक में हुई थी भिड़ंत



तेंदुआ से भिड़ने वाले युवक की बहादुरी की तारीफ करती डीएम।

**अमृत विचार:** डीएम ने बुधवार को जिला अस्पताल पहुंचकर तेंदुआ से भिड़ने वाले युवक एवं तेंदुआ के हमले से घायल वन विभाग के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने बहादुरी की तारीफ करते हुए युवक को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद दिलाई। साथ घायल विभागीय लोगों से मिलकर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मंगलवार को धौरहरा रेंज के बंद पड़े भठ्ठे पर राख निकालने गए नयापुरवा गांव निवासी 35 वर्षीय मिहीलाल पर तेंदुआ ने हमला कर दिया। तेंदुआ को सामने देखकर मिहीलाल डरने की बजाय न सिर्फ उससे भिड़ गया, बल्कि काफी देर तक उसे दबोचे रखा। हालांकि इस संघर्ष में मिहीलाल भी घायल हो गया। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे विभाग के फॉरेस्ट गार्ड राजेश दीक्षित को भी तेंदुआ ने घायल कर दिया। दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनकी कुशलक्षेम जानने के लिए बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल पहुंचीं। उन्होंने अस्पताल में घायलों से मिलकर उनका हालचाल जाना। साथ ही मिहीलाल की बहादुरी की सराहना कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। डीएम ने मिहीलाल को 50 हजार रुपये की सहायता दिलाई। इसके बाद डीएम ने घायल फॉरेस्ट गार्ड राजेश दीक्षित से मिलकर हौसलाफजाई कर सीएमएस को बेहतर इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी उत्तरी सौरीष सहाय, सीएमएस आरके कोली मौजूद रहे।

# दरोगा आत्महत्या मामले में फॉरेंसिक टीम ने किया रिक्रिएशन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● मछरेटा थाने में सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर की थी आत्महत्या

**अमृत विचार:** सीतापुर जिले के थाना मछरेहटा में तैनात दरोगा के सरकारी सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या करने के मामले की एसपी खीरी ने जांच तेज कर दी है। बुधवार को थाना मछरेहटा पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटना का रूपांतरण कर साक्ष्य जुटाए।

12 अप्रैल 2024 को सीतापुर जिले के थाना मछरेहटा में तैनात दरोगा मनोज कुमार ने थाना परिसर में ही सर्विस रिवाल्वर से गोली मार ली थी, जिससे वह घायल हो गए थे। घटना के बाद थाने में हड़कंप मच गया था। उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टर ने दरोगा मनोज कुमार को मृत घोषित कर दिया था। घटना के बाद एक सुसाइड नोट भी सामने आया था, जिसमें दरोगा ने एसएचओ पर गंभीर आरोप लगाए थे। इस मामले की जांच शासन ने तत्कालीन एसपी खीरी गणेश प्रसाद साहा को सौंपी थी।

अब इस मामले की जांच वर्तमान एसपी संकल्प शर्मा कर रहे हैं। बुधवार को जिले से एक फॉरेंसिक टीम थाना मछरेहटा पहुंची और घटना का रूपांतरण कर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि टीम ने बुधवार को सीन रिक्रिएशन किया है। वह स्वयं प्रकरण की जांच कर रहे हैं।

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोट:- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

# अनुशासनहीनता पर ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार:** विभागीय कार्यों में अनुशासनहीनता के आरोप में पसगवां ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण कुमार मिश्र को डीपीआरओ ने निलंबित कर दिया है। उन्हें फिलहाल फूलबेहड़ ब्लॉक से संबद्ध किया गया।

विभागीय कार्यों में इनकी उदासीनता की शिकायत पसगवां बीडीओ मोहित कौशिक ने उच्चाधिकारियों से की थी। ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण कुमार मिश्र पर साप्ताहिक बैठकों में भाग न लेने, खराब कार्यशैली व उदंडता के कारण शासकीय योजनाओं की प्रगति पर विपरीत प्रभाव पड़ने, बीडीओ की नोटिसों का स्पष्टीकरण न देने, आईआरजीएस शिकायतों का निस्तारण न करने, बिना सूचना के मुख्यालय व कार्यालय से गायब रहने और मोबाइल बंद रखने, पदीय दायित्वों में घोर उदासीनता बरतने के आरोप हैं । बीडीओ मोहित कौशिक के पत्र पर सीडीओ और डीएम के अनुमोदन के बाद डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी अरूण कुमार मिश्र को निलंबित कर दिया है।

### स्थानांतरित ग्राम पंचायत अधिकारी को नहीं किया रिलीव

**पसगवां, अमृत विचार :** एक ओर विभागीय कार्यों में कोताही बरतने पर ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण कुमार मिश्र को निलंबित किया गया है, तो दूसरी ओर प्रशासनिक स्तर पर स्थानांतरित किए गए ग्राम पंचायत सचिव कौशल किशोर को ब्लॉक से रिलीव नहीं किया गया है। कुछ दिन पहले ब्लॉक से पांच ग्राम पंचायत सचिवों का स्थानांतरण किया गया था। चार सचिवों ने स्थानांतरित ब्लाकों में कार्यभार ग्रहण कर लिया, लेकिन सचिव कौशल किशोर को बीडीओ ने रिलीव नहीं किया है। गौरतलब है कि इस सचिव पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं।

# धौरहरा में पकड़े दोनों तेंदुओं की मौत

संवाददाता, धौरहरा (लखीमपुर खीरी)

● हमलावर नर तेंदुए की चोट लगने से गई जान

● 10 माह के तेंदुए के अंदरूनी अंग फेल होने से मौत

**अमृत विचार:** धौरहरा वन रेंज क्षेत्र में मंगलवार को पकड़े गए दोनों तेंदुओं की बुधवार देर शाम मौत हो गई। इससे वन महकमे में हड़कंप मच गया। वहीं ग्रामीणों को अब कार्रवाई का डर सताने लगा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पांच साल के नर तेंदुए की मौत चोटों से बताई गई है। वहीं 10 माह के तेंदुए के अंदरूनी अंगों के काम न करने से मौत होने की वजह सामने आई है। पांच साल के तेंदुए ने मंगलवार को जटपुरा गन्ना के पास वन दरोगा समेत पांच लोगों को घायल कर दिया था।

धौरहरा वन रेंज के जटपुरवा गन्ना सेंटर के पास मंगलवार सुबह बीमार तेंदुआ सड़क पर घूम रहा था, जिसे देखकर ग्रामीणों ने सेल्फी ली। वन विभाग की टीम उसे जाल से पकड़ने के बाद वन रेंज लाई थी। जहां इलाज शुरू किया था। उधर, दूसरे पांच साल के नर तेंदुए ने बबुरी भट्ठे पर एक युवक पर हमला कर दिया।

युवक को बचाने के लिए ग्रामीणों ने ईटों से तेंदुए पर पथराव किया था, जिससे तेंदुआ घायल हो गया। इसके बाद क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी, सहित वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची तो केले के खेत में छिपे तेंदुए ने टीम पर हमला कर दिया। जिससे रेंजर सहित वन दरोगा राजेश दीक्षित, पीआरवी सिपाही और एक ग्रामीण घायल हो गया। आधे घंटे बाद पहुंची विशेषज्ञ टीम तेंदुए को ट्रैक्यूलाइज कर पकड़कर वन रेंज लाई थी। जहां विभागीय डॉक्टर दयाशंकर ने दोनों तेंदुओं का इलाज शुरू किया, लेकिन देर शाम दोनों तेंदुओं की मौत हो गई।

दुधवा टाइगर रिजर्व के एफडी डॉ. एच. राजा मोहन ने बताया कि बीमार तेंदुआ की उम्र 10 माह थी। इसके अंदरूनी अंग खराब हो गए थे, जबकि दूसरा नर तेंदुआ पांच साल का था। जिसकी चोटें लगने से मौत हुई है। डॉ. दयाशंकर की टीम ने पोस्टमार्टम किया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की नियमावली के तहत दोनों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया है।

SSVGI
SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Excellence
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT | B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM | MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP | Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN | GNM • ANM
• SSVIP | D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS | Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education • Best Placement in the Region • High-Tech Academic Infrastructure • Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIans Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306


# सावन से पहले तीर्थ में जल भरने का दावा, नहीं हटा मलबा

## सप्ताह बाद शुरू हो रहा सावन, 14 जुलाई को पहला सोमवार, पथरीले जर्जर मार्ग पर दर्द सहकर शिवजी को करेंगे जल अर्पित

**संवाददाता गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचारः** छोटी काशी के नाम से विख्यात पौराणिक शिव मंदिर, गोकर्ण तीर्थ परिक्षेत्र के मार्ग सहित लखीमपुर रोड रेलवे क्रॉसिंग की सर्विस रोड, रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टॉप रोड काफी जर्जर है। सावन माह को केवल 14 दिनों का समय शेष है और 14 जुलाई को सावन का पहला सोमवार है।

कार्यदायी संस्था का दावा है कि सावन से पहले गोकर्ण तीर्थ का सौंदर्यीकरण कराकर जल भरवा दिया जाएगा पर तीर्थ सरोवर में अब भी काफी मलबा पड़ा है। ऐसे में श्रद्धालु, कांवड़ियों को पथरीली, जर्जर सड़क पर दर्द सहते हुए भोलेनाथ का जलाभिषेक करना पड़ सकता है।

छोटी काशी कही जाने वाली नगरी गोला में वर्ष भर मेले, तमाम सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन होते रहते हैं, पर यहां सावन माह का विशेष महत्व है। सावन के सोमवार को लाखों श्रद्धालु पौराणिक शिव मंदिर, भूतनाथ मंदिर में दर्शनार्थ जुटते हैं। जन आस्था का प्रतीक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल छोटी काशी का शिव मंदिर कॉरिडोर के सौंदर्यीकरण की चर्चा दूर-दूर तक होने से इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में अधिक शिव भक्तों के आने की उम्मीद है।

यूपीपीसीएल की कार्यदायी संस्था के ठेकेदारों, कर्मचारियों का दावा है कि सावन शुरू होने से पहले गोकर्ण तीर्थ परिक्षेत्र के सभी मार्ग, गलियों का समतलीकरण कराकर नाला-नाली निर्माण करा दिया जाएगा और गोकर्ण तीर्थ से मलबा हटवाकर उसमें जल भरवा दिया जाएगा।



परिक्रमा पथ के लिए बनाए जा रहे पिलर के चलते ऊबड-खाबड़ रास्ता। ● अमृत विचार

11 जुलाई से शुरू हो रहे सावन में चार सोमवार 14 जुलाई, 21 जुलाई, 28 जुलाई और 4 अगस्त को हैं, जिनमें अंतिम सोमवार को भूतनाथ मेला में 10 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। लखीमपुर रोड पर रेलवे क्रॉसिंग पर 2021 से बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का काम होने के चलते क्रॉसिंग के निकट सर्विस रोड पर नुकीले पत्थर पड़े हैं, जिसमें शारदा, घाघरा नदी का जल लेकर आने वाले कांवड़ियों को पथरीली सड़क चलना पड़ सकता है। कुछ शिवभक्त नंगे पैर आते हैं, उन्हें दर्द सहकार चलने को मजबूर होना पड़ेगा। रेलवे क्रॉसिंग पर कार्य करा रही कार्यदायी संस्था विजय कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार दिलीप कुमार ने बताया कि सावन से पहले क्रॉसिंग के दोनों ओर की सर्विस रोड की मरम्मत करवारकर हॉटमिक्स सड़क बनवा दी जाएगी, जिससे राहगीरों, श्रद्धालुओं को दिक्कतें नहीं होगी।

### इन मार्गों पर हो सकती है श्रद्धालुओं की परीक्षा

सावन माह से पहले अगर रेलवे स्टेशन, रोडवेज बसअड्डे को जाने वाली सड़क छोटे चौराहे से पीलीभीत धर्मशाला तक नहीं बन बनाई गई तो इस मार्ग पर शिव मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को पथरीले और गड्ढे नुमा, जिनमें बरसात का पानी भर जाता है से निकलने को मजबूर होना पड़ सकता है। साथ ही पीलीभीत धर्मशाला के सामने से शिव मंदिर जाने वाली सड़क, रेलवे स्टेशन से चेयरमैन होटल होते हुए शिव मंदिर जाने वाली सड़क, कानपुर धर्मशाला से पौराणिक शिव मंदिर के पीछे विनायक द्वार होते हुए पौराणिक शिव मंदिर जाने वाली सड़क जर्जर है, जिस पर निकलना शिव भक्तों के लिए किसी चुनौती से कम न होगा।

> सावन मास शुरू होने से पहले गोकर्ण तीर्थ परिक्षेत्र की सभी सड़कें, गलियां, नाला-नाली निर्माण के साथ ही तीर्थ सरोवर में पड़ा मलबा हटवाकर सौंदर्यीकरण करा दिया जाएगा। सावन में किसी भी श्रद्धालु को पौराणिक शिव मंदिर जाने में परेशानी नहीं होने दी जाएगी।
>
> **-विवेक वाजपेयी**, अवर अभियंता रीना कंस्ट्रक्शन।

# नई दिल्ली-ऐशबाग ट्रेन को नियमित चलाने की मांग

**मैलानी, अमृत विचारः** व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राजेश शर्मा, महामंत्री प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ को संबोधित स्टेशन अधीक्षक धनराज मीना को ज्ञापन देकर नई दिल्ली-ऐशबाग समर स्पेशल ट्रेन को नियमित चलाने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि सुबह सात बजे मैलानी से लखनऊ और वापसी में लखनऊ से दोपहर 2 बजे के आसपास एक नई ट्रेन चलाई जाए, जिससे गोला, लखीमपुर जाने वाले छात्र-छात्राओं और नियमित आने-जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिले। सुबह पांच बजे से 12 के बीच मैलानी से लखीमपुर कोई ट्रेन नहीं है। मैलानी से सुबह 7 से 8 के बीच ट्रेन चलाने की मांग की है। इस दौरान कोषाध्यक्ष उपनेश साहनी, वीरपाल यादव, अरुण अग्रवाल आदि रहे।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



Admission Open
Session 2025-26
BIUCOP BAREILLY
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# पढ़ुआ थाना प्रभारी के खिलाफ व्यापारी हुए लामबंद

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

● एसपी से मिलकर की शिकायत सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचारः** जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिला पदाधिकरी पढ़ुआ थाना प्रभारी के खिलाफ लामबंद हैं। रकेहटी में एक व्यापारी के उत्पीड़न से आक्रोशित व्यापारियों ने बुधवार को एसपी से मिलकर चौकी इंचार्ज की शिकायत कर ज्ञापन सौंपा है। पदाधिकारियों का कहना है कि किसी भी व्यापारी एवं पदाधिकारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पूर्व भाजपा एवं जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा के नेतृत्व में व्यापारियों के दल ने कार्यालय जाकर एसपी से मुलाकात की।



थाना प्रभारी की शिकायत करने एसपी कार्यालय पहुंचे व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

जिलाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि 21 जून की शाम चार बजे कुछ लोग रकेहटी व्यापार मंडल महामंत्री जगत नरायण पुत्र स्व. इंद्र प्रसाद के घर पहुंचे और पत्नी से उनके बारे में मालुमात की। इसके बाद रात करीब 11.30 बजे पढ़ुआ थाना प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा, उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह के अलावा अन्य पुलिस कर्मियों के साथ एक सरकारी जीप व दो अन्य प्राइवेट वाहनों से घर पर दबिश दी।

इस दौरान पुलिसकर्मी घर में जबरन घुस कर गालियां देते हुए जगत नरायण को घसीटकर गाड़ी में बैठाने लगे। व्यापारी एवं परिवार के लोगों का शोर शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग इकठ्ठा हुए अजय गुप्त, सतीश गुप्त, देवेन्द्र कुमार व मनोज कुमार आदि विरोध करने लगे। इस पर थाना प्रभारी ने व्यापारी को हमारा कहा पूरा न करने पर मुकदमें में फंसाकर जेल भेज देने की धमकी देकर चले गए।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस घटना से व्यापारी काफी भयभीत हैं। निघासन थाने में प्रार्थना पत्र देने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। व्यापारी नेताओं ने एसपी को ज्ञापन देकर उक्त प्रकरण की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है। इस दौरान रकेहटी व्यापारी नेता अजय गुप्ता, मनोज कुमार पांडेय, संतोष गुप्ता, सतीश कुमार सहित अजय अग्रवाल, शरद मेहरोत्रा, राजू अग्रवाल, तरुण रस्तोगी, प्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बेहतर रिस्पांस टाइम के लिए 10 एंबुलेंस कर्मी सम्मानित



बेहतर रिस्पांस टाइम के लिए सम्मानित हुए 108 एंबुलेंस कर्मी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा के दस कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने पर बुधवार को सम्मानित किया गया। इन सभी कर्मचारियों ने बेहतर रिस्पांस टाइम दर्ज किया है।

एंबुलेंस सेवा के जिला प्रोग्राम मैनेजर कैलाश बिष्ट ने बताया कि सम्मान समारोह का आयोजन जिला महिला अस्पताल खीरी में हुआ। इसमें गत माह मई में बेहतरीन रिस्पांस टाइम दर्ज करने वाले विकास सिंह, आलोक कुमार, इंद्रजीत, अंकित कुमार वर्मा, राम कुमार, सुमित कुमार सिंह, तारा चंद, प्रमोद कुमार, शिवा कांत, अरुण कुमार सहित दस कर्मियों को सम्मानित करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक सुमित कुमार दुबे ने कहा कि इन कर्मचारियों न केवल जिले में सबसे तेज रिस्पांस टाइम दर्ज किया, बल्कि संस्था की ओर से निर्धारित मानकों से भी बेहतर प्रदर्शन किया है। आपात स्थिति में समय से पहुंचकर मरीजों की जान बचाने के लिए इनकी तत्परता व समर्पण सराहनीय है। इस मौके पर विदित दुबे, अली अब्बास, जसवीर आदि मौजूद रहे। इस सम्मान समारोह ने न केवल 108 कर्मियों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि अन्य स्वास्थ्य सेवा कर्मियों के लिए भी एक प्रेरणा स्थापित की।

**संदिग्ध हालात में महिला की मौतः** लखीमपुर खीरी। थाना मितौली क्षेत्र के गांव गढ़ी इब्राहिमपुर निवासी 95 वर्षीय मोहनी देवी की सोमवार रात घर पर मौत हो गई। मोहनी देवी पति मोहकम की मौत के बाद से मंझले बेटे इंद्रपाल के साथ रहती थी। इंद्रपाल ने बताया कि बड़े भाई पूरनलाल और छोटे भाई राकेश ने मौत पर संदेह जताया।

## सार-संक्षेप

### शाहजहांपुर गोंडा पैसेंजर निरस्त होने से यात्री परेशान

**पसगवां, अमृत विचार :** शाहजहांपुर सीतापुर रेलवे मार्ग पर शाहजहांपुर गोंडा पैसेंजर के अचानक निरस्त होने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जंगबहादुरगंज में ट्रेन नं 55060 डाउन शाहजहांपुर से सीतापुर के लिए दोपहर बाद 3 .55 पर जाती है। यही ट्रेन सीतापुर से 55034 नम्बर से गोंडा जाती है। गोंडा से यह ट्रेन 55035 नम्बर से सीतापुर आती है और सीतापुर से साढ़े नौ बजे ट्रेन संख्या 55059 अप शाहजहांपुर के लिए जंगबहादुरगंज 11 .10 पर आती है। ये दोनों ट्रेनें इस समय निरस्त कर दी गई हैं। इनके निरस्त होने से आम आदमी को दिक्कत हुई है। इसका मुख्य कारण किराया है। जंगबहादुरगंज से सीतापुर का पैसेंजर ट्रेन से किराया 20 रुपये है, जबकि बस से 92 रुपये है। कम किराए में आम आदमी को सहूलियत मिलती थी। हालांकि ये ट्रेन अक्सर लेट आती हैं, लेकिन कम किराए के लिए यात्री स्टेशन पर प्रतीक्षा कर लेते हैं। जंगबहादुरगंज स्टेशन पर जानकारी दी गई कि लगभग एक सप्ताह ये दोनों ट्रेनें निरस्त रहेंगी।

### अवैध वसूली को लेकर छात्रों के समर्थन में भाकियू

**सिंगाही, अमृत विचार :** नौरंगाबाद स्थित राजकीय आईटीआई में छात्राओं से प्रैक्टिकल फीस के नाम पर हो रही अवैध वसूली का मामला तूल पकड़ने लगा है। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन ने अवैध वसूली करने वालों पर कार्रवाई न होने पर धरना देने की चेतावनी दी है। भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को आईटीआई कॉलेज पहुंचा। यूनियन सदस्यों ने कॉलेज स्टाफ हरिशंकर और अंशिका गुप्ता से मिलकर नाराजगी जताई। शिक्षक फीस जमा करने संबंधी दस्तावेज भी नहीं दिखा सके। छात्राओं के शिकायत करने के बावजूद कोई कार्यवाही न होने से नाराज भाकियू के प्रतिनिधियों ने अवैध वसूली करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई न होने पर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान यूनियन के गुरजीत सिंह, कुलविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, सोनू तिवारी, बबलू तिवारी, मोहित तिवारी, बैजनाथ भार्गव आदि मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने गन्ने की अधिक उपज के बताए तरीके

**बिलहरी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कैमहरा गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को अधिक उपज लेने के तरीके बताए गए। महरा में चीनी मिल के अधिकारियों ने गन्ने में लगने वाले रोग, कीट एवं नियंत्रण, अधिक पैदावार उन्नतशील प्रजातियों की वैज्ञानिक विधि अपनाते हुए गन्ना बुवाई, चीनी मिल की ओर से छूट पर दी जाने वाली खाद एवं दवाएं, पेड़ी प्रबंधन, गन्ना सर्वे के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। प्रदर्शन विधि से लगाए गए गन्ना प्लाटों पर कृषकों के साथ विजिट की गई। मौके पर गन्ना विकास परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, मोहम्मद अकरम, चन्द्रशेखर, चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक संजीव चौधरी, मास्टर ट्रेनर कृष्णदेव पांडे, फील्ड स्टॉफ अनिल कुमार वर्मा, प्रगतिशील किसान अवधनारायण बाजपेई, रमाकांत बाजपेई, कृष्णकुमार बाजपेई, देवीदयाल बाजपेई, प्रकाश नारायण, मुनीश कुमार, बसंतलाल, अतुल कुमार, अरुण कुमार, श्रवण कुमार, संदीप वर्मा, महेंद्र, विनय, सर्वेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को मिला लखीरा ब्रांड

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** जनपद के स्वयं सहायता समूहों एवं एफपीओ उत्पादों को लखीरा नाम मिला है। जिला प्रशासन के सहयोग से महिलाओं का हुनर सीधा बाजार पहुंचेगा।

राजापुर चौराहा स्थित आकांक्षा स्टोर एवं कैफे परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं सीडीओ अभिषेक कुमार ने ब्रांडनेम, टैगलाइन एवं लोगो का अनावरण किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब जिले की महिलाएं घर तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि उनका हुनर लखीरा के नाम से देश में पहचाना जाएगा।





लखीरा लोगो की लांचिंग करते प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

● प्रभारी मंत्री ने ब्रांडनेम, टैगलाइन व लोगो लॉन्चिंग किया

स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने आत्मविश्वास, मेहनत और हुनर के दम पर जो उत्पाद तैयार कर रही हैं, उन्हें अब एक सशक्त पहचान मिली है। लखीरा सिर्फ एक ब्रांड नहीं, बल्कि महिलाओं की आर्थिक आजादी और सामाजिक बदलाव का जरिया बनेगा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि लखीरा हर उस महिला की मेहनत का नाम है, जिसने चुपचाप सपने बुनकर उन्हें साकार करने निकली है। अब समूह की महिलाएं उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता बन रही हैं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि लखीरा महिलाओं के हुनर को नई पहचान देने का मंच है। इससे गांव की अर्थव्यवस्था ही नहीं मजबूत होगी, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलेगा।

### आकांक्षा स्टोर के उत्पादों की सराहना कर कैफे में चखे गोलगप्पे

प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने सदर विधायक योगेश वर्मा और मोहम्मदी विधायक विनोद शंकर अवस्थी के साथ आकांक्षा स्टोर एवं कैफे पहुंचे। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना की। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि स्टोर की खासियत है कि हर माह उत्पाद बदले जाते हैं, ताकि ग्राहकों की रुचि बनी रहे और समूहों को मंच मिलता रहे। प्रभारी मंत्री ने आकांक्षा कैफे जाकर जनप्रतिनिधियों के साथ गोलगप्पों का स्वाद चखकर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।

## एक नजर

### टेंपों की टक्कर से बाइक सवार दादी-पोता घायल

**सिंगाही, अमृत विचार :** सिंगाही-बेलरायां नेशनल हाईवे पर थाना सिंगाही क्षेत्र में स्थित आदर्श तालाब के पास एक तेज रफ्तार टेंपों ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दादी व पोता घायल हो गए। घायलों को सीएचसी निघासन में भर्ती कराया है। बुधवार को सिंगाही से सवारी भरकर तेज रफ्तार टेंपो बेलरायां की तरफ जा रहा था। ग्राम सिंगहा कलां के निकट टेंपों ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहा गांव सिंगहा खुर्द निवासी रोहित और बाइक पर सवार उसकी दादी रामबेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने अपने संसाधन से दोनों घायलों को निघासन सीएचसी पहुंचाया, जहां दोनों का उपचार जारी है।

### तार पर कपड़े डालते समय करंट से किशोरी झुलसी

**निगोही।** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव भरतापुर निवासी रोशनी पुत्री बालक राम बुधवार दोपहर घर के बाहर कपड़े लोहे के तार पर डाल रही थी। लोहे के तार में करंट आ गया और वह झुलस गई। किशोरी को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# महिला को मारी दो गोलियां, घायल

## घर के बाहर सो रही थी महिला, हालत गंभीर, लखनऊ मेडिकल कॉलेज में चल रहा उपचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- हमलावरों ने की जमीन विवाद में गोली मारकर हत्या करने की कोशिश

**अमृत विचार:** थाना पढुआ क्षेत्र के गांव पचासा मजरा सुजानपुर में मंगलवार रात घर के बाहर सो रही महिला को हमलावरों ने दो गोलियां मारीं। एक गोली महिला के सीने और दूसरी पेट के नीचे लगी। इससे वह लहूलुहान हो गई। परिवार में चीख पुकार मच गई। आनन-फानन में घायल महिला को पहले सीएचसी फिर जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया है, जहां उसका इलाज जारी है।

गांव पचासा मजरा सुजानपुर निवासी रामू उर्फ अमन ने बताया कि उसकी मां बूटा देवी (54) रोज की तरह मंगलवार की रात भी घर के बाहर सो रही थीं। रात करीब डेढ़ बजे गोली चलने की आवाज आई। इस पर उसकी आंख खुल गई। वह घर के बाहर पहुंचा तो देखा कि चार लोग असलहे समेत भाग रहे थे। उसकी मां खून से लथपथ कराह रही थी। यह देख उसने शोर-शराबा किया।



गोली लगने से घायल महिला को जिला अस्पताल ले जाती एंबुलेंस। • अमृत विचार

शोर सुनकर आसपास के तमाम लोग भी मौके पर पहुंच गए। महिला को गोली मारे जाने की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक पुष्प राज कुशवाहा भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने एंबुलेंस 108 से आनन-फानन में घायल बूटा देवी को सीएचसी रमिया बेहड़ भेजा, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर देखकर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं आया। जिला अस्पताल से रेफर करने पर महिला को लखनऊ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है, लेकिन हालत अब भी नाजुक बनी हुई है।

घायल महिला के बेटे रामू ने बताया कि उसकी मां को दो गोलियां लगी हैं। एक गोली पेट में और एक पेट के नीचे हिस्से में लगी है। उसने बताया कि हमलावरों ने जमीन विवाद में गोली मारकर मां की हत्या करने की कोशिश की है। उसने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिली है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## चोरी के दो पंपिंग सेट के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**भीरा, अमृत विचार:** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव पसियापुर और मन्ना टांडा के खेत से चोरी किए गए दो पंपिंग सेट बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से तमंचा-कारतूस और चाकू बरामद होने का दावा किया है। बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान भेजा है।

एसओ सुनील कुमार मलिका ने बताया कि चोर 21 जुलाई की रात गांव मन्ना टांडा निवासी लालसा सिंह और पसियापुर निवासी रामचंद्र के खेत में लगा पंपिंग सेट चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही थी। बुधवार को पुलिस ने मोहम्मद असद निवासी संसारपुर थाना मैलानी और शान मोहम्मद निवासी कस्बा भीरा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों की निशानदेही चोरी किए गए पंपिंग सेट बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही आरोपियों की तलाशी लेने पर एक तमंचा 315 बोर और एक चाकू बरामद हुआ है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान भेजा है।

## शारदानगर मिलने आई युवती से दोस्त ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- इंस्टाग्राम के जरिए युवक के संपर्क में आई थी युवती
- वादे के अनुसार दोनों महेवागंज में मिले थे

**अमृत विचार:** शारदानगर अपने दोस्त से मिलने आई युवती को दोस्त झांसा देकर एकांत में ले गया और उससे दुष्कर्म किया। उसके बाद उसे महेवागंज में छोड़ कर भाग निकला। युवती महेवागंज पुलिस चौकी पहुंची और पुलिस को आप बीती बताई। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

खमरिया थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती इंस्टाग्राम के जरिए लखीमपुर शहर के एक युवक के संपर्क में आई। दोनों में बातें होने लगीं।

बुधवार को युवक ने युवती को मिलने के लिए शारदानगर बुलाया। वादे के अनुसार दोनों महेवागंज में मिले। युवक युवती को लेकर बाइक से शारदा नगर चला गया। युवक के साथ उसका एक दोस्त भी था। युवती ने बताया कि युवक ने शारदा नगर में उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद युवक उसको लेकर फिर महेवागंज आया। यहां उसे छोड़कर चला गया।

युवती किसी तरह महेवागंज चौकी पहुंची और पुलिस को पूरी बात बताई। पुलिस उसे लेकर कोतवाली सदर आई। यहां महिला सिपाहियों ने युवती से घटनाक्रम की जानकारी ली। युवती पूरी घटना तो बता रही है, लेकिन उसे दोस्त का नाम और पता नहीं मालूम है। उसने दोस्त का एक मोबाइल नम्बर पुलिस को दिया है। पुलिस नम्बर के जरिए आरोपी की तलाश कर रही है। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़िता थाने पहुंची है।

जो घटना वह बता रही है। उसी के आधार केस दर्ज किया है। आरोपी युवक की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## घूरे की जगह को लेकर दो पक्षों में लाठियां-धारदार हथियार चले

संवाददाता, निघासन

- छह लोग घायल, दोनों पक्षों के 14 नामजद, 18 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव बुद्धापुरवा मजरा लालपुर में घूरे की जगह को लेकर विवाद हो गया। इससे दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों-पक्षों में गाली गलौज के साथ ही मारपीट होने लगी। लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। इससे दोनों पक्षों से करीब छह लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 14 नामजद व 18 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव बुद्धापुरवा निवासी रमाशंकर ने बताया कि उसके घूरे की जगह घर के पास है। गांव के श्याम नारायण आदि घूरे की जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश करते हैं। कई बार ग्राम प्रधान और गांव के संभ्रांत लोग पंचायत कर फैसला कर चुके हैं, लेकिन विपक्षी फैसला मानने को तैयार नहीं हैं।

मंगलवार दोपहर बाद वह घूरे पर गोबर डालने जा रहा था। तभी पहले से घात लगाए बैठे मुकेश, ओमकार, श्याम नरायान, मनोज और हृदय ने अपने पांच-छह साथियों के साथ घेर लिया और गाली गलौज करते हुए लाठियों से पिटाई शुरू कर दी। आरोप है कि बांका से प्रहार करने पर उसका सिर फट गया। किसी तरह से वह जान बचाकर अपने घर पहुंचा। पीछे से हमलावरों घर में घुसकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। भाई जोगेंद्र और भाभी सुदामा बचाने आए तो सिर पर बांके से प्रहार कर दोनों को घायल कर दिया। इससे सभी लोग गंभीर घायल हो गए। तमाम ग्रामीणों के आने पर आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए।

उधर, दूसरे पक्ष के श्याम नारायन का कहना है कि रमाशंकर का घर उसके घर के सामने है। आरोपी उसके सहन की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। मंगलवार को विपक्षी रमाशंकर, बुद्धा लाल. हीरालाल, प्रेमपति, जोगेंद्र, लालता, सीताराम, दयाराम अपने 10- 12 साथियों के साथ उसकी सहन की भूमि पर आए। विरोध पर में घर घुस तक मारपीट करने लगे। उसके भाई हरीश का बायां हाथ टूट गया। प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र ने बताया कि दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# नीमगांव के एक और औरंगाबाद के दो घरों से लाखों की चोरी

संवाददाता, बेहजम/औरंगाबाद

- मैगलगंज और नीमगांव क्षेत्र में जारी है चोरियों का सिलसिला

**अमृत विचार:** थाना नीमगांव और मैगलगंज क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार रात चोरों ने नीमगांव के गड़रिया चौराहा पर एक मकान में घुसे चोर 10 हजार रुपये और करीब एक लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। उधर औरंगाबाद के गांव कोल्हौरा के दो घरों से 50 हजार की नकदी और करीब ढाई लाख रुपये के अधिक के जेवर चोरी कर ले गए। दोनों घटनाओं की तहरीर पुलिस को दी गई है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

थाना नीमगांव के गड़रिया चौराहा पर बेवा गायत्री देवी का मकान है। इस चौराहा पर यूपी 112 पुलिस की पीआरवी भी रहती है। गायत्री देवी ने बताया कि वह आंगन में सो रही थीं। रात में किसी समय चोर उसके घर में घुस आए। कमरों में रखे बक्सों का ताला तोड़कर सारा सामान खंगालकर इधर-उधर बिखरा दिया। चोर बक्सों में रखे 10 हजार रुपये और करीब एक लाख रुपये के जेवर ले गए। सुबह सोकर उठने पर चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। यूपी 112 की पीआरवी और थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पूछताछ की। इससे पहले रविवार की रात चोरों ने गांव सरैंया के एक घर में नकब लगाकर और दूसरे घर में दीवार फांदकर नकदी व लाखों रुपये के जेवर चोरी किए थे। पुलिस ने इन दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। एक महीने में 18 से अधिक चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस किसी भी घटना



गड़रिया चौराहा पर घर के अंदर टूटे पड़े बक्से। • अमृत विचार

का खुलासा नहीं कर सकी है। चोर पुलिस की गश्त व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं।

उधर, थाना मैगलगंज क्षेत्र में भी चोरियों का सिलसिला बदस्तूर जारी है। नवागत प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार पांडेय की रणनीति भी चोरों के सामने फेल है। मंगलवार की रात चोरों ने औरंगाबाद चौकी क्षेत्र के गांव कोल्हौरा निवासी सुनील कुमार और राकेश कुमार उर्फ टेलर के घरों को निशाना बनाया। सुनील कुमार ने बताया कि वह मंगलवार की रात परिवार सहित छत पर सो रहे थे। तभी घर में घुसे चोर बक्शे में रखे 50 हजार रुपये, सोने के झाले, मांगबेंदी, तीन सोने के माला, एक मंगलसूत्र, एक कमर बिछुआ, दो करधनी बच्चों की, दो जोड़ी बच्चों के खडुआ व टार्च आदि चोरी कर ले गए। वह गांव-गांव में कपड़ा बेंचने के लिए फेरी का कार्य करता है। चोर राकेश कुमार के घर से भी हजारों का सामान चोरी कर ले गए। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### खिड़की की सरिया उखाड़कर घुसे चोर ले गए सोने के जेवर

लखीमपुर खीरी। थाना खीरी क्षेत्र के गांव जुलाहनपुरवा (मोतीपुर) निवासी राजिया ने बताया कि मकान के पीछे की खिड़की में लगी सरिया उखाड़कर रात में चोर उसके घर में घुस आए। कमरे के अंदर रखी अलमारी का लॉकर तोड़ दिया। उसमें रखे उसकी बेटी गुलनाज का सोने का हार, कान के बुंदे, मंगलसूत्र, नथुनी, एक जोड़ी पायल, 12 जोड़ी चांदी की बिछिया, एक चांदी की अंगूठी और चांदी के सिक्के चोरी कर ले गए। पीड़ित महिला ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### त्रिलोकपुरवा के एक घर से लाखों की चोरी

लखीमपुर खीरी। कोतवाली सदर की पुलिस चौकी महेवागंज के गांव त्रिलोकपुरवा निवासी इंद्रजीत वर्मा के घर चोर घुस गए। कमरे में रखी अलमारी और बक्सों आदि का ताला तोड़ दिया। चोर अलमारी के लॉकर में रखे करीब चार लाख से अधिक के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। घटना के बाद से गांव में चोरों की दहशत है। सूचना पर पहुंची महेवागंज चौकी पुलिस ने मौका मुआयना किया है। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

### युवक से बाइक, मोबाइल 20 हजार रुपये छीने :

**कलान।** गांव सथरी निवासी रवि कोरी ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया है कि वह 24 जून को गांव के पास बाइक लिए खड़ा था। थाना तभी गांव बडेरा लालपुर के कुछ लोग आए और गाली गलौज करते हुए पीटने लगे। उसकी बाइक, मोबाइल और 20 हजार रुपये छीन कर भाग गए। उसने थाना प्रभारी कार्रवाई की मांग की।

# बाढ़ से निपटने की तैयारियों की प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- जनप्रतिनिधियों ने दिए सुझाव, अधिकारियों ने पेश किया तैयारी का खाका

**अमृत विचार:** बाढ़ और कटान से निपटने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से की गई तैयारियों की बुधवार को प्रभारी मंत्री ने समीक्षा की। इसमें जिले के माननीयों ने सुझाव दिए तो वहीं अधिकारियों ने राहत और बचाव कार्यों को लेकर की गई तैयारियों का प्रेजेंटेशन दिया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि जिले में बाढ़ और कटान निरोधी सभी प्रमुख परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। प्रभावित क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्य को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बाढ़ की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, उनके ठहरने, भोजन आदि संबंधी जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सीएम योगी की दो महत्वाकांक्षी बाढ़ एवं कटान नियंत्रण परियोजनाओं का सफल क्रियान्वयन हुआ है। इससे इस बार बाढ़ के असर में कमी आने की पूरी संभावना है।

उन्होंने कहा कि हर प्रभावित व्यक्ति तक तुरंत राहत पहुंचनी चाहिए। पॉवरप्वाइंट प्रेजेंटेशन द्वारा एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने राहत शिविरों का चिन्हांकन, जरूरी संसाधनों की व्यवस्था से लेकर आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी टेंडर प्रक्रिया एवं तैयारी बताई।

उन्होंने कहा कि हर तहसील स्तर पर आपदा नियंत्रण केंद्रों की निगरानी जारी है। अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने कहा कि जिले में 11 बाढ़ एवं कटान निरोधी परियोजनाएं पूरी हैं। जबकि एक परियोजना सुरक्षित स्तर तक पूरी कर ली गए हैं। सुहेली और शारदा नदियों के चैनलाइजेशन कार्य की ड्रोन वीडियोग्राफी से रेखांकित कर लघु फिल्म द्वारा किए गए कार्यों व संभावित लाभ प्रस्तुत कर बताया कि सुहेली नदी को अतिक्रमण मुक्त कर उसकी गहन सफाई कराई गई है, जिससे जल प्रवाह सामान्य बना रहेगा।

मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने गोमती नदी की सफाई और खुदाई कराकर शारदा से जोड़ने का प्रस्ताव रखा। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने धावर नाला की सफाई कराने, विधायक मंजू त्यागी ने डूब क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को सहायता मुहैया कराने का सुझाव दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### अखिल भारत हिंदू महासभा के संगठन मंत्री बने गौरव

**लखीमपुर खीरी।** अखिल भारत हिंदू महासभा की युवा नगर इकाई के गठन को लेकर नगर अध्यक्ष के आवास पर बुधवार को बैठक हुई। इसमें संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिलाध्यक्ष सचिन पांडेय ने बताया कि गौरव शर्मा एवं विशाल कश्यप को नगर संगठन मंत्री, शिवम कुमार को नगर उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देकर संगठन के प्रति निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया गया। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### मकान का ताला तोड़कर नगदी-जेवर ले गए चोर

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला मिश्राना में रहने वाले मोनू अवस्थी के घर पर ताला लगा हुआ था। मंगलवार की शाम उसके घर पर चोरों ने धावा बोल दिया। चोर किसी तरह घर में दाखिल हो गए। घर में रखा कीमती सामान और जेवर उठा ले गए। किसी को घटना की भनक तक नहीं लगी। बाद में जब परिवार लौट कर वापस आया तो कमरों में बिखरा पड़ा सामान देखकर दंग रह गया। उसने पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने मौका मुआयना किया। पुलिस घर के आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। एक कैमरे में संदिग्ध दिखाई दिया है।

# जमीन पर हक पाने को धरने पर बैठे मां-बेटा

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** कई साल से अपनी जमीन पर कब्जा पाने के लिए तहसील के चक्कर काटकर परेशान हो चुकी महिला बुधवार को तहसीलदार कार्यालय के सामने अपने बेटे के साथ धरने पर बैठ गई। पीड़ित महिला और उसके बेटे ने तहसील के अधिकारियों और कानूनगों पर गंभीर आरोप लगाए। उधर, तहसीलदार ने पीड़ित से वार्ता की और कार्रवाई का आश्वासन दिया। पीड़ित मां-बेटे ने जमीन पर कब्जा न मिलने तक धरना जारी रखने का निर्णय लिया है।

बेवा संजीदा बेगम पत्नी स्व. इंतजार हुसैन व उसके बेटे अफजल का कहना है कि उसकी तहसील पलिया के ग्राम नगला में संक्रमणीय भूमि है, जिसमें से उसकी करीब 30 डिसमिल भूमि पर विपक्षी सबर हुसैन ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जब वे भूमि पर कब्जा करने जाते हैं तो विपक्षी एवं उसके पुत्र विवाद करने लगते हैं। वे कई वर्षों से तहसील के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें कब्जा नहीं



धरना पर बैठे मां-बेटे से वार्ता करतीं तहसीलदार आरती यादव। • अमृत विचार

- कई सालों से अपनी जमीन पर कब्जा पाने के लिए काट रहे चक्कर

मिल पा रहा है, जबकि उन्होंने वाद दायर किया था, जिसमें उनके पक्ष में आदेश भी हुआ, लेकिन अफसर कब्जा नहीं दिला सके। 25 फरवरी 2023 को उन्होंने एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया था। एसडीएम ने नायब तहसीलदार को नियमानुसार कार्रवाई का आदेश दिया था, लेकिन अब तक उन्हें भूमि पर कब्जा नहीं दिलवाया गया। उनका आरोप है कि कानूनगो उनसे अवैध धन की मांग कर रहे थे, जिसे उन्होंने देने से मना कर दिया था।

बुधवार को जब वह तहसीलदार कार्यालय के सामने धरने पर बैठे तो अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार दिलीप कुमार ने उनसे बातचीत की और धारा 124 के तहत वाद दायर करने को कहा। पीड़ितों का कहना था कि वह वर्षों पूर्व मुकदमा जीत चुके हैं, लेकिन मौके पर वे संबंधित कोई कागजात न दिखा सके, जबकि तहसीलदार आरती यादव ने उनसे उनके ऑफिस में चलकर अपनी बात रखने को कहा, तो वह इस पर राजी न हुए और धरना स्थल पर ही सबके सामने बात करने की जिद पर अड़े रहे। इसके बाद वे वहां से चली गईं। धरने पर बैठे मां-बेटे ने बताया कि उन्हें जब तक कब्जा नहीं मिल जाता। उनका धरना जारी रहेगा।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें।


## बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ — सत्र : 2025-26

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**

CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेस**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेंटल साइंसेस**
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)

**पैरामेडिकल साइंसेस**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

**फोरेंसिक साइंसेस**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने हाईस्कूल की परीक्षा 2020 में परीक्षा नेशनल हायर सेकेन्ड्री स्कूल सतीपुर बरेली से उत्तीर्ण की थी। मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका व सह प्रमाण पत्र परीक्षा सन् 2020 अनुक्रमांक 0799314 का मुख्य पूरक प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **जैनब सिद्दीकी पुत्री फखरूद्दीन निवासी:- एजाजनगर गौटिया तह. व जिला बरेली**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शिवम गुप्ता व पुत्रवधू सुशीला गुप्ता को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **राम प्रसाद गुप्ता पुत्र छेदा लाल निवासी- मोहल्ला रंगरेजान-2 पलिया कलां, खीरी**

**आवश्यकता है**

एक लड़की या महिला की, जो गर्ल्स होस्टल में रहकर सुपरविजन और खाना बनाने का कार्य कर सके। आकर्षक वेतन रहना खाना साथ में।

**सम्पर्क करें**
**रामपुर गार्डन, बरेली।**
**मो. 9634260005, 9412148721**

**सूचना**

मैनें हाईस्कूल की परीक्षा (वर्ष 2013) में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज से उत्तीर्ण की थी। मेरी हाईस्कूल की अंक तालिका जिसका रोल नं. 1114675 जिला स्कूल कोड सं. -29/16439/1044 है। मेरी हाईस्कूल अंक तालिका वास्तव में कहीं खो गयी है। काफी तलाशने पर अभी तक नहीं मिली। **आरती सक्सेना पुत्री राजीव सक्सेना पत्नी श्री चन्द्रप्रकाश निवासी ग्राम चन्दोई पोस्ट चन्दोई थाना कोतवाली जिला पीलीभीत**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

कर्मणा मनसा वाचा यदभीक्षणं निषेवते।
तदेवापहरत्येनं तस्मात् कल्याणमाचरेत् ॥

मन, वचन, और कर्म से हम लगातार जिस वस्तु के बारे में सोचते हैं, वही हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। अत: हमे सदा शुभ चीजों का चिंतन करना चाहिए।

## संपादकीय

# टकराव टालने का अवसर

इजराइल और ईरान के बीच लागू हुआ युद्ध विराम एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सुखद है कि यह लागू कर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने दोनों देशों से युद्ध विराम की घोषणा का पूरी तरह से पालन करने का आग्रह किया है। इजराइल द्वारा 13 जून को ईरान में परमाणु केन्द्रों व सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए जाने के साथ ही हिंसक टकराव की शुरुआत हो गई थी, जिसके बाद अमेरिका ने भी ईरान के तीन परमाणु केन्द्रों को निशाना बनाया। जवाब में ईरान ने कतर में एक अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर हमले किए। इससे क्षेत्र में असुरक्षा और गहरी हुई। इस बीच अमेरिका की मध्यस्थता के बाद दोनों देशों में समझौता हुआ। इन हमलों में बड़े पैमाने पर जान-माल की हानि हुई है। गौरतलब है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के इरादे से सुरक्षा परिषद की बैठक में 2015 में एक समझौते पर सहमति हुई थी, जिसे संयुक्त व्यापक कार्रवाई योजना के नाम से जाना जाता है, और इसकी अवधि इस वर्ष अक्टूबर में समाप्त हो रही है। यूएन अवर महासचिव रोज़मैरी डीकार्लो के अनुसार इस समझौते के समर्थन में पारित हुए प्रस्ताव की शर्तों को पूरा नहीं किया गया है। ओमान के सहयोग से ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच पांच दौर की द्विपक्षीय वार्ता के बावजूद, परमाणु समझौते को पूरी तरह लागू करने की दिशा में कोई रास्ता नजर नहीं आया है। ईरान व इजराइल के हिंसक टकराव की वजह से वार्ता के छठे दौर को स्थगित कर दिया गया था। ईरान के अनुसार, इसराइली हमलों में कम से कम 606 लोगों की जान गई है और 5,300 घायल हुए हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान का परमाणु नष्ट हो गया है, जबकि अमेरिका की एक खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है लेकिन पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है। साथ ही ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि आक्रामक दुश्मन परमाणु सुविधाओं को नष्ट करने और परमाणु ज्ञान को कम करने के साथ-साथ सामाजिक अशांति को भड़काने के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहा। इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम पर सहमति की खबर निश्चित रूप से अच्छी बात है। परंतु देखना होगा कि इस युद्ध का आगे जाकर क्या असर होने वाला है। युद्ध विराम समझौता एक भयावह टकराव को टालने और ईरान परमाणु मुद्दे को शातिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए एक अवसर है। अब इस मुद्दे के कूटनीतिक समाधान की तलाश की जानी होगी।

# युद्धप्रिय देशों पर हावी न्यूक्लियर वार टेक्नोलॉजी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विस्तृत इतिहास पर नज़र डालने से रेडियोएक्टिव मिनरल्स, इनकी एनरिच्मेंट और इनसे बम बनाने की टेक्नोलॉजी और डिवाइसेस का स्तर दिमाग की चूलें हिलाने के लिए काफी है।**

ईरान के विरुद्ध इजराइल और अमरीका ने युद्ध लड़ा उसमें किन लोगों की जीत हुई है। न तो अमरीकनों की और न ही ईरानियों की। यहूदी और क्रिश्चियन के विरुद्ध ईरान के शिया मुसलमानों की भी नहीं बल्कि इस नई शैली के युद्ध में जीत हुई है टेक्नोलॉजी की। सीग्फ्रिड गेईडियोन ने सन 1947 में प्रकाशित किताब मैकेनाइज़ेशन टेक्स कमांड में भविष्यवक्ता की तरह महसूस किया था कि टेक्नोलॉजी के विकास के उस समय स्वरुप और गति को देखते हुए एक दिन ऐसा आएगा जब टेक्नोलॉजी मनुष्य पर हावी हो जाएगी।

अभी तो मनुष्य ही टेक्नोलॉजी पर हावी है लेकिन कृत्रिम मेधा और इंस्ट्रूमेंटेशन में जो प्रगति हुई है उससे युद्धास्त्र अधिक संहारक, सटीक, त्वरित, गाइडेड और चतुर बना दिए गए हैं। यूक्रेन का रूस पर ड्रोन हमला, भारत द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के लिए हाई-टेक कमांड एंड कण्ट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल और ईरान-इजराइल के हालिया संघर्ष में अमरीका द्वारा प्रयुक्त सर्वोन्नत टेक्नोलॉजी ने न केवल गेईडियोन की सोच को पुष्ट किया है वरन साइंस फिक्शन राइटर्स की दशकों पुरानी कल्पनाओं को साकार कर दिया है। अमरीका और यूरोपियन देश नहीं चाहते कि ईरान बम ग्रेड न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी हासिल करे।

ईरान के न्यूक्लियर ऊर्जा और सम्बद्ध ठिकानों पर हमले के प्रसंग में अमरीका ने इंटेलिजेंस गैदरिंग से किसी तरह खुद को आश्वस्त कर लिया कि ईरान के न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स और इंजीनियर कुछ दिन में ही परमाणु बम बना लेंगे और इसीलिए अतिशीघ्र ऐसे ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है। कंक्रीट या ठोस चट्टानों को भेदते हुए 60 मीटर की गहराई तक मार करने वाले 13,600 किलोग्राम भारी मैसिव आर्डिनेंस पैनीट्रेटर और गाइडेड बम की 14 यूनिट और 30 टॉमहॉक प्रक्षेपास्त्रों को दाग कर अमरीका ने हमला किया था।

**ईरान के न्यूक्लियर ऊर्जा और सम्बद्ध ठिकानों पर हमले के प्रसंग में अमरीका ने इंटेलिजेंस गैदरिंग से किसी तरह खुद को आशवस्त कर लिया कि ईरान के न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स और इंजीनियर कुछ दिन में ही परमाणु बम बना लेंगे और इसीलिए अतिशीघ्र ऐसे ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है।**

परमाणु ठिकाने पर डाले गए विशालतम बम विस्फोट से नुकसान की संभावना इस बात पर निर्भर है कि परमाणु एनरिच्मेंट सुविधा के भीतरी कक्षों में किस-किस वस्तु पर स्ट्राइक से असर पड़ा है। फोर्दो, नतांज़ और इस्फ़हान के प्लांट्स पर 22 जून के हमले में क्या एनरिच किए हुए यूरेनियम के अति-सुरक्षित कंटेनर भी ध्वस्त हुए या 400 से 1200 किलोग्राम, 60 प्रतिशत तक एनरिच किया गया यूरेनियम ईरान ने पहले ही हटा लिया था? मार्च के अंत में अमेरिकी खुफिया समुदाय ने एक आकलन प्रस्तुत किया था जिसके द्वारा राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने यह कहा कि ईरान का समृद्ध यूरेनियम भंडार उच्चतम स्तर पर है और परमाणु अस्त्र रहित एक देश के लिए एनरिच्ड यूरेनियम का इतना बड़ा भंडार रखना अभूतपूर्व है।

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भीतर के गलियारों और कक्षों में रासायनिक और रेडियोलॉजिकल संदूषण होने की बात तो कही है परन्तु रेडियोधर्मी विकिरण का बाहर का स्तर अभी तो सामान्य ही है। हमले में यह सुनिशिचित किया गया कि ईरान के परमाणु इंजिनियर वार हेड्स की कन्फिग्यूरेशन कर पाएं इससे पहले सब-कुछ नष्ट कर दिया जाना चाहिए। पेंटागन की खुफिया शाखा रक्षा खुफिया एजेंसी की पांच पृष्ठों की प्रारंभिक, क्लासिफाइड रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरेनियम एनरिच्मेंट करने वाले सेंट्रीफ्यूज, अधिकांशतः सही हैं और क्षतिग्रस्त नहीं हैं। कोशिश करने से ईरान के इंजिनियर सेंट्रीफ्यूज़ यूनिट्स को फिर से कुछ ही महीनों में चालू कर सकते हैं।

अभी किसी को मालूम नहीं है कि अमरीका ने 22 जून के मिडनाइट हैमर ऑपरेशन पर कितना खर्चा किया है। सात बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर विमानों से गिराए गए 14 गाइडेड बमों और 30 टॉमहॉक मिसाइलों की कुल कीमत ही 140 करोड़ अमरीकी डॉलर है। गाइडेड बम यूनिट 57 -बी और टॉमहॉक मिसाइल की रचनात्मक इंजीनियरिंग में फाइनल कॉन्फिग्युरेशन में विस्फोटक पदार्थ भर कर सील करने तक फ्लीट एक्स्पेरिमेंटेशन स्टेज तक इसे टेस्ट किए जाने तक वर्षों का समय लगता है। बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बमवर्षक विमानों ने अमरीका के मिसौरी एयरबेस से उड़ान भर कर ईरान के परमाणु संस्थानों को बमबारी से नष्ट करने से पहले लक्ष्य क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए लगभग 11,400 किलोमीटर से अधिक की एकतरफा दूरी तय की जिसके लिए कई बार हवा में ईंधन भरने के अलावा 37 घंटे तक बिना रुके उड़ना पड़ा। एक बी-2 बॉम्बर को 37 घंटा उड़ाने का खर्चा करीब 50 करोड़ भारतीय रुपये के मूल्य के बराबर है। इस प्रकार बम, मिसाइल और उड़ानों पर 1 ख़रब 70 अरब भारतीय रुपये खर्च हुए।

न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विस्तृत इतिहास पर नज़र डालने से रेडियोएक्टिव मिनरल्स, इनकी एनरिच्मेंट और इनसे बम बनाने की टेक्नोलॉजी और डिवाइसेस का स्तर दिमाग की चूलें हिलाने के लिए काफी है। थ्योरेटिकल से एक्सपेरिमेंटल फिजिक्स और विस्फोटकों की केमिस्ट्री की खोजयात्रा में टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट का जुड़ाव और विकास खुद में चकित करने वाली विद्यायें हैं। न्यूक्लियर वेपन्स के विकास का इतिहास वैसे तो अल्बर्ट आइंस्टीन की एनर्जी इक्वेशन (ई=एमसी 2) से शुरू होता है परन्तु, सन 1939 में जर्मन सेना आयुद्ध नीति नियामकों ने पहल करके यूरेनियम पदार्थ के विखंडन के सैन्य प्रयोग की जांच के लिए सेना के भौतिक विज्ञानी कर्ट डाइबन्हेर के नेतृत्व में एक शोध कार्यक्रम की स्थापना की। शीघ्र ही अमरीका को इसकी भनक लग गई और अमरीका के राष्ट्रपति ने भौतिकीविद ओपनहाइमर को परमाणु बम बनाने के प्रोजेक्ट पर लगा दिया जिसका कोड-नेम मैनहट्टन रखा गया। अगस्त 1945 में परमाणु बमों को जापान के शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर डाला गया। प्रोजेक्ट मैनहट्टन के सभी डाक्यूमेंट्स अब अध्ययन हेतु डी-क्लासिफाई हो चुके हैं। इसी सिलसिले में रूस, फ्रांस और चीन के परमाणु युद्धास्त्रों के विकास के बारे में अपेक्षाकृत कम जानकारी प्रकाशित होती है। रूस ने तो अपनी जानकारी को दशकों तक गोपनीय रखा और आज भी इन तीनों के बारे में लोगों को अधिक जानकारी नहीं है। बाद में ये तीनों देश न्यूक्लियर बम बनाने और इनका परीक्षण करने में जुट गए थे।

ईरान के तीन न्यूक्लियर संस्थानों को नष्ट करने का मामला अमरीका और इजराइल की एकतरफा कार्रवाई का द्योतक है। पूरे मामले में पुख्ता सूचनाओं की कमी है। ईरान के रहनुमाओं ने कहा है कि देश के एक प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों की हमले में मौत होने के बावजूद यूरेनियम एनरिच्मेंट प्लांट के मरम्मत करके फिर से कुछ महीनों की बाद ही चालू कर दिया जाएगा। साफ़ है कि इरादा न्यूक्लियर बम बनाने का ही है। न्यूक्लियर बम ग्रेड की यूरेनियम और प्लूटोनियम बनाने के लिए एनरिच्मेंट प्लांट का होना जरूरी है। इसके लिए सेंट्रीफ्यूज़ की एक कतार लगाना आसान काम नहीं होता। ईरान में परमाणु टेक्नोलॉजी को लेकर जिस दर्जे का नुकसान हुआ है उसे फिर से स्थापित करने में कम से कम पांच-सात साल का समय तो लगेगा ही। हिस्ट्री ऑफ़ वार टेक्नोलॉजी और न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी के विस्तार का अध्ययन करें तो चकित करने वाले छोटे स्तर की हज़ारों तकनीकी पहलु उजागर होने लगते हैं। पिछले सौ साल में जितना भी बौद्धिक श्रम और प्राकृतिक संसाधन इन सबमें लगा है इनके बारे में पब्लिक डोमेन में उपलब्ध रिसर्च हिस्ट्री के प्रकाशनों को देखने से ही इनकी व्यापकता का बोध होता है। इन प्रकाशनों की संख्या 30 लाख से अधिक है जिसमें क्लासिफाइड इनफार्मेशन का तो जिक्र ही नहीं है।

## प्रसंगवश

# नशे का फैलता मकड़जाल समाज की तबाही

**दिवस विशेष**



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

मादक पदार्थों का सेवन अब केवल व्यक्ति की निजी कमजोरी नहीं बल्कि मानवता के विरुद्ध सबसे बड़े अपराध के रूप में उभर रहा है। यह प्रवृत्ति केवल शहरों के क्लबों, पार्टियों और रेव-संस्कृति तक सीमित नहीं रही बल्कि अब भारत के दूरस्थ गांवों और कस्बों तक अपने पांव पसार चुकी है। ग्रामीण अंचलों में अफीम, चरस, गांजा और हेरोइन जैसे पारंपरिक मादक पदार्थों के साथ-साथ इंजेक्शन के जरिए लिए जाने वाले आधुनिक नशीले रसायनों का चलन भी खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। सबसे चिंता की बात यह है कि अब यह सब कुछ हमारे सामाजिक ढांचे का अभिन्न अंग बनता जा रहा है, मानो जैसे यह कोई स्वाभाविक हिस्सा हो। वैसे यह समस्या केवल भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि दुनिया के अनेक देशों में नशीली दवाओं की अवैध तस्करी और खासकर युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 26 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस' मनाया जाता है लेकिन 36 वर्षों से यह दिवस मनाते रहने के बावजूद नशे की तस्करी पर लगाम कसे जाने के बजाय यह समस्या दुनियाभर में विकराल होती गई है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत में तो नशे का कारोबार अब देश के नामीगिरामी शिक्षण संस्थानों तक फैल चुका है। बड़े शहरों की रेव पार्टियां, जहां महंगे होटल और फार्म हाउसों में धुआं, शराब और कोकीन की महक में आधुनिक युवा वर्ग डूबा होता है, इस विघटन की सबसे वीभत्स तस्वीरें पेश करती हैं। राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक शिथिलता ने इन पार्टियों को लगभग 'छूट प्राप्त अड्डों' में बदल दिया है, जहां पुलिस की कार्रवाई महज दिखावा बनकर रह जाती है। रईसजादों के लिए यह नशे की संस्कृति, 'स्टेटस सिंबल' और 'मॉडर्निटी' का पर्याय बन गई है। कोकीन जैसे पदार्थ, जिनमें गंध तक नहीं होती, उनके लिए नया फैशन स्टेटमेंट हैं, बिना यह समझे कि ये पदार्थ तंत्रिका तंत्र पर सीधा प्रहार करते हैं और धीरे-धीरे शरीर और आत्मा को खोखला कर देते हैं।

इस भयावह स्थिति को और बढ़ावा देने वाला माध्यम है इंटरनेट। यह सूचना क्रांति का माध्यम अब नशीली दवाओं की उपलब्धता और प्रचार-प्रसार का भी प्लेटफॉर्म बन गया है। भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में कॉलेज छात्रों की भागीदारी चालीस प्रतिशत से अधिक है और इस आंकड़े में लड़कियों की संख्या भी चिंताजनक स्तर तक बढ़ चुकी है। अनेक कॉलेज परिसरों में अब यह स्थिति बन गई है कि छात्र अपने ही परिसर में नशा खरीद सकते हैं, यह व्यवस्था किसी संगठित गिरोह से कम नहीं। छात्रों का नशे की ओर झुकाव कई कारणों से होता है, साथियों के दबाव में, मॉडर्न दिखने की चाह में, रोमांच की तलाश में या फिर अवसाद, चिंता और मानसिक अकेलेपन की स्थिति में। चौंकाने वाली बात यह है कि वे दवाएं, जिन्हें मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाया गया था, उन्हें अब नशे के औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मादक पदार्थों का सेवन धीरे-धीरे व्यक्ति की इच्छाशक्ति को इस हद तक खत्म कर देता है कि वह इनका गुलाम बन जाता है। प्रारंभिक प्रयोग के बाद, व्यक्ति पहले जैसी अनुभूति के लिए मात्रा बढ़ाता जाता है और एक ऐसी अवस्था में पहुंच जाता है, जहां उसका पूरा अस्तित्व इन पदार्थों पर निर्भर हो जाता है। इस समय समाज को एक जिम्मेदार संरक्षक की भूमिका निभानी चाहिए। सरकारें जितनी भी योजनाएं बना लें, कानून जितने भी कठोर हों, यदि समाज सजग नहीं हुआ तो इन प्रयासों की सफलता अधूरी रह जाएगी। युवाओं को बचाने के लिए सबसे पहले संवाद की आवश्यकता है, परिवारों में, विद्यालयों में, सामाजिक और धार्मिक मंचों पर। मार्गदर्शन, सहयोग और करुणा से ही युवा वर्ग को उस गर्त से बाहर निकाला जा सकता है, जिसमें वह आज फंसता जा रहा है। यह सोच गलत है कि नशे से लड़ाई केवल सरकार की जिम्मेदारी है, यह संपूर्ण समाज की परीक्षा है और यदि हम सचमुच इस परीक्षा में सफल होना चाहते हैं तो अब और देर नहीं करनी चाहिए। हमें यह स्वीकार करना होगा कि नशा अब एक व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि राष्ट्रीय आपदा है और इस आपदा से लड़ने का एक ही रास्ता है जनचेतना, सहयोग और सामूहिक संकल्प।

# क्या नील गाय की हत्या ही विकल्प है



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

**भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों लेकिन सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है। नील गाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं।**

दो राज्यों के बीच फैले बुंदेलखंड में सड़कें बहुत अच्छी बन गई हैं लेकिन सड़कों पर चलना जानलेवा होता जा रहा है। आए रोज सड़कों पर तेज गति से चल रही कार-मोटर सायकिल से आवागमन करने वालों से एशिया की सबसे बड़ी हिरण प्रजाति रोजड या रोजा का सामना हो जाता है। वाहन तो चकनाचूर होता ही है, चोटें लोगों की मौत का कारण बन चुकी है। मालवा के मंदसौर–नीमच में अफीम के कई किसान पशु के डर से खेती छोड़ चुके हैं। हालांकि कभी इनकी गणना हुई नहीं लेकिन अंदाज है कि सारे देश में नील गाय या रोजा या फिर घोड़परास किसानी के लिए खतरा बने हुए हैं।

हाल ही में बिहार में राज्यभर में 3909 घोड़परास या नील गाय को मारने के लिए काम सौंपा गया है। इनमें सर्वाधिक घोड़परास की संख्या पूर्वी चंपारण में 576 है। समस्तीपुर से ले कर सारण, वैशाली और नालंदा तक आम लोगों की अर्जियां आई हैं कि उनके यहां नील गाय के आतंक से मुक्ति के लिए मारने की अनुमति दी जाए। बीते वर्ष बिहार में आधिकारिक रूप से 4279 नील गाय को मारा गया था जिनमें सर्वाधिक उस वैशाली जिले में मारे गए जहां अहिंसा के पुजारी गौतम बुद्ध का अंतिम उपदेश की घोषणा की थी। यहां 3057 नील गायों को गोली से उड़ा दिया गया था।

उत्तर प्रदेश के राज्य कृषि विभाग के अनुसार, पूरे प्रदेश में लगभग 2.33 लाख (233,000) नील गाय हैं। ललितपुर और इटावा जैसे जिलों में इनका प्रकोप ज्यादा है। राजस्थान के 2015 के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में नील गाय की संख्या 55,000 से अधिक थी। हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों में भी नील गाय की आबादी पाई जाती है और कुछ जगहों पर यह काफी अधिक है।

भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों लेकिन सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है। नील गाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं। कई मामलों में, इस नुकसान के कारण किसानों को अपनी खेती छोड़नी पड़ रही है या वे दूसरी फसलें लगाने से हिचकिचा रहे हैं। कुछ मामलों में, भारी नुकसान से निराश होकर किसानों द्वारा आत्महत्या करने की खबरें भी आई हैं। हालांकि कुछ राज्यों में नीलगाय को मारने की अनुमति दी गई है, यह एक संवेदनशील मुद्दा है। कई लोग नीलगाय को "गाय" से जुड़ा होने के कारण मारना पसंद नहीं करते, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। इसके समाधान के लिए प्रभावी और टिकाऊ उपायों की आवश्यकता है।

तो क्या केवल उनकी हत्या कर देना ही नील गाय का एकमात्र निदान है? पिछले साल पंजाब कृषि विश्व विद्यालय में सुश्री कीरं रानी और भूपेंदर कौर बब्बर का एक शोध कार्य प्रकाश में आया था- मिटीगेटिग ब्लू बुल मेनान्सः एसेसिंग सट्रेजीस फॉर सस्टैनबल ऐग्रिकल्चर, जिसमें नील गाय से खेती को निरापद रखने के बहुत से विकल्प बताए थे। एनआईएससीपीआर और रिसर्च गेट में प्रकाशित शोध के अनुसार, प्राकृतिक और रासायनिक दोनों प्रकार के निरोधक के जरिए जानवरों को डरा कर उनकी नुकसान करने की आदत को काफी कुछ कम किया जा सकता है। खेतों के चारों तरफ बाड़, खाइयां और गड्ढे नील गायों को खेतों में प्रवेश करने से रोक सकते हैं, सोलर शक्ति से संचालित बिजली की बाड़ अधिक प्रभावी निवारक हो सकते हैं, लेकिन इनके लिए उचित डिजाइन और रखरखाव की आवश्यकता होती है। रिसर्चगेट की रिपोर्ट के अनुसार नायलॉन या लोहे की जंजीर की कम से कम 7 फीट ऊंची बाड़ प्रभावी होते हैं। शोध में बताया गया है कि फसलों के चयन को लेकर थोड़ी सावधानी भी इस जानवर की खेत से दूरी बना सकती है। ऐसी फसलें चुनें जिन्हें नील गायों द्वारा खाने की संभावना कम हो। तोरिया, तंबाकू, लेमन ग्रास, नागफनी। रामदाना आदि पर यह जानवर मुंह नहीं मारता। यदि खेत के बाहरी तरफ इन फसलों को बोया जाए तो यह खेत में घुसेगी नहीं। हालांकि यह तरीका आंशिक ही सफल है-एक तो यदि इसे भूख लगे तो यह कुछ भी खा लेता है, दूसरा इसकी लंबही छलांग लगाने की भी क्षमता होती है। फसलों को बदलने से नील गायों के आहार पैटर्न में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। यह वैज्ञानिक भी स्वीकारते हैं कि पारंपरिक तरीके जैसे गौमूत्र, पशु मल या दुर्गंधयुक्त मिश्रण का प्रयोग नील गायों को रोकने में सहायक हो सकता है। इसके अलावा फोरेट और फिनाइल घोल जैसे रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग निवारक के रूप में किया जा सकता है, लेकिन उनकी प्रभावशीलता सीमित है।

## सोशल फोरम

# कमजोर सामाजिक सत्ता



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

जब आप हिन्दू-मुस्लिम के आधार पर देखिएगा, तो आपकी सोच भी उसी के अनुरूप होती जाएगी। आपके पास उसी के पक्ष में तर्क मिलने शुरू हो जाएंगे। यही हाल जाति को लेकर है। आप लोगों को काम, आचरण, व्यवहार और सोच से आकलित करना शुरू कीजिए तो ऐसे वाइरस से बच सकते हैं। वरना झूठ, लूट, परिवारवाद और बकवास को ऐसा खुलेआम तर्क सहित समर्थन भारतीय राजनीति के इतिहास में इसके पहले नहीं था।

देखिए संस्कृति तात्विक नहीं, यौगिक होती है। वह "एक" से बनती ही नहीं है। वह सामाजिक सहयोग और सरोकार से ही विकसित होती है। भारतीय संगीत से आप हिन्दू-मुस्लिम को आधार बनाकर अलग कीजिएगा तो वह बिखरकर छिन्न-भिन्न हो जाएगा। वही हाल फिल्मों का है और साहित्य का भी,सोच-विचार का भी। महात्मा गांधी आचरण में सबसे बड़े और घोषित हिन्दू थे। मुसलमान उन पर सबसे यकीन किए। आप उनको बार-बार पाकिस्तानी बताइएगा और कहिएगा कि ये सब अंदर से यही है। फिर कहिएगा इन पर विश्वास नहीं। आपको पता है कि "वंदे मातरम्" नाम से उर्दू में एक साप्ताहिक निकलता था। सब स्वतः बोलते थे। हर समाज के भीतर बीमारियां ही हैं। सरकार का काम सामाजिक सुधार के काम का नेतृत्व करना नहीं है। इसमें वह सहयोग कर सकती है। सामाजिक कुरीतियां समाज सुधारक ही दूर कर सकते हैं। इसके लिए आपको उसी समाज के भीतर से इन्लाइटमेंट वाले लोगों को ढूंढना होगा। उनको आगे करना होगा। आज शिक्षा को लेकर और अनेक मामलों को लेकर मुस्लिम युवतियां सामने आई हैं और बहुत प्रभावशाली ढंग से अपना काम कर भी रही हैं। इसमें बार-बार असफलता, कम सफलता और फिर धीरे-धीरे सफलता मिलती है। सामाजिक परिवर्तन बहुत दुरूह होता है। इसे आप समाज सुधारकों की जीवनी पढ़कर जान सकते हैं। सोचिए आप अपने भीतर से जात-पात और छुआछूत को तो हटा नहीं पाए और दूसरे को सुधारने को लेकर पैमाल हो रहे हैं। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में सामाजिक आंदोलन बहुत तेज और सशक्त था। आजादी के बाद आपने सामाजिक सत्ता को बिलकुल कमजोर कर दिया।

**-फेसबुक वॉल से**

# सार्थक बहस की सीमाएं और जनतंत्र का दर्शन



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

**ऐसी विचारधारा के लोगों के भीतर भी मूल प्रमेय पर बहस नहीं हो सकती। समय में आए बदलाव के अनुरूप केवल विस्तार के ब्योरों पर बहस हो सकती है।**

क्या एक आस्थावान मज़हबीऔर एक अनीश्वरवादी के बीच धर्म के मुद्दे पर ईमानदार, स्वस्थ और सार्थक बहस हो सकती है? मुश्किल है क्योंकि दोनों के बुनियादी प्रमेय भिन्न हैं और दोनों अपने-अपने प्रमेयों को अंतिम मानकर चलते हैं। फिर मज़हब है आस्था का विषय और आस्था न संप्रेषित हो सकती है, न तर्क से उसका खंडन हो सकता है। मुश्किल तो है किंतु अवधारणात्मक रूप से संभव है। शर्त सिर्फ़ यह है कि दोनों में सौजन्य हो और एक-दूसरे के मनुष्य की मनुष्यता के प्रति सम्मान हो। मनुष्यता का सामान्य आधार तो अमिट है। इसी तरह दो भिन्न मज़हब मानने वालों के बीच भी उसी शर्त पर सार्थक बहस हो सकती है, भले ही उनके बुनियादी प्रमेय भिन्न हों।

जनतंत्र की अवधारणा में राज्य-संबंधी मामलों पर इस तरह की बहस की कोई ज़रूरत ही नहीं क्योंकि जनतंत्र के मूल प्रमेय के अनुसार आस्था और अनास्था राज्य-क्षेत्र के विषय ही नहीं हैं। यदि किसी मज़हब की व्यवस्था इतनी व्यापक है कि राज्य-व्यवस्था उसका अविभाज्य अंग है तो जनतंत्र के साथ उसमें समस्या आनी निश्चित है। जनतंत्र के साथ शरीयत नहीं चल सकती, चलेगी तो वह जनतंत्र का ढोंग मात्र होगा। एक ही समाधान है कि ऐसा मज़हब अपने में अंतर्निहित राज्य-व्यवस्था से अपने को पृथक कर ले। विचारधारा के साथ यह सुविधा नहीं क्योंकि वह तो राज्य और उसके कार्य-क्षेत्र के इर्दगिर्द ही घूमती है। यदि किसी विचारधारा में (वह वाम हो या दक्षिण, मार्क्सवादी हो या सांस्कृतिक राष्ट्रवादी) यह अंतर्निहित है कि उसने अंतिम सत्य पा लिया है और अस्तित्व की गुत्थी को अंतिम रूप से और हमेशा के लिए सुलझा लिया है, तो उस विचारधारावालों की बाहरवालों के साथ सार्थक बहस नहीं हो सकती। बल्कि विचारधारावालों के लिए असहमति के प्रति सहिष्णुता एक अवसरवादी, समझौतावादी क़दम होगा, कायरता होगी। ऐसी विचारधारा के लोगों के भीतर भी मूल प्रमेय पर बहस नहीं हो सकती। समय में आए बदलाव के अनुरूप केवल विस्तार के ब्योरों पर बहस हो सकती है। किंतु ऐसे ब्योरों पर भी भीतर एक राय बन जाने के बाद बाहर वालों के लिए वह अंतिम हो जाएगी, उससे असहमति के प्रति सहिष्णुता विचारधारा के प्रति बेवफ़ाई हो जाएगी। लिहाज़ा, बाहर वालों के साथ उनकी बहस केवल उन्हें कन्वर्ट करने के लिए या मात्र दिखावे के लिए होगी, बहस से निकले किसी इतर निष्कर्ष को मानने के लिए नहीं। यानी, बहस सार्थक नहीं होगी।

राजनीतिशास्त्र का विद्यार्थी होने के नाते जनतंत्र का दर्शन और इतिहास तथा 'विचारधारा' का दर्शन और इतिहास-दोनों की चाहे-अनचाहे घोटाई करनी पड़ी है (वही रोज़ी-रोटी का सवाल)। अब तो उम्र हो गई लेकिन मेरे मन से एक संशय नहीं गया-क्या जनतंत्र और विचारधारा में सामंजस्य संभव है? लगता तो यही है कि सही अर्थ में नहीं। कारण, जनतंत्र में अंतिम कुछ भी नहीं है, न मूल प्रमेय, न विस्तार के ब्योरे। सब कुछ समय-सापेक्ष है और समय किसी भी विचारधारा के अंदरूनी विकास की गति से ज़्यादा तेज़ी से बदलता है। तो जनतंत्र में (संविधान, जो स्वयं भी खास प्रक्रिया से संशोधन के अधीन है, की सीमा के भीतर) सब कुछ जनता को तय करना है। ट्रायल एंड एरर से। इसीलिए पांच साल की सीमा है। ग़लत हो जाए, तो पांच साल बाद रास्ता बदल देंगे। फिर ग़लत हो जाए, तो फिर बदल देंगे। अंतिम सत्य पर आधारित मूल प्रमेयों से लैश विचारधारा के लिए ट्रायल एंड एरर का कोई मतलब नहीं। पांच साल का भी कोई मतलब नहीं। वह तो मूल प्रमेय के अनुरूप विजय को कन्सॉलिडेट करने या 'लिबरेट' करने के लिए जनतांत्रिक संस्थाओं में हेरफेर शुरू कर देगी। विचारधारा के प्रयोग हो चुके हैं। निरंकुश राजतंत्र असफल हो गया तो सीमित राजतंत्र के प्रयोग हुए जो वस्तुतः जनतंत्र ही है। उसी तरह निरंकुश विचाराधारा तंत्र के भी प्रयोग हुए और असफल हो गए। पुनः जनतंत्र की ओर लौटना पड़ा।

जनतंत्र बहुत उत्तम व्यवस्था नहीं है। किंतु जितनी भी व्यवस्थाएं ज्ञात हैं उन्हें आज़माकर देखने के बाद यह साबित हो गया है कि उन सबसे बेहतर है। जनतंत्र में शांतिपूर्ण सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। जैसे वर्तमान पूंजी और सत्ता के गठजोड़ को तोड़ने के लिए चुनाव कानूनों में बुनियादी परिवर्तन संभव है। आज के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ज़माने में उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने जैसे कुछ नियमनों के साथ जनता के (सरकारी) ख़ज़ाने से भी चुनाव कराए जा सकते हैं। जनता का संकल्प हो तो बेहतरी के लिए कोई भी मूलभूत सुधार हो सकता है। किंतु कोई भी सुधार सापेक्ष फल ही देगा। दिव्यान्तर कभी नहीं हो सकता क्योंकि मूल मानव स्वभाव में आमूल परिवर्तन कभी नहीं हो सकता। इसलिए मानव समाज की नियति में दिव्यांतर नहीं है। अस्तु जनतंत्र दिव्यांतर की महत्वाकांक्षा नहीं पालता, न उसका आश्वासन देता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# 70 % ही हुआ काम, 1 जुलाई को क्रॉसिंग खुलना मुश्किल

## रेलवे ओवरब्रिजः 30 जून तक काम पूरा कराने को कार्यदायी संस्था ने लिया ब्लॉक, 4 दिन में 30 फीसदी काम होना कठिन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी-गोला गोकर्ण नाथ

**अमृत विचारः** पीलीभीत बस्ती हाइवे पर एक जुलाई से रफ्तार भर पाना नामुमकिन है, क्योंकि कार्यदायी संस्था ब्लॉक के 15 दिनों में सिर्फ 70 फीसदी ही काम करा पाई है। ऐसे में अगले चार दिन में 30 फीसदी निर्माण पूरा होना नामुमकिन है। ऐसे में एक जुलाई से क्रॉसिंग खुलने का ख्वाब देख रहे वाहन चालकों के मंसूबों पर पानी फिरना तय है। निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों के मुताबिक काम पूरा करने के लिए सात दिन का समय और चाहिए। हालांकि कार्यदायी संस्था के लोग दावा कर रहे हैं कि यदि मौसम का साथ मिला तो 30 जून तक काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद आवागमन के लिए क्रॉसिंग खोल दी जाएगी।

लखीमुपर गोला के बीच रेलवे क्रॉसिंग फरधान और गोला जंगल पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चार साल बाद भी अधूरा है। हालांकि फरधान में ओवरब्रिज का काम जहां पूरा हो चुका है तो वहीं गोला में यह अंतिम पड़ाव पर है, जिसका निर्धारित अवधि में पूरा होना नामुमकिन है, क्योंकि कार्यदायी संस्था की ओर से लिए ब्लॉक की समयावधि 30 जून को पूरी हो रही है।

ऐसे में रेलवे क्रासिंग पर स्टील फैब्रिकेशन के साथ क्रॉस, टाईबीम एवं साइड कॉलम पिलर का काम 96 घंटे में पूरा हो पाना संभव नहीं है। ऐसे में लखीमपुर और गोला के बीच लिया गया ब्लॉक का एक जुलाई से खुलना असंभव है। हालांकि कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार भले ही 30 जून तक काम पूरा होने का दावा कर रहे हों, लेकिन वहां पर काम करने वालों का कहना है कि काम को देखते हुए एक सप्ताह के लिए ब्लॉक अवधि बढ़ सकती है।


साइड पिलर के लिए तैयार किया जा रहा कॉलम। ● अमृत विचार


ओवरब्रिज पर बनी हॉट मिक्स सड़क।


14 दिन में नहीं पड़ी स्टील फैब्रिकेशन।

● **चार दिन में 30 फीसदी निर्माण कार्य करा पाना मुश्किल**

### 16 माह का काम चार साल बाद भी अधूरा

गोला में लखीमपुर रोड पर जंगल वाली क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण फरवरी 2021 से शुरू हुआ, जिसे पूरा करने की समयावधि 16 माह थी। मगर, ओवरब्रिज का निर्माण चार साल तीन माह बाद भी अधूरा है। हालांकि इस साल जुलाई के अंत काम पूरा होने के बाद ओवरब्रिज पर से वाहनों के रफ्तार भरने की संभावनाओं को बल मिल रहा है।

### एनएचआई ने 30 जून तक लिया ब्लॉक

लखीमपुर रोड पर जंगल वाली क्रॉसिंग पर निर्माणधीन ओवरब्रिज का काम पूरा कराने तो एनएचआईए ने 12 से 30 जून तक 19 दिन का ब्लॉक लिया है। ऐसे में गोला से लखीमपुर के बीच वाहनों का चलना बंद है। ऐसे में पीलीभीत बस्ती हाइवे पर से गुजुरने वाले वाहन सिकंदराबाद एवं अलीगंज होकर गुजर रहे हैं। इससे वाहन चालकों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### यह होने हैं अभी काम

1. रेलवे क्रॉसिंग पर स्टील फैब्रिकेशन का काम ।
2. इसके लिए क्रॉस, टाईबीम व साइड कॉलम पिलर का निर्माण।
3. शटरिंग बिछाने का काम ।
4. दोनों तरफ पुल के बीच की गैप भरना।
5. ओवरब्रिज के दोनों तरफ हॉट मिक्स रोड का बनना।
6. ओवरब्रिज के ऊपर सेट बॉक्स कॉलम रखना।

"ओवर ब्रिज का करीब 70 फीसद काम पूरा हो चुका है। टाई बीम पड़ने के साथ क्रॉसिंग के दोनो तरफ पुल के बीच की गैप भरने के लिए साइड कॉलम पिलर का फाउंडेशन भी तैयार हो गया है, जिन पर पिलर खड़े करने का काम हो रहा है। जल्द ही स्टील फेब्रिकेशन का काम पूरा कर क्रॉसबीम पर टाई बीम डालने एवं शटरिंग बिछाने का काम शुरू जाएगा। वहीं सावन में गोला आने वाले शिव भक्तों की सुविधा के लिए गोला एवं फरधान ओवरब्रिज के दोनों तरफ हॉट मिक्स सर्विस रोड बन रही है। हालांकि प्रयास है कि सावन माह में दोनों ओवर ब्रिज तैयार हो जाएं और उन पर वाहन रफ्तार भर सकें।

**-दिलीप कुमार**, कार्यदायी संस्था वीसीआईपीएल।

### कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा।** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गांव भोपतपुर निवासी छाया देवी पत्नी सुधीर कुमार की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें बताया कि 12 मार्च को कचहरी परिसर में तारीख पर आई थी। तारीख लेने के बाद वह घर जा रही थी। इस बीच पीछे से कोतवाली बीसलपुर के गांव परासी उर्फ परसिया निवासी सुरेश कुमार बाइक से आया और टक्कर मार दी। वह बेहोश हो गई। कस्बा बरखेड़ा में सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उस वक्त तहरीर दी, लेकिन सुनवाई नहीं की गई।

### अमावस्या पर कराया यज्ञ, दी आहुतियां

**दियोरियाकलां, अमृत विचार** : अषाढ़ मास की अमावस्या पर आर्य समाज की ओ से बढ़ैरा में यज्ञ कराया गया। मुख्य यज्ञमान देवपाल आर्य सपत्नीक रहे। अवनीश कुमार आर्य ने कहा कि मनुष्य को पंच यज्ञ करना चाहिए, जिससे घर एवं परिवार का कल्याण होता है। नरेश कुमार शास्त्री ने एक भजन के माध्यम से मन मोह लिया। कहा है कि पांच सच्चे देवताओं की पूजा करनी चाहिए जो पांच चेतन देवता होते हैं। कार्यक्रम में आर्य समाज बढ़ैरा के सदस्य मुरारी लाल आर्य, सीताराम आर्य, रमेश चंद्र आर्य, श्रीराम आर्य, सुरेश आर्य, अमित आर्य आदि मौजूद रहे।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

**कार्यालय ग्राम पंचायत पदारथपुर वि.खं. भुता बरेली**

पत्रांकः–25 लेखा/नि0आ0सू0/वर्ष 2025–26 दिनांक 20.06.2025

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पदारथपुर में पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम में सी0सी0 रोड, इण्टरलॉकिंग, खरन्जा नाली निर्माण, सोखपिट नल रिवोर आदि कार्य होना है तथा मनरेगा योजना के अन्तर्गत रसीद खां के मकान से स्कूल तक पक्की नाली निर्माण कार्य अनु0 लागत 1.72 लाख तथा ततीर खां के मकान से पुलिया तक पक्की नाली निर्माण कार्य अनु. लागत 1.96 लाख है, पंजीकृत फर्म सामग्री आपूर्ति सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता, इण्टरलॉकिंग ईट, सरिया, ईट, रोड़ा महीन रेत आदि हेतु निविदा आमंत्रण की जाती है समस्त निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत में दिनांक 30.06.2025 तक जमा कर सकते हैं जिन्हें उसी दिन शाम 4 बजे खोला जायेगा जिस फर्म का टेंडर सबसे कम पर का होगा ग्राम पंचायत द्वारा उसे ही स्वीकार किया जायेगा।

**ब्रजेश कुमार**
**सचिव**

**श्रीमती हसीना**
**प्रधान**

**PUBLIC NOTIFICATION**

Notice is hereby given that the document bearing one original sale deed executed by Mr. Ajay Vikram S/o Prem Chandra Shamra & Smt. Durga W/o Ajay Vikram in favour of Mr. Omveer Singh S/o Manohar Singh registered in the office of Sub-Registrar, Budaun Book No. I, Volume No. 8898 Page No. 181 to 204 & Serial No. 5463 On 25.06.2015 has been misplaced. The online F.I.R. i.e. L.A.R. No. 20250000440216 of the same has been lodged on 24.06.2025 by Mr. Abhishek Singh Chauhan S/o Sadan Pal Singh Chauhan & the aforesaid property is going to be mortgaged with State Bank Of India Home Loan Center Budaun & charge will be created on the residential plot no. 7 having area 130.05 Square Meters part of the khasra no. 8 situated at Village Narau Bujurg Pargana Budaun Tehsil & District Budaun by the bank.

If anyone finds the said missing sale deed or has any objection regarding the acceptance of the said property as security with the bank, kindly inform Mr. Rakesh Sarin, Empanelled Advocate with State Bank Of India, Chamber Near Judge's Entry Gate In Front of Civil Bar, Budaun Mob. No. 9411468895 Or Chief Manager State Bank Of India Home Loan Center Budaun Mob. No. 8292369951 & 7004340761

No claim of any nature whatsoever shall be entertained regarding the said missing sale deed or the property in question mortgaged with the bank after 15 days of publication of this public notice by the Bank.

Rakesh Sarin (Advocate)
116, Tikait Ganj
Near SBI city Branch Budaun
Mob:- 9411468895,9411268895

**कार्यालय ग्राम पंचायत स्वाले मुजाहिदपुर विकासखंड शेरगढ़, बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 की ग्राम निधि/मनरेगा RGSA, की धनराशि से बहुउद्देशीय पंचायत भवन का निर्माण कराया जाना है जिसमें निर्माण हेतु सामग्री सरिया, सीमेंट, बजरी, बजरफुट, प्रथम श्रेणी ईट, इण्टरलॉकिंग ईट, बालू, रेता, चौखट, विंडो, दरवाजे, पाइप लाइन, बिजली फिटिंग, लोहे का गेंट, टंकी फिटिंग, प्राइमर, पेंट, वृक्षारोपण आदि आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदाएं दिनांक 28.06.2025 के 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दोपहर 02 बजे तक खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत करने न करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 01. | ग्राम पंचायत स्वाले मुजाहिदपुर में बहुउद्देशीय पंचायत भवन का निर्माण। | 1746000 |

फरा वी (ग्राम प्रधान) आशिफ हुसैन (सचिव)

**न्यायालय उप जिलाधिकारी, मीरगंज, बरेली**

वाद संख्या– टी202512130605051

1. रामबाबू पुत्र चुन्नीलाल निवासी ग्राम रम्पुरा किसान मजरा सिमरिया तहसील मीरगंज जिला बरेली ……… वादी **बनाम**

1. रामपाल पुत्र चुन्नीलाल 2. इतवारी पुत्र चुन्नीलाल 3. काजल वर्मा नावा. आयु 16 वर्ष संरक्षिका सगी माता विनीता वर्मा पुत्री ओमप्रकाश 4. कामनी नावा. आयु 07 वर्ष संरक्षिका सगी माता विनीता वर्मा 5. किरन नावा. 11 वर्ष पुत्री ओमप्रकाश संरक्षिका सगी माता विनीता वर्मा 6. सागर वर्मा नावा. आयु 13 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश संरक्षिका माता सगी विनीता वर्मा पुत्र ओमप्रकाश 7. विनीता वर्मा पत्नी ओमप्रकाश 8. जोधा लाल पुत्र सालिक राम 9. कन्हई लाल पुत्र कढ़ेराम 10. मुन्नी देवी पत्नी बद्रीप्रसाद 11. एकराम पुत्र मंगलीराम समस्त निवासीगण ग्राम रम्पुरा किसान तहसील मीरगंज जिला बरेली 12. सुखलाल पुत्र एकराम 13. दीपक राजपूत पुत्र एकराम 14. राजू पुत्र एकराम समस्त निवासीगण ग्राम नगरिया खुर्द तहसील विलासपुर जिला रामपुर 15. भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम सिमरिया परगना सिरौली तहसील मीरगंज जिला बरेली ….. प्रतिवादीगण

अंतर्गत धारा 134 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006

आराजी ग्राम जाफरपुर तह. मीरगंज जिला बरेली

चूंकि मुसम्मी रामबाबू पुत्र चुन्नीलाल निवासी ग्राम रम्पुरा किसान तहसील मीरगंज जिला बरेली आदि ने 134 उ.प्र.राजस्व संहिता, 2006 वाद दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप तारीख 02.07.2025 को असालतन या मार्फत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बख्बूवी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा का जवाब दे, होकर मय कागजात मुकदमा के हाजिर हो। वरना आपकी गैरहाजरी में मुकदमा हाजा फैसला कर दिया जायेगा। आज तारीख 18.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत से जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी, मीरगंज, बरेली**

# बलिदान दिवस पर दुर्गावती के योगदान का किया बखान

संवाददाता, मैलानी

● **अखिल भारत वर्षीय गोड महासभा ने की गोष्ठी**

**अमृत विचारः** अखिल भारत वर्षीय गोड महासभा की ओर से वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर हुई गोष्ठी में देश के प्रति उनके बलिदान को याद कर नई पीढ़ी को गोड समाज का इतिहास बताने के लिए प्रेरित किया गया।

अखिल भारत वर्षीय महासभा के जिला अध्यक्ष रामलखन गोंड के नेतृत्व में वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर गोश्ठी कर उनके कार्यां का बखान किया गया।

रेलवे मनोरंजन संस्थान में हुई गोष्ठी का शुभारंभ महारानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर किया। मुख्य अतिथि सपा के पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने कहा कि गोंड समाज की महारानी दुर्गावती मुगल सेना से लड़ते हुए 24 जून 1564 को शहीद हो गई थीं। वह गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना शासक थीं। पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रीतेंद्र पाल सिंह कक्कू ने महारानी दुर्गावती के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने छोटी उम्र में ही करीब 18 युद्धों का सामना किया।

नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि महारानी दुर्गावती मुगल शासन के खिलाफ हुए युद्ध में 40 वर्ष की उम्र में 24 जून 1564 को शहीद हो गई थीं। उन्होंने समाज से एकजुट रहने की अपील की। संचालन करते हुए भरत लाल गोंड ने बताया कि लखीमपुर, पलिया, धौरहरा आदि तहसीलों में गोंड समाज का अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी हो रहा, लेकिन गोला तहसील में नहीं। इस पर पूर्व सपा विधायक विनय तिवारी ने कहा कि सपा सरकार बनने पर गोला तहसील में भी गोंड समाज को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र मिलने लगेगा।

गोष्ठी को सपा जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, विजय पाठक, अशोक कश्यप, युवजन सभा के जिला अध्यक्ष उमेश गिरि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सपा के पूर्व जिला महासचिव नरेश यादव, अवनीश यादव सोनू, विनोद कुमार, लाखन कुमार, यज्ञसेन, जवाहरलाल, लल्लन, पूर्णमासी, रणजीत, राम लखन गोंड आदि मौजूद रहे।

# लोगों को नशा न करने के लिए किया जागरूक


एसएसबी 70वीं वाहिनी मुख्यालय से रैली निकालते एसएसबी जवान।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** 70 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नशा मुक्त भारत अभियान पखवाड़ा मना रही है। इसके तहत मंगलवार को शहर में जागरुकता रैली निकालकर राहगीरों को नशे के दुष्प्रभाव बताकर उससे दूर रहने के लिए किया जागरूक।

कमांडेंट राजन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान पखवाड़े के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें शामिल जवानों ने वाहिनी मुख्यालय से महेवागंज कस्बे तक जागरूकता निकाली।

जवानों ने राहगीरों एवं कस्बा वासियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। हाथ में जागरूकता स्लोगन लिए जवानों ने लोगों से किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करने की अपील की। साथ ही कहा कि इससे शारीरिक हानि के साथ पारिवारिक और आर्थिक क्षति का भी सामना करना पड़ता है। युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लेकर एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत राहगीरों को जागरूक किया। रैली में अधिकारियों सहित महिला एवं पुरुष जवान शामिल रहे।

### युवती को अगवा कर ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत।** थाना न्यूरिया क्षेत्र की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 जून की सुबह चार बजे वह सोकर उठी तो घर पर 18 वर्षीय पुत्री नहीं थी। पता चला कि गांव नगरिया खुर्द कॉलोनी निवासी रामऔतार उसे बहलाकर ले गया। आरोपी के घर परिजनों से पुत्री को वापस करने को कहा तो आरोपी के भाई बाबूराम ने गाली गलौज की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवक को बाग में ले जाकर की मारपीट

**पूरनपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुरकलां के रहने वाले सदाकत नूर खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का युवक उनके बेटे अरमान रजा को अपने बाग में रात में ले गया। वहां उसने धारदार हथियार दिखाकर अरमान से मारपीट की। मोबाइल से वीडियो बना लिया। मंगलवार को रास्ते में घेरकर पिटाई की। इससे पहले भी युवक उनके बेटे के साथ मारपीट कर चुका है। धमकाने का वीडियो युवक ने सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। उनका बेटा काफी भयभीत है। पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड**

UMMEED HOUSING FINANCE

पंजीकृत कार्यालय: 2009-2014, मैग्नम ग्लोबल पार्क, 20 फ्लोर गोल्फ कोर्स एक्सटेन रोड सेक्टर -58, गुड़गांव, हरियाणा, भारत -122011

CIN: U64990HR2016PTC057984

**परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें] कब्ज़ा नोटिस**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने **उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी होने के नाते "वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित का प्रवर्तन (अधिनियम, 2002 (2002 का 54)) और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की [नियम 3] के साथ पठित धारा 13(12) के तहत, प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार उधारकर्ता/ओं को मांग नोटिस जारी किया गया है, जिसमें संबंधित उधारकर्ताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान की वास्तविक तिथि तक सभी लागतों, शुल्कों और खर्चों के साथ नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है।

उक्त उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, ऋणकर्ता//सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित वर्णित संपत्ति का **प्रतीकात्मक कब्जा** निचे दी गई तिथि को ले लिया है।

एतद् द्वारा विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति के साथ लेनदेन न करें और संपत्ति के साथ लेनदेन उसमें निर्दिष्ट राशि के लिए पूर्ण भुगतान तक संबंधित तिथियों से अतिरिक्त ब्याज, लागत और शुल्क सहित **उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड** के अधीन होगा।

सुरक्षित संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधान की ओर आकर्षित किया जाता है।

उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ताओं और गारंटरों, प्रतिभूतियों, बकाया देयताओं और धारा 13(2) के तहत भेजे गए डिमांड नोटिस और उसके तहत दावा की गई राशि और कब्जे की तारीख का विवरण निम्नानुसार दिया गया है:

| उधारकर्ता का नाम और पता, सह-उधारकर्ता गारंटर ऋण खाता संख्या और ऋण राशि | मांग सूचना दिनांक | प्रतीकात्मक कब्जे की तिथि |
|---|---|---|
| **1 अभिषेक कुमार दलिप कुमार के पुत्र (सह-उधारकर्ता सह कानूनी उत्तराधिकारी)** उपरोक्त निवासी- वीर भट्टी, सुभश नगर, बरेली, उत्तर प्रदेश -243001 **इसके अलावा**- श्री श्याम मोटर्स शॉप नंबर 17 आईटीआर मार्केट सी बी गंज बरेली यू.पी.-243502 **ऋण खाता संख्या LXBAR02823-240035504, ऋण समझौता तिथि: 27-मार्च -2024, ऋण राशि: 510000 रुपये/-** | 17-अप्रैल-2024 | 25-जून -2025 |
| | देय राशि रुपये में. | |
| | 533100 रुपये/- (पाँच लाख तैतीस हजार एक सौ रुपये) 17 अप्रैल -25 तक तथा 18-अप्रैल -2025 के आगे ब्याज और अन्य शुल्क के साथ | |

**सुरक्षित संपत्ति का विवरण :-** 83.61 वर्ग मीटर की संपत्ति का वह समस्त अंश एवं खंड गाँव नेकपुर में स्थित, तहसील और जिला बरेली, उत्तर प्रदेश, सीमा इस प्रकार है- पूर्व- विक्रेता की भूमि (डेविड सिंह), पश्चिम-रोड 20 फीट चौड़ा, उत्तर - राजिंदर सिंह और अन्य की भूमि, दक्षिण - जगदीश दास का घर

**दिनांक: 26.06.2025** **प्राधिकृत अधिकारी श्री गौरव त्रिपाठी मोबाइल- 9650055701**
**स्थान: गुरूग्राम, हरियाणा** **उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड**

**श्रीमान् उपजिलाधिकारी तहसील सदर जनपद बरेली**

प्रकाश चन्द्र उर्फ बल्लू पुत्र स्व. रामभरोसे लाल निवासी रॉयल पब्लिक स्कूल के पास, दुर्गा नगर थाना बारादरी तहसील व जिला बरेली

1. श्रीमती चन्द्रा देवी पत्नी स्व. रामभरोसे लाल उम्र करीब 74 वर्ष (पत्नी) 2. श्री प्रकाश चन्द्र उर्फ बल्लू उम्र करीब 53 वर्ष (पुत्र) 3. श्रीमती गुड्डो उर्फ गुड्डी पत्नी रामप्रसाद उम्र करीब 49 वर्ष (विवाहित पुत्री) 4. श्रीमती संगीता पत्नी अभय पारस उम्र करीब 40 वर्ष (विवाहित पुत्री) 5. श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. अजय कुमार उर्फ अज्जू उम्र करीब 55 वर्ष (पुत्र वधू) 6. श्री राजीव कुमार पुत्र स्व. अजय कुमार उर्फ अज्जू करीब 41 वर्ष (पौत्र) 7. श्रीमती ज्योति पत्नी हरि पुत्री स्व. अजय कुमार उर्फ अज्जू, उम्र करीब 32 वर्ष (विवाहित पौत्री) 8. श्री संदीप पुत्र स्व. अजय कुमार उर्फ अज्जू उम्र करीब 31 वर्ष (पौत्र) 9. श्रीमती निर्मला पत्नी स्व. अशोक उर्फ कल्लू उम्र करीब 51 वर्ष (पुत्र वधू) 10. श्री पिन्टू पुत्र स्व. अशोक उर्फ कल्लू उम्र करीब 30 वर्ष (पुत्र वधू) 11. श्री दिनेश पुत्र स्व. अशोक उर्फ कल्लू उम्र करीब 28 वर्ष (पौत्र) 12. कु. गीता पुत्री स्व. अशोक उर्फ कल्लू उम्र करीब 18 वर्ष (अविवाहित पौत्री)

उक्त बारिसानों के हक में बारिसान प्रमाण पत्र, जारी करने हेतु उक्त प्रार्थना पत्र सं.– 2351/NN23/06/2025 उपजिलाधिकारी, महोदय, तहसील सदर जिला बरेली के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जिसके सम्बन्ध में उक्त बारिसानों में से या उनके अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को कोई भी आपत्ति करनी है तो वह आज से 15 दिनों के अन्दर उपजिलाधिकारी तहसील सदर जिला बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है, उसके उपरान्त कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी, और अन्यथा की स्थिति में इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है, यह मानते हुये उक्त बारिसान प्रमाण पत्र कार्यालय द्वारा जारी कर दिया जायेगा।

**यू. पी. प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि.**

(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम) (CIN: U15209UP1976SGC004285)

ISO 9001:2015 बुलंद इरादे, मजबूत निर्माण

कार्यालय महाप्रबन्धक जोन–2, 14–चन्द्रशेखरनगर कालोनी, तुला शेरपुर, संजयनगर बाईपास, बरेली–243122, ई–मेलः gm2.uppclbly@gmail.com

पत्रांक–203/पीसीएल/जी.एम./जोन–2/प्रकाशन दिनांक–24.06.2025

**अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं० 11/PCL/GM/ZONE-2/BLY/2025-26 दिनांक 24.06.2025 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा **http://etender.up.nic.in** की वेबसाइट पर दिनांक 26.06.2025 से दिनांक 08.07.2025 के अपराह्न 01:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है –

| Lot No. | Name of Work |
|---|---|
| 1. | CONSTRUCTION OF MODERN WORKSHOP AND TRAINING ROOMS BUILDING (G plus 2) AT GOVT. I.T.I. CAMPUS PUWANYA, DISTT-SHAHJAHANPUR (U.P.) |
| 2. | CONSTRUCTION OF MODERN WORKSHOP AND TRAINING ROOMS BUILDING (G plus 2) AT GOVT. I.T.I. CAMPUS BAHERI, DISTT-BAREILLY (U.P.) |
| 3. | CONSTRUCTION OF MODERN WORKSHOP AND TRAINING ROOMS BUILDING (G plus 2) AT GOVT. I.T.I. CAMPUS PURANPUR, DISTT-PILIBHIT (U.P.) |

ई–निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्ते कारपोरेशन की वेबसाइट **www.upprojects.org** पर दिनांक 26.06.2025 से देखी जा सकती है।

महाप्रबन्धक
जोन–2, बरेली

# बाघ के हमले में मृत किशोर का किया अंतिम संस्कार, पुलिस रही मौजूद

संवाददाता, बांकेगंज/कुकरा

**अमृत विचारः** बाघ के हमले से घायल किशोर प्रदीप कुमार का अंतिम संस्कार पुलिस कर्मियों और किसान नेताओं की मौजूदगी में किया गया। वन विभाग ने पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपया मुआवजा शीघ्र ही दिलाने का आश्वासन दिया है।

सोमवार को शाम पांच बजे बाघ ने रत्नापुर मार्ग पर घास काट रहे किशोर प्रदीप कुमार पर हमला कर दिया था, जिसकी मौत मंगलवार की सुबह लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की रात जब किशोर का शव कुकरा लाया गया तो तो परिवार को रोते बिलखते देख आसपास रहने वाले लोगों की आंखें भी नम हो गई। सुबह वन विभाग टीम से वन दरोगा अजीत श्रीवास्तव, अंकित बाबू, अफजल खान मौके पर पहुंचे।

जटपुरा बीट के वनकर्मी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी इस बात की भनक लग गई थी कि किसान नेता आंदोलन कर सकते हैं। इससे पुलिस विभाग की टीम भी मौके पर दलबल के साथ मौजूद थी। थाना प्रभारी मैलानी निराला तिवारी, चौकी प्रभारी कुकरा अवलीश पंवार, चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पीड़ित परिवार के घर डेरा डाले रहे। किसानों और जनप्रतिनिधियों की संख्या भी पीड़ित परिवार के यहां बढ़ने लगी।

प्रधान प्रतिनिधि फुरकानुद्दीन उर्फ सिम्मी, ढाका प्रधान रामकिशुन, जिला पंचायत सदस्य खूबचंद, पूर्व प्रधान फजलुर्रहमान अंसारी, सफीक सहित क्षेत्र के तमाम किसान एवं जनप्रतिनिधि आ गए। भारतीय किसान यूनियन चंढूनी के जिला अध्यक्ष बलकार सिंह और वन अधिकारियों के बीच बाघ को पकड़ने को लेकर तीखी बहस हुई। प्रमुख लोगों की मौजूदगी में किसान नेताओं और परिवार ने अपनी मांगें रखीं। वन विभाग ने परिवार को पांच लाख रुपए मुआवजा शीघ्र दिलवाने का आश्वासन दिया।


कुकरा में वनकर्मियों से वार्ता करते किसान नेता। ● अमृत विचार


रत्नापुर में लगाया गया पिंजड़ा।

● **किसान नेताओं ने वन विभाग को तीन दिन में बाघ पकड़ने के लिए दी है चेतावनी**

### तीन दिन में बाघ न पकड़े जाने पर किसान करेंगे आंदोलन

किसान नेताओं ने वन विभाग को बाघ पकड़ने के लिए तीन दिन का समय दिया है। इस अवधि में बाघ न पकड़े जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। क्षेत्र में अधिकांश ग्रामीणों द्वारा खेती किसानी किए जाने के कारण उनका समर्थन भी इन किसान नेताओं के साथ दिखाई दिया।

### 700 किमी की लंबी यात्रा करके पुत्र के संस्कार में पहुंचे पिता

**कुकरा।** मृतक प्रदीप कुमार के पिता मोहनलाल गौतम अमृतसर में पहले से ही मजदूरी करने गए थे। जब उनके परिवार ने उन्हें प्रदीप कुमार पर बाघ द्वारा हमले की घटना के बारे में बताया तब वह दो दिन की यात्रा करके अमृतसर से लगभग 700 किलोमीटर चलकर अपने निवास कुकरा पहुंचे। जब वह घर पहुंचे तो उनके मृतक पुत्र के अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी।

बाघों के मानव पर बढ़ते हमलों से आक्रोशित क्षेत्रवासी वन विभाग से बाघों को पड़कर कहीं दूर भेजने की बात कहते रहे। वन कर्मियों ने बताया कि ढाका में बाघ की उपस्थिति देखते हुए वहां 10 दिन पूर्व ही पिंजड़ा लगा दिया गया था। प्रदीप कुमार पर हमले की घटना के बाद आनंन फानन में दो पिंजरे और लाकर एक पिंजड़ा हजरतपुर पंचायत के ग्राम लौकिहा के निकट लगाया और दूसरा पिंजड़ा रत्नापुर के सरदार पाला सिंह के खेतों में लगाया गया। वन विभाग टीम तीनों पिंजरो व बाघ पर नजर बनाए हुए हैं।

**हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015,
ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com,
शाखाः प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली-243001

आरएलएम–ब्रजेश अवस्थी–9918301885, आरआरएम– हरिश चंद यादव, 7060411785
सीएलएम – शान्तनु प्रताप सिंह–9918837339, सीआरएम–दीपक कुमार शर्मा – 9359650607

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है। विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता | मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि | अचल सम्पतियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UP/LKN/BRLY/A000001581 श्री आफताब अहमद और श्रीमती महरून निशा जी, दोनोंः ललौरी खेड़ा, सेमीअर्बन, पीलीभीत, यूपी– 262001 | 26-02-2025 / 19-06-2025 सांकेतिक | ₹ 3065987 दिनांक 26-02-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खसरा नंबर 585, गांव– खेड़ा, तहसील– सदर, जिला– पीलीभीत, यूपी, सीमाएंः उत्तर– सड़क 3.5 मीटर चौड़ी, दक्षिण– भगवान दास और अन्य का घर, पूर्व– शिव हरि का घर, पश्चिम– शबनम बेगम का घर |
| 2 | UP/LKN/BRLY/A000001671 श्री मोहम्मद तस्लीम और श्रीमती मुनीजा, दोनों : खातून पौटा कलोन पोस्ट पीलीभीत, ग्रामीण पीलीभीत, यू.पी. 262001 | 26-02-2025 / 19-06-2025 सांकेतिक | ₹ 1480601 दिनांक 26-02-2025 तक + ब्याज इत्यादि | गांव– पौटा कलां, तहसील– बीसलपुर, जिला– पीलीभीत, उत्तर प्रदेश– 262001, सीमाएंः उत्तर– अनीस अहमद का घर, दक्षिण– अली हुसैन का घर, पूर्व– मोहम्मद हसन का घर, पश्चिम– रास्ता 3.86 मीटर चौड़ा |
| 3 | UP/LKN/BRLY/A000000525 श्री परमेश्वरी दयाल, ग्रेटर आकाश कॉलोनी, हार्टमैन, रोड, इज्जत नगर, शहरी, बरेली, यूपी–243122, श्रीमती मुन्नी देवी, ग्राम चकदहा, भगौतीपुर शाही, सेमीअर्बन बरेली, यूपी–243505 | 26-02-2025 / 20-06-2025 सांकेतिक | ₹ 404153 दिनांक 26-02-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खसरा नंबर 206 और 208 हार्टमैन रोड, ग्रेटर आकाश कॉलोनी, बरेली, उप– 243122, सीमाएंः उत्तर– 30 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण– पवन बजाज का मकान, पूर्व– श्रीमती प्रवेश कुमारी का मकान, पश्चिम– प्रेम सिंह का मकान |
| 4 | UP/LKN/BRLY/A000001484 श्री मोहम्मद शाकिर, डांग अमखेरा, सेमीअर्बन, पीलीभीत, उ.प्र. – 262001, श्रीमती प्रीति कुमारी, ग्राम गिरधरपुर, पोस्ट– गिरधरपुर, बहेरी, जिला–बरेली, उ.प्र. – 243201 | 26-02-2025 / 20-06-2025 सांकेतिक | ₹ 1189036 दिनांक 26-02-2025 तक + ब्याज इत्यादि | बेनी चौधरी गाटा संख्या 39, ग्राम बेनी चौधरी, हरश्रिंगार वालों की मजार, पीलीभीत, उप्र– 262001, सीमाएंः उत्तर– अन्य प्लॉट, दक्षिण– सड़क 12 फीट चौड़ा कच्चा, पूर्व– अन्य प्लॉट, पश्चिम– अन्य प्लॉट |

दिनांक : 24.06.2025, स्थान : बरेली प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निम्नलिखित कार्यो के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं 1:**– खुली ई–निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ओटी/09/2025, दिनांक 18.06.2025, कार्य का नामः इज्जतनगर मण्डल की विभिन्न गाड़ियों की पावर कार के कमिंस निर्मित डीए जनरेटर सेट एवं अन्य उपकरणों की काम्प्रीहेन्सिव ए.एम.सी., सहित डीजल इंजन, अल्टरनेटर और पावर कारों के विभिन्न मेक के अन्य उपकरणों की ए–चेक, बी–चेक और सी–चेक अनुरक्षण तथा ट्रेनों में पावर कार और एल.एस.एल.आर.डी. कोच की 02 वर्ष की अवधि हेतु ऑनबोर्ड एस्कॉर्टिंग कार्य। अनुमानित लागत रू मेंः ₹1,18,82,066.58, धरोहर राशि रू मेंः ₹2,09,500,00 निविदा प्रपत्र का मूल्य रू मेंः शून्य, ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 10.07.2025, 15.00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 24 माह।

**क्रम सं 2:**–खुली ई–निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ओटी/07/2025, दिनांक 24.06.2025, कार्य का नामः इज्जतनगर मंडल के रामनगर यार्ड की रिमॉडलिंग एवं नई वाशिंग पिट के निर्माण में अवरोधक विभिन्न संरचनाओं के विस्थापन एवं यात्री सुविधाओं में संवर्धन सम्बन्धित विद्युतीकरण कार्य। अनुमानित लागत रू मेंः ₹80,88,934.92 धरोहर राशि रू मेंः ₹1,61,800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू मेंः शून्य, ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 15.07.2025, 15.00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 माह।

इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। निविदादाता के पास क्लास–III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय अपलोड किये जाने चाहिये। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे समय–समय पर ऑनलाइन जारी किए गए शुद्धिपत्र की जांच करें, यदि कोई हो। समाचार पत्र में अलग से कोई प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सा.)/**
**मुजाधि/विद्युत–68 इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# सपा, आरजेडी का दोहरा चरित्र लोकतंत्र के लिए खतरनाक

## मुख्यमंत्री ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर 'भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय' विषयक संगोष्ठी में साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर 'भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय' विषयक संगोष्ठी में कहा कि समाजवादी पार्टी हो या आरजेडी दोनों ने संविधान हत्या दिवस पर न तो कोई बयान और न ही सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट किया। इन दोनों पार्टियों के वरिष्ठ नेता संविधान का गला घोंटने के कांग्रेस के कृत्य के खिलाफ थे, कांग्रेस की तानाशाहीपूर्ण कार्यवाही के विरोध में आंदोलनरत थे।

लोकभवन में आयोजित संगोष्ठी में योगी ने कहा कि ये लोग अपने स्वार्थ के लिए कांग्रेस के सामने नाक रगड़ते दिखाई पड़ते हैं। ये लोग लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देते हैं, लेकिन संविधान का गला घोंटने वालों और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने वालों को अपने गले का हार भी बनाते हैं। इनका यह दोहरा चरित्र लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।



लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार में आपातकाल की 50वीं बरसी पर लगाई गई प्रदर्शनी देखते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

इससे पहले मुख्यमंत्री ने 'आपातकाल की त्रासदी' विषय पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के कवर पेज एवं चित्रों के माध्यम से लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार द्वारा उन पर किए अत्याचारों को प्रदर्शित किया गया था, जिसका योगी ने अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान योगी के साथ मंच पर विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक, लोकतंत्र सेनानी एवं पूर्व सांसद डॉ. अशोक वाजपेयी, विश्राम सागर एवं देवी दीन पाल मौजूद थे।

### लोकतंत्र सेनानियों ने साझा किए अनुभव

**अमृत विचार :** कुछ लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल के दौरान उन्हें मिली यातनाओं को कार्यक्रम में मौजूद लोगों से साझा किया। किसी ने अपने भूमिगत होने के किस्से सुनाए तो किसी ने थाने एवं जेल के अपने अनुभवों को बताया। ससंदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतंत्र सेनानियों ने जो यातनाएं एवं अत्याचार झेला है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने बरेली जेल के अपने अनुभवों को साझा किया।

### लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान

**अमृत विचार :** कार्यक्रम में 26 लोकतंत्र सेनानियों को पटका पहनाकर योगी ने सम्मानित किया। सम्मानित होने लोकतंत्र सेनानियों में कृष्ण कुमार दीक्षित, गणेश राय, राकेश स्वरूप निगम, अजीत कुमार सिंह, सुरेश शिवजी रानी, डॉक्टर अजय शर्मा, जयदेव आहूजा, हरि श्याम रस्तोगी, राम किशोर शर्मा, अशोक शर्मा, डॉ. संतोष कुमार वाजपेयी, डॉ. बलवेंद्र अवस्थी, मधुकर मिश्रा, रामतीर्थ वर्मा, सुरेश चतुर्वेदी, सत्यप्रकाश जैन, रामचंद्र सिंह, आशुतोष पाठक, डॉ. राम लोलाक उपाध्याय, सरल मालवीय, सतीश चंद्र गौड़, दिनेश प्रताप सिंह, दिनेश अग्निहोत्री, संजय मिश्रा, भारत त्रिपाठी, धीरेन्द्र श्रीवास्तव शामिल रहे।

### भाजपा ने आपातकाल की विभीषिका पर किया संवाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को आपातकाल के 50वें वर्ष में जिला स्तर पर संगोष्ठियों के माध्यम से उस दौरान की विभीषिका पर संवाद किया। प्रदर्शनियों के माध्यम से आपातकाल में रक्तरंजित हुए लोकतंत्र की झांकी प्रस्तुत की गई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मुरादाबाद में संगोष्ठी को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतापगढ़ और प्रयागराज, ब्रजेश पाठक ने बाराबंकी में काला दिवस पर संगोष्ठियों को संबोधित किया। वहीं केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर मेरठ, राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ कानपुर, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा गौतमबुद्धनगर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमापति राम त्रिपाठी संतकबीरनगर, डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय गाजीपुर, स्वतंत्र देव सिंह ललितपुर में रहते हुए कार्यक्रम में शामिल हुए।

### एक नजर

#### योगी की मौजूदगी में रखी जाएगी ग्रीन डाटा सेंटर की आधारशिला

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश की आर्थिक, औद्योगिक और तकनीकी उन्नति में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। योगी की मौजूदगी में गुरुवार को गाजियाबाद के साहिबाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डाटा सेंटर की आधारशिला रखी जाएगी। साहिबाबाद के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लि. के कार्यालय में आयोजित इस फाउंडेशन स्टोन लेइंग सेरेमनी कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जीतेन्द्र सिंह और उत्तर प्रदेश के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा भी हिस्सा लेंगे।

#### प्रदेश में मक्का की खरीद प्रक्रिया शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 (खरीफ फसल) में पहली बार मक्का की सरकारी खरीद शुरू की है। इस योजना के तहत प्रदेश के 23 जिलों में किसानों से मक्का की खरीद की जाएगी। इनमें फिरोजाबाद, मैनपुरी, आगरा, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, बुलंदशहर, रामपुर, सम्भल, बदायूं, कानपुर नगर, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, हरदोई, उन्नाव, अयोध्या, बहराइच, गोंडा, बस्ती और मिर्जापुर शामिल हैं। शासन की ओर से किसानों से मक्का का समर्थन मूल्य 2225 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। मक्का खरीद की अवधि 15 जून से 31 जुलाई तक निर्धारित की गई है।

#### अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र की मंजूरी पर जताया आभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगरा स्थित सिंगना में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना को मंजूरी दिये जाने पर प्रदेश के मंत्रियों ने केंद्र सरकार का आभार जताया है। उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि यह केंद्र कृषि उत्पादकता बढ़ाने, मूल्य संवर्धन व रोजगार सृजन के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

# एनडीडीबी संभालेगा यूपी में दूध व्यवस्था

## मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी में हुआ एमओयू, सौंपी गई 4 प्रमुख इकाइयों की कमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. में अब दूध और पशु आहार की व्यवस्थाएं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की देखरेख में होंगी। कानपुर, गोरखपुर, कन्नौज के डेयरी प्लांट और अंबेडकरनगर की पशु आहार निर्माणशाला का संचालन एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) को सौंपा गया है। किसानों की आय बढ़ाने और पशुपालन को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार और एनडीडीबी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान प्रदान हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में बुधवार को डेयरी सेक्टर में क्रांतिकारी पहल करते हुए राज्य की 4 प्रमुख इकाइयों की कमान एनडीडीबी को सौंपी गई। इनमें राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) द्वारा संचालित तीन डेयरी प्लांट (कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज) और अंबेडकरनगर स्थित एक पशुआहार निर्माणशाला का संचालन शामिल है। एनडीडीबी को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी दक्षता, पारदर्शिता और व्यावसायिकता के नए मानक स्थापित होंगे, साथ ही दुग्ध उत्पादकों को समयबद्ध भुगतान, बेहतर मूल्य और स्थायी विपणन की सुविधा प्राप्त होगी।

### अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य बन सकता है उप्र. : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने इस मौके पर कहा कि एनडीडीबी जैसे दक्ष एवं अनुभवी संस्थान को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी कुशलता, व्यावसायिक पारदर्शिता और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश की पशुधन संपदा और दुग्ध उत्पादन की विशाल क्षमता को यदि नियोजित और वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया जाए तो उत्तर प्रदेश न केवल देश का अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य बन सकता है, बल्कि वैश्विक डेयरी मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है।

> जिन तीन डेयरी प्लांट और एक पशु आहार निर्माणशाला के संचालन की जिम्मेदारी एनडीडीबी को सौंपी गई है, वे आने वाले वर्षों में प्रदेश के सबसे लाभकारी और मॉडल इकाइयों के रूप में स्थापित होंगी।
>
> – मीनेश शाह, चेयरमैन, एनडीडीबी

### बड़ी बाधाएं होंगी दूर

प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास विभाग ने बताया कि कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज के प्लांटों का निर्माण पूरा होने के बावजूद वाणिज्यिक बायर्स के अभाव तथा परिचालन लागत की चुनौतियों के कारण पूर्व में संचालन में बड़ी बाधाएं उत्पन्न हुई थीं। अब इनका संचालन एनडीडीबी के माध्यम से किए जाने से यह इकाइयां पुनः पूरी क्षमता से कार्य करने लगेंगी।

# आपातकाल से रूबरू होगी युवा पीढ़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● हर जिले में आपातकाल स्मरणोत्वस मनाया जाएगा

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आपातकाल दिवस, न केवल स्मरण का अवसर है बल्कि गहन चिंतन और लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के प्रति नई प्रतिबद्धता का अवसर भी है। इसलिए अगले 25 जून 2026 तक प्रत्येक जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, कैनवास सेट स्थापित कर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, देशभक्ति गीत और लोकतंत्र और देशभक्ति की थीम के जुड़े गीत लगातार बजाए जाएं।

यह निर्देश बुधवार को मुख्य सचिव उप्र. ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र के माध्यम से दिए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय आपातकाल के 50वीं वर्षगांठ पर जारी पत्र में स्पष्ट किया है कि 25 जून 2026 तक स्मरणोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान मॉल, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, पार्क, कॉलेज व विद्यालयों में प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न आयोजनों के माध्यम से आपातकाल से जुड़ी त्रासदी, विप्पतियां से जनमानस को अवगत कराया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि आपातकाल के प्रत्यक्ष प्रभावित व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करने वालों को आमंत्रित किया जाए, अनुभव साझा कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधान सभा व विकास खंड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए एक अधिकारी उपजिलाधिकारी स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाए।

### खरीफ सीजन में किसानों को मिलेगी पर्याप्त मात्रा में खाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** खरीफ सीजन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद मिलेगी। निजी उर्वरक रैक से 40 प्रतिशत आपूर्ति उत्तर प्रदेश सहकारी विपणन संघ (पीसीएफ) को दिया जाएगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में हुई बैठक में खाद वितरण की नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया। प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र ने नई व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिये हैं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष भी 50 प्रतिशत उर्वरकों की आपूर्ति पीसीएफ को कराई गई थी। प्रमुख सचिव कृषि ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि खाद वितरण की इस व्यवस्था को राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर कृषकों तक पारदर्शी रूप से पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी स्वयं मौके पर जाकर वितरण व्यवस्था की निगरानी करें व यह सुनिश्चित करें कि कोई भी विक्रेता कालाबाजारी या 'ओवररेटिंग' न करने पाये।

# मूसलाधार बारिश और वज्रपात का अनुमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● तीन दिनों तक प्रदेश में मानसूनी हलचल रहेंगी तेज

**अमृत विचार :** प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में मानसून ने तेजी पकड़ ली है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटों में राज्य के अधिकतर हिस्सों में मूसलाधार बारिश और वज्रपात की स्थिति बन सकती है। खासकर तराई और बुंदेलखंड के 14 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अगले तीन दिनों तक प्रदेश में मानसूनी हलचल तेज रहेंगी और बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। बीते दो दिनों से जौनपुर, प्रतापगढ़, कानपुर, सुल्तानपुर, औरैया, हमीरपुर आदि जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी हिस्से में 30 जून तक लगातार भारी वर्षा की संभावना जताई है। वहीं पश्चिमी उप्र. में 27 जून तक भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी गई है।

भारी बारिश की आशंका के बीच राज्य को बाढ़ से बचाने की भी तैयारी है। इस बीच राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से देशभर में मॉक ड्रिल गुरुवार को होगी, जिसमें प्रदेश के भी तमाम बाढ़ प्रभावित जिले शामिल हैं।

### बेसिक शिक्षा अधिकारी बनेंगे क्रिकेटर रिंकू सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह को शीघ्र ही बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाने की तैयारी है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। उधर, बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है। रिंकू सिंह को अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली 2022 के तहत नियुक्ति दी जाएगी।



दरअसल, क्रिकेटर रिंकू सिंह अलीगढ़ जिले से हैं और हाल ही में उनकी सगाई सपा की सांसद प्रिया सरोज के साथ हुई थी। इस मौके पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में खेल और राजनीतिक जगत के दिग्गज शामिल हुए थे।

# देश में आज भी अघोषित आपातकाल : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● कहा : सच बोलने पर किया जा रहा प्रताड़ित



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में आज देश में अघोषित आपातकाल है। पत्रकारों के सच लिखने पर पाबंदी है। जाति और धर्म के नाम पर भेदभाव हो रहा है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जब लोग इमरजेंसी को याद कर रहे हैं तो इस समय जो इमरजेंसी है, उसे भी ध्यान में रखना चाहिए।

सपा प्रमुख ने बुधवार को फर्रुखाबाद में पूर्व सांसद स्व. छोटे सिंह यादव की त्रयोदशी एवं शांति पाठ कार्यक्रम शामिल होने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भी महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार चरम पर है। लोगों की आवाज दबाई जा रही है। सच बोलने पर प्रताड़ित किया जा रहा है। इस समय देश में अघोषित इमरजेंसी है। भाजपा इस अघोषित इमरजेंसी का दिवस कब मनाएगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि आज जो घटनाएं हो रही हैं, ऐसा इमरजेंसी में भी नहीं हुआ था। इटावा में वर्चस्ववादी लोगों ने भागवत कथा वाचक के साथ दुर्व्यवहार किया।

## सार-संक्षेप

### नए मतदाताओं के लिए चलाया जाए विशेष अभियान : रिणवा


मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण के अंतिम दिन 144 ईआरओ ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण प्राप्त ईआरओ अपने-अपने क्षेत्र में अधीनस्थ बीएलओ और सुपरवाइजरों को भी छोटे-छोटे समूहों में प्रशिक्षित करें, ताकि प्रत्येक स्तर पर प्रक्रिया की गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने उन बूथों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

### पौधरोपण की तैयारी पूरी, यूपी बनाएगा नया कीर्तिमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 1 से 7 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव के दौरान पूरे प्रदेश में रिकार्ड 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। वन एवं वन्यजीव विभाग ने सभी तैयारी लगभग पूरी कर ली हैं। वन महोत्सव आयोजन के नोडल अधिकारी विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक दीपक कुमार ने बताया कि विभिन्न विभागों के समन्वयन से निर्धारित लक्ष्य 52 .33 करोड़ पौधों की सैपलिंग का एकत्रीकरण किया जा चुका है। इससे पूर्व 72,912 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण के लिए मिट्टी तैयार कर ली गई है। वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में मेरठ और गोरखपुर मंडल के अलावा सभी मंडलों की समीक्षा बैठक संपन्न हो चुकी है। जल्द ही पौधरोपण की तिथि तय होते ही प्रदेशव्यापी स्तर पर वन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### नवचयनित सिपाहियों को मिलेगी पैडागॉजी ट्रेनिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. पुलिस में नवचयनित 60,244 सिपाहियों को 112 रीजनल ट्रेनिंग सेंटर्स में प्रशिक्षण देने के लिए निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी और आरक्षियों की तैनाती हो रही है। ये सभी कर्मी 21 जुलाई से 9 माह तक प्रशिक्षण केंद्रों में नवचयनित सिपाहियों को ट्रेनिंग देंगे। मानकों के अनुसार पैडागॉजी ट्रेनिंग देने के लिए 191 निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक भेजे गए हैं। इसके अलावा पीटीआई ट्रेनिंग हासिल करने वाले 193 मुख्य आरक्षी एवं आरक्षियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। आगामी 21 जुलाई से प्रदेश के 10 प्रशिक्षण संस्थानों एवं 102 स्थाई/अस्थाई जनपदीय/पीएसी रीजनल ट्रेनिंग सेंटर्स में नवचयनित सिपाहियों की 9 माह की जमीनी ट्रेनिंग शुरू होनी है। इसके लिए सभी कमिश्नरेट और जिलों से अंत: एवं वाह्य विषयों में पारंगत कर्मियों की बतौर प्रशिक्षक ड्यूटी लगाई गई है। प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा कर्मियों को तत्काल प्रशिक्षण केंद्रों के लिए भेजने का आदेश जारी किया जा चुका है। पेडगोजी ट्रेनिंग का मतलब है शिक्षण-पद्धति या शिक्षाशास्त्र की ट्रेनिंग। यह शिक्षकों और प्रशिक्षकों को इस बात का ज्ञान और कौशल प्रदान करती है कि वे प्रभावी ढंग से कैसे प्रशिक्षण प्रदान करें। साधारण शब्दों में यह इस बात का अध्ययन है कि कैसे किसी को किसी विषय में दक्ष बनाया जाए।

### बघेल ताल बनेगा इको पर्यटन हब : जयवीर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहराइच स्थित बघेल ताल (बघेल झील) को राज्य पर्यटन विकास निगम इको पर्यटन के रूप में विकसित करेगा। बहराइच-गोंडा मार्ग पर पयागपुर के दक्षिणी छोर के पास स्थित बघेल ताल अपनी प्राकृतिक जैव विविधता के लिए विख्यात है। अब इसे लगभग 2 .20 करोड़ रुपये की लागत से पर्यावरणीय संतुलन और पर्यटन की दृष्टि से पुनर्जीवित किया जाएगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया, बघेल ताल प्रदेश के सबसे बड़े वेटलैंड्स में से एक है। इस परियोजना के माध्यम से झील के पारिस्थितिकी तंत्र (इको सिस्टम) को संरक्षित रखने के साथ-साथ पर्यटन की आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### एआई व साइबर सुरक्षा पर कर्मचारियों को प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल करते हुए बुधवार को लखनऊ स्थित उप्र. कौशल विकास मिशन के मुख्यालय में एआई प्रज्ञा परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उत्पादक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जनरेटिव एआई) तथा साइबर सुरक्षा जैसे समसामयिक विषयों पर केंद्रित रहा, जिसमें मिशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बुनियादी अवधारणाओं के साथ-साथ उन्नत तकनीकी टूल्स तथा साइबर सुरक्षा तकनीकों की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही इन तकनीकों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन (डेमॉन्स्ट्रेशन) भी प्रस्तुत किया गया, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक समझ विकसित करने में सहायता मिली। कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि प्रशिक्षण से प्रदेश में उच्च तकनीकी क्षमताओं का विकास होगा और हमारे अधिकारी व प्रशिक्षणार्थी भविष्य की कार्य आवश्यकताओं के लिए और अधिक सक्षम बन सकेंगे।

# प्रबंधन के बयान से कर्मियों में उबाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● जेल का विकल्प देने पर भड़के बिजली कर्मी

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन के जेल का विकल्प देने के बयान से बिजली कर्मियों में उबाल आ गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने कहा कि बिजली कर्मी डरने वाले नहीं हैं। निजीकरण के लिए टेंडर होते ही बिजली कर्मी जेल भरो अभियान शुरू कर देंगे।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने आरोप लगाते हुए कहा कि कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिजली कर्मियों को धमकी देते हुए जेल का विकल्प पत्र भरने की बात कही है। सभी प्रबंध निदेशकों और उच्च अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि दो दिन में कर्मियों से जेल जाने का विकल्प ले लिया जाय। उन्होंने कहा कि इस बयान ने 50 साल बाद एक बार फिर आपातकाल की याद ताजा कर दी है। इस बीच, आपातकाल के 50वें वर्ष पर प्रदेश के सभी जिलों व परियोजनाओं पर बिजली कर्मियों ने विरोध सभा कर अन्याय, दमन और सार्वजनिक संपत्ति की कथित लूट के विरोध में सामूहिक जेल भरो आंदोलन का संकल्प लिया।

### उपभोक्ता परिषद ने सौंपा उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बुधवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की और उन्हें निजीकरण के विरोध में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में निजीकरण प्रक्रिया की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के 42 जिलों में बिजली के निजीकरण के मसौदे पर राज्य विद्युत नियामक आयोग के जरिये बड़े पैमाने पर गंभीर वित्तीय अनियमितता उजागर हुई है। कहा गया है कि निजीकरण किए जाने का प्रस्ताव बड़े निजी घरानो को लाभ देने वाला फैसला है।

# आधुनिक कृषि यंत्र बदलेंगे हालात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● 450 अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाले कंबाइन हार्वेस्टर से किसानों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार :** प्रदेश के 62 जिलों में आधुनिक कृषि यंत्रों से प्रदेश के किसान रफ्तार भरेंगे। 450 अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाले कंबाइन हार्वेस्टर से हालात बदलेंगे।

शासन के अधिकारियों के अनुसार, आधुनिक यंत्रों से न केवल किसानों को फसल कटाई में होने वाली अतिरिक्त मेहनत से राहत मिलेगी, बल्कि फसलों की क्षति भी काफी हद तक कम होगी। राज्य सरकार का उद्देश्य पारंपरिक खेती को आधुनिक संसाधनों से जोड़ते हुए किसानों को विज्ञान व तकनीक आधारित कृषि पद्धति अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कंबाइन हार्वेस्टर जैसी मशीनें एक साथ कटाई, थ्रेशिंग और साफ-सफाई का काम करती हैं, जिससे न केवल समय की बचत होती है, बल्कि उपज की गुणवत्ता और मात्रा में भी बढ़ोतरी होती है।

इस योजना में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय है। राज्य के 15 जिलों में 26 महिला किसानों ने कंबाइन हार्वेस्टर जैसे आधुनिक यंत्रों की कमान संभाली है। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। महिलाएं अब न केवल खेती कर रही हैं, बल्कि मशीनों के संचालन और प्रबंधन में भी दक्षता दिखा रही हैं।

### महिला किसानों की भागीदारी वाले जिले

सिद्धार्थनगर, अमेठी, बस्ती, चित्रकूट, गोरखपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, महाराजगंज, पीलीभीत, रामपुर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर और उन्नाव।

### नवीन तैनाती स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने की चेतावनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय, उप्र., लखनऊ के स्थानांतरित कार्मिकों को कार्यमुक्त करने और ऐसे कर्मचारियों को कार्यमुक्त होकर तैनाती स्थल तत्काल ज्वाइन करने की अंतिम चेतावनी जारी की गई है। इस आदेश का पालन न करने वालों को पर अनुशासनिक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया गया है। कहा गया है कि स्थानांतरण आदेश दिनांक 15 जून 2025 के क्रम में जिन कार्मिकों ने द्वारा नवीन तैनाती स्थान पर निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद भी कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, उन्हें अन्तिम अवसर दिया जाता है।

कार्यक्रम | परिवहन निगम के 53वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में 406 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

# 2027 तक परिवहन निगम के बेड़े में होंगी 25 हजार बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि उप्र. परिवहन निगम लाभ की स्थिति में है। लाभ की स्थिति की वजह से समय-समय पर कार्मिकों को बोनस भी दिया जा रहा है, 1165 मृतक आश्रितों को नौकरी देने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि जब हमने परिवहन विभाग का जिम्मा संभाला था, उस समय परिवहन निगम बेड़े में 10 हजार से भी कम बसें थीं, वर्तमान में 13 हजार से ज्यादा बसें हैं। वर्ष 2027 तक निगम अपने बेड़े को बढ़ाकर 25 हजार बसों का बेड़ा करने पर कार्य कर रहा है।



परिवहन निगम के सम्मानित किए गए अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह। अमृत विचार

परिवहन मंत्री, बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उप्र. परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के 53वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निगम में बीते समय से नियुक्तियां हो चुकी हैं, साथ ही लोक सेवा आयोग को एआरएम समेत अन्य पदों की भर्तियों के लिए अधियाचन भी भेजा जा चुका है। जल्द ही सभी पदों पर भर्ती पूरी कर ली जाएगी। मंत्री दया शंकर सिंह ने कहा कि गांव को मुख्यालय से जोड़ने की योजना पर परिवहन निगम तेजी से कार्य कर रहा है। परिवहन निगम 32 सीटर एवं 25 सीटर बसों को अपने बेड़े में जोड़ने की योजना बना रहा है। गांव में भी इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की योजना है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव परिवहन अमित गुप्ता अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा, वित्त नियंत्रक परिवहन निगम अजय जौहरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### चालक-परिचालक सम्मानित

53वें स्थापना दिवस के अवसर पर परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने सेवानिवृत्त जीएम अजीत सिंह को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कुल 406 अधिकारियों, कर्मचारियों, चालकों-परिचालकों को सम्मानित किया। चालकों व परिचालकों को बेहतर प्रदर्शन करने एवं बेहतर डीजल एवरेज प्राप्त करने के लिए सिल्वर कॉइन एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मंत्री ने परिवहन निगम के परिवार के ऐसे सदस्यों (पत्नी,पुत्र,पुत्री) को जिन्होंने विभिन्न परीक्षाओं में चयनित हुए, उनको भी मेडल देकर सम्मानित किया।



# अंतरिक्ष की उड़ान





### राकेश शर्मा मेरे आदर्श हैं

अंतरिक्ष में उड़ान से पूर्व शुभांशु शुक्ल ने कहा कि मेरे आदर्श भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा हैं। मैं उनसे बेहद प्रभावित हूं। उनको पढ़कर बड़ा हुआ हूं। मैं जिस सफर पर हूं, यह एक लंबी यात्रा रही है। मुझे नहीं पता था कि यह यहां तक पहुंच जाएगा। मैं यह मौका पाकर खुद को भाग्यशाली और खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूं, उड़ना हमेशा से ही मेरा एक सपना रहा है। मैं बहुत खुश हूं...।

“नमस्कार। मेरे प्यारे देशवासियों, क्या यात्रा है। हम 41 साल बाद एक बार फिर अंतरिक्ष में वापस आए हैं। यह एक अद्भुत सवारी है। हम 7 .5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी के चारों ओर घूम रहे हैं। मेरे कंधों पर उभरा हुआ तिरंगा मुझे बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। मेरी यह यात्रा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की शुरुआत नहीं है, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है। मैं चाहता हूं कि आप सभी इसका हिस्सा बनें। इस यात्रा पर आपका सीना भी गर्व से चौड़ा हो जाना चाहिए... आइए, मिलकर भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत करें। लखनऊ के शुभांशु ने जब यह संदेश भेजा तो उसे पढ़कर/देखकर मौजूद राजधानीवासी गर्व से अभिभूत हो गए। शुभांशु के अंतरिक्ष में रवाना होते ही समूचा सीएमएस कंपाउंड भारत माता की जय और वंदेमातरम का जयघोष गूंज उठा। शुभांशु ने सीएमएस से शिक्षा पाई है।”

# शुभांशु ने छुआ आसमान

## मां ने मांगी दुआ, पिता बोले-मिशन गढ़ेगा कीर्तिमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 'मेरा शुभांशु.. लखनऊ का शुभांशु... प्रदेश/देश का शुभांशु। हमें उस पर नाज। उसकी अंतरिक्ष उड़ान सफलता की नई इबारत लिखेगी। हमारा शुभांशु मिशन में जरूर कामयाब होगा। हम ईश्वर से प्रार्थना और आशीर्वाद मांगते हैं कि इस अंतरिक्ष मिशन से हमारा देश सफलता के नीत कीर्तिमान गढ़े। हमें शुभांशु पर नाज है। उसका अंतरिक्ष मिशन हर हाल में सफल होगा। क्योंकि ईश्वर के आशीर्वाद के साथ करोड़ों भारतवासियों की दुआएं भी तो उसके साथ है। अंतरिक्ष में मिशन पूरा कर वह धरती पर सकुशल आएगा।'

सीएमएस,लखनऊ में आयोजित 'व्योमोत्सव' में यह कहते शुभांशु की मां आशा शुक्ला के नेत्र भर आए। लेकिन, उनके ये आंसू खुशी के हैं। ...और हो भी क्यों न? उनका होनहार बेटा अंतरिक्ष की उड़ान भरने वाला दूसरा भारतीय जो बन बैठा है।

मां आशा की तरह ही पिता शंभू दयाल शुक्ला भी गर्व व रोमांच से भरे दिखे। वे बार-बार ईश्वर का धन्यवाद करते दिखे। बताया कि शुभांशु का अंतरिक्ष मिशन सफलता का कीर्तिमान गढ़ेगा। साथ ही वे अपने बेटे की सलामती की दुआ मांगते भी दिखे। बुधवार को 'व्योमोत्सव' में मौजूद लोगों में तो अलग ही उत्साह और रोमांच दिख रहा था। उधर, शुभांशु के अंतरिक्ष उड़ान के ऐतिहासिक क्षण का लाइव प्रसारण सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) में किया गया। इस अवसर पर सीएमएस की सभी ब्रांच के छात्र और टीचर मौजूद रहे।

इस दौरान शुभांशु के परिजन भी रहे। सीएमएस में आयोजित 'व्योमोत्सव' के माध्यम से सभी ने यान का लाइव प्रसारण देखा। जैसे-जैसे यान के लांच होने का समय नजदीक आता जा रहा था लोगों का रोमांच आसमान छू रहा था। जैसे ही स्पेसएक्स फाल्कन-9 रॉकेट ने अमेरिका के फ्लोरिडा से भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे आकाश की ओर उड़ान भरी वैसे ही स्कूल के वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर तालियों, अश्रुपूरित आंखों और हर्षोल्लास से गूंज उठा। हर किसी ने भारत माता की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए।



शुभांशु का राकेट उड़ता देख भावुक मां आशा।

### माता-पिता हुए भावुक

शुभांशु शुक्ल के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है, बहुत खुशी है। मैं भगवान का धन्यवाद करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि उसका मिशन सफल रहे, भगवान उसे आशीर्वाद दें। उनकी मां आशा शुक्ला की आंखें नम हो गईं। वह अपनी आंखें पोंछती हुई बोली यह देश के लिए गर्व की बात है, बेटे का मिशन कामयाब हो, वह सकुशल वापस लौट आए यही प्रार्थना है।

### कपोला विंडो की प्रतिकृति प्रदर्शित

लाइव लॉन्च टेलीकास्ट कार्यक्रम के दौरान अंतरिक्ष स्टेशन की 'कपोला' विंडो की प्रतिकृति, डीफाई ग्रेविटी फोटो बूथ, टेलीस्कोप से आकाश दर्शन, सिम्युलेटेड मिशन कंट्रोल सेंटर को भी दिखा गया।



सीएमएस में लाइव लांचिंग देखने के बाद प्रसन्न मुद्रा में भारती गांधी, शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ल, मां आशा शुक्ला, बहनें शुचि मिश्रा, निधि और पीछे खड़े छात्र व छात्राएं। अमृत विचार



ईश्वर से प्रार्थना करतीं शुभांशु की छोटी बहन शुचि मिश्रा।

### 1985 में लखनऊ में जन्म

शुभांशु शुक्ल का जन्म 1985 में लखनऊ में हुआ और उन्होंने सीएमएस अलीगंज कैम्पस से मॉन्टेसरी से लेकर कक्षा 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की। तत्पश्चात वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक होकर वर्ष 2006 में भारतीय वायुसेना में कमीशन प्राप्त कर फाइटर पायलट बने। 2000 से अधिक घंटे का उड़ान अनुभव रखने वाले शुभांशु को वर्ष 2019 में गगनयान मिशन के लिए चुना गया और बाद में अंतरिक्ष मिशन के लिए पायलट नियुक्त किया गया। अपने 14 दिवसीय अंतरिक्ष अभियान में वे नासा की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पेगी व्हिटसन (मिशन कमांडर) तथा हंगरी व पोलैंड के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ मिलकर मानव शरीर, पोषण और शून्य गुरुत्वाकर्षण में बीज अंकुरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध करेंगे।

### मिशन में होंगे 60 प्रयोग : डॉ. महीप सिंह

एकेटीयू में इनोवेशन हब के प्रभारी डॉ. महीप सिंह ने कहा कि इस मिशन में कुल 60 प्रयोग किए जाएंगे जिसमें भारत के 6 प्रयोग किया जाना है। धातुविज्ञान, सूक्ष्म जैवप्रोद्योगिकी, माईक्रो ग्रेविटी आदि पर प्रयोग किया जाना है। अंतरिक्ष यात्राओं में विभिन्न देश अपने शोध के विषय देते हैं जिनको नासा लिस्ट में डालकर सूची तैयार करता है। उनका यह मिशन देश के तेजी से बढ़ते विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की पहचान है। हम अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पहले से बेहतर करते आ रहे हैं। अंतरिक्ष में भारत के दूसरे मिशन से वैश्विक स्तर पर हमारी साख बढ़ेगी। इसके अलावा जिन विषयों पर भारत शोध करना चाहता है वह वैश्विक कल्याण के लिए है। जिन छह बिदूंओं पर प्रयोग किया जाना है उनमें कृषि, बायोटेक्नॉजी संबंधित विषय हैं जिससे नवाचार, शोध और नए प्रयोग के अनेक मार्ग खुलेंगे। भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल को मेरी शुभकामनाएं।



स्पेश शटल ने जैसे ही अंतिरक्ष के लिए उड़ान भरी, लखनऊ के सीएमएस में सीधा प्रसारण देख रहे लोग मारे खुशी थिरकने लगे। अमृत विचार

# लांचिंग का पल-पल रहा रोमांच से भरपूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ के शुभांशु शुक्ला एक्सियम मिशन-4 के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हो गए। शुभांशु को उनके स्कूल सीएमएस ब्रांच से भी लोगों ने स्पेस स्टेशन में जाते हुए देखा। अंतरिक्ष यान लांचिंग का लाइव टेलीकास्ट देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। बुधवार सुबह दस बजे ही कानपुर रोड स्थित स्कूल पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और सीएमएस की सभी शाखाओं के शिक्षक भी मौजूद रहे। स्क्रीन पर लाइव टेलीकास्ट के प्रसारण की व्यवस्था के साथ अंतरिक्ष के कृत्रिम मॉडल भी प्रदर्शन के लिए रखे गए थे। सीएमएस कानपुर रोड स्थित शाखा पर शुभांशु के माता पिता और उनकी दो बड़ी बहनें भी पहुंचीं। जिनका विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने जोरदार स्वागत किया। अंतरिक्ष यान के लांचिग का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा था लोगों का रोमांच बढ़ता जा रहा था। यान को 12 बजकर एक मिनट पर उड़ान भरना था, इसका समय करीब आते ही लोगों का रोमांच चरम पर पहुंच गया और सीएमएस का आडिटोरियम भारत माता की जय और बंदेमातरत से गूंजने लगा।

### छात्रों ने कहा, शुभांशु हमारे हमारे आदर्श



अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल के बचपन के स्कूल के छात्र दक्षराज सिंह ने कहा कि शुभांशु शुक्ल मेरे आदर्श हैं, हम भी बडे होकर देश सेवा करेंगे और देश का नाम रौशन करेंगे। दक्षराज सिंह को अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान हासिल हो चुका है।



-सीएसएस की छात्रा परी अग्रवाल जिनको अमेरिकी स्कॉलरशिप प्राप्त हो चुकी है उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व का विषय है। हमारे विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विभूतियां हैं जिनसे हम सबको प्रेरणा मिलती है।

### शुभांशु की यात्रा संभावना का प्रकाश स्तंभ



सीएमएस की संस्थापिका और निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने कहा कि सीएमएस के अनेक छात्रों ने देश का नाम रोशन किया है। लेकिन शुभांशु की यह यात्रा प्रत्येक भारतीय बालक-बालिकाओं के लिए संभावना का प्रकाश स्तंभ बन गई है। शुभांशु के इस मिशन से सीएमएस सहित देश के अनेक छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी और वह जीवन में आगे चलकर देश के लिए सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रदेश और देश में छात्र-छात्राओं को विज्ञान व तकनीकि के अध्ययन के लिए प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा हमारे छात्र वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन करने को प्रेरित होंगे।

## शुभांशु के माता-पिता के साथ टीचर्स ने किया भांगड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** शुभांशु शुक्ला ने जैसे ही अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी,उनके माता-पिता रोमांचित होकर ताली बजाने लगे। खुशी के मारे शुभांशु की मां की आंखों से आंसू छलक पड़े। हाथ जोड़कर उन्होंने बेटे की सलामती की दुआ की। मिशन की सफल लॉन्चिंग के बाद शुभांशु के माता-पिता, स्कूल के टीचर्स ने भांगड़ा किया। शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि इस पल का इंतजार लंबे अरसे से था। मेरी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। कभी नहीं सोचा था कि बेटा इतनी ऊंचाई पर जाएगा। बेटा 14 दिन के लिए अंतरिक्ष में गया है, उसका मिशन कामयाब हो और वह सकुशल वापस आए यही दुआ है।

### शुभांशु की अंतरिक्ष उड़ान गौरव का क्षण : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ स्थित शुभांशु शुक्ला के आवास पर जाकर उनके माता-पिता और परिजनों को बधाई और मिशन सफल होने की शुभकामनाएं दीं शुभांशु की अंतरिक्ष उड़ान को उन्होंने देश एवं लखनऊ के लिए गौरव का क्षण भी बताया।



शुभांशु शुक्ल के माता-पिता और परिजनों को बधाई देते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### महापौर ने भी दी बधाई

**अमृत विचार लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को लखनऊ के गौरव भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर जाकर परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस उपलब्धि पर उनकी माता आशा शुक्ला एवं पिता शंभु दयाल शुक्ला से भेंट कर इस अद्भुत क्षण के लिए बधाई दी और कहा कि "यह उपलब्धि भारत के वैज्ञानिक और सामरिक सामर्थ्य को दर्शाती है। शुभांशु शुक्ला युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर पार्षद दल उपनेता सुशील तिवारी पम्मी सहित पार्षद मुन्ना मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### वर्ग पहेली-13

**बाएं से दाएं**

3. 1. पानी गिरने की ध्वनि 2. ज़ोर से उछाला हुआ पानी का छींटा 3. धारा के किसी वस्तु से टकराने के बाद उत्पन्न होने वाला शब्द, छपाछप।

4. 1. चुभना, पीड़ा देना, गड़ना 2. किसी दुखद घटना का बार-बार स्मरण होना 3. टीस उठना 4. किसी की याद में तड़पना।

5. 1. कंघा, कंघी 2. कंधा, भुजबल।

6. 1. ऐसे वर्ण या अक्षर जिनके उच्चारण में मुंह के अतिरिक्त नाक से अनुस्वरात्मक ध्वनि निकलती है 2. नाक के योग से बोलने या गाने वाला।

8. 1. पत्रभाग 2. स्तंभ 3. पंक्ति 4. हाशिया।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. भोग करने वाला, भोगी 2. खाने वाला, भक्षक 3. भोजन पर आमंत्रित अतिथि।

2. 1. किसी को दबाना 2. रस्सी या सूत के दो टुकड़ों को बटकर जोड़ना।

3. 1. किसी भार या धक्के से वस्तु का वेग से दूर जाना 2. दूर या अलग रहना 3. बंधन से निकल जाना 4. कूदना, उछलना 5. किसी व्यक्ति या जंतु का अपने नमिता

5. 1. साग-सब्ज़ी 2. हरी पत्तियों वाली छोटी वनस्पति से बनी सब्ज़ी 3. तरकारी।

7. ज्योतिष, तारे, सितारे।




### वर्ग पहेली -12 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | शी | | 2 आ | | | 3 फ़े |
| | | 4 म | न | ब | सि | या |
| 5 ए | | | न | | | ज़ी |
| 6 की | श | | फा | | 7 फ | |
| क | | 8 अ | न | भ | ला | |
| 9 र | ह | मा | न | | दे | |
| ण | | न | | 10 सं | श | य |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा-13 .24 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 08 .46 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज का दिन अत्यंत शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जाने का विचार बना सकते हैं। कारोबारी यात्रा के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

**वृष** — आज लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। इसके कारण कुछ मित्रों से संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा। फाइनेन्स संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन** — आज नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसके लिए मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आयेगी। शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणादायक रहेगा। गले में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क** — आज आपके ऊपर बेवजह के आरोप लग सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। अनेक बाधाओं के साथ आपके काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। सहयोगी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं।

**सिंह** — आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जायेगा। इंटरनेट के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

**कन्या** — आज सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। शरीर में थोड़ी थकावट हो सकती है, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती हैं। करियर को लेकर चिंता हो सकती है। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। प्रेम संबंधों का तनाव दूर होगा। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

**वृश्चिक** — आज किसी सहकर्मी के साथ आपको विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियन्त्रित रखने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। इसके कारण आपका मन भी अशान्त हो सकता है। बहसबाजी के बजाय आज शांत होकर रहें।

**धनु** — आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट कर सकता है। सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है। व्यवसाय को लेकर नए विकल्प आज आपको मिलेंगे। भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। व्यवसाय में टैक्स आदि को लेकर परेशानियां दूर होंगी।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या होने की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

**कुंभ** — आज प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्रों को करियर को लेकर थोड़ी कन्फ्यूजन हो सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क कम करना हितकर होगा। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मीन** — आज वैवाहिक जीवन को आप पर्याप्त समय नहीं दे पायेंगे। जिसके कारण मन कुछ असन्तुष्ट रहेगा। नए बिजनेस रिलेशन को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में नुकसान हो सकता है।

### सुडोकू -20

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 3 | | | 4 | |
| 2 | 8 | | | | 5 | | 6 | 7 |
| | | 6 | 4 | | | 1 | | |
| | 6 | 9 | 2 | | 3 | | 5 | 8 |
| 8 | | 5 | | | 6 | 4 | | |
| | 3 | | 5 | | | | 1 | |
| 6 | | | | | 2 | 9 | | 1 |
| 9 | | 3 | 7 | | | | 8 | |
| | 5 | | | 6 | 9 | | | 4 |

### सुडोकू - 19 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 8 | 3 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 |

# युद्धविराम के बाद बाजार में आया उछाल

## पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से सेंसेक्स 700 तो निफ्टी ने 200 अंक की दर्ज की बढ़त

- एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को मिला समर्थन

**मुंबई, एजेंसी**

ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में तेजी दर्ज की गई और सेंसेक्स 700 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 200 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट टलने की उम्मीद में कच्चे तेल के दामों में नरमी देखी गई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 700.40 अंक चढ़कर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 760.8 अंक चढ़कर 82,815.91 अंक पर पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 200.40 अंक चढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भारतीय शेयर बाजारों में मजबूती आई। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से पूंजी निकासी जारी रखी है लेकिन सकारात्मक वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार की गति को बनाए रखने में मदद मिल रही है। घरेलू स्तर पर मानसूनी बारिश अनुकूल रहने के पूर्वानुमान और खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी से भी आशावाद को बल मिल रहा है।



### स्मालकैप-मिडकैप ने भी बढ़ोत्तरी

व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक ने 1.59 प्रतिशत की छलांग लगाई, जबकि मिडकैप में 0.63 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में प्रौद्योगिकी खंड ने 1.69 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की जबकि आईटी खंड में 1.68 प्रतिशत और दूरसंचार खंड में 1.42 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज ब्रोकिंग ने शेयर बाजार पर जारी एक टिप्पणी में कहा कि मानक सूचकांक ने लगातार दूसरे दिन अपनी तेजी बरकरार रखी। ईरान-इजराइल संघर्ष खत्म होने से भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीदें जगी हैं और निवेशक धारणा को बल मिला है।

### सूचीबद्ध 2821 कंपनियों के शेयरों में रही तेजी

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,821 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही जबकि 1,207 शेयर गिरकर बंद हुए और 134 अन्य अपरिवर्तित रहे। वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.21 प्रतिशत बढ़कर 67.95 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में खासी तेजी देखी गई थी। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 5,266.01 करोड़ के शेयरों की बिकवाली की। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,209.60 करोड़ के शेयर खरीदे।

# भारत में आर्थिक गतिविधियां मजबूत

**मुंबई, एजेंसी**

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न आंकड़े भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में बुधवार को यह बात कही गई।

आरबीआई के जून बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक वाले लेख में कहा गया कि व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि के दोहरे झटके के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था उथल-पुथल की स्थिति में है। इसमें कहा गया, बढ़ी हुई वैश्विक अनिश्चितता की इस स्थिति में मई, 2025 के लिए विभिन्न उच्च आवृत्ति संकेतक भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। लेख में कहा गया कि 2024-25 के दौरान कृषि में अधिकतर प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक वृद्धि देखी गई है। साथ ही, घरेलू मूल्य स्थिति भी अनुकूल बनी हुई है। मई में लगातार चौथे महीने कुल मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही।

'कुल मुद्रास्फीति' में ऊर्जा और खाद्य वस्तुओं का मूल्य प्रभाव शामिल होता है। इसमें कहा गया कि वित्तीय परिस्थितियां भी ब्याज दरों में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट रूप से कहा है कि बुलेटिन में प्रकाशित लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

### आरबीआई बुलेटिन में किया गया खुलासा

### कॉल मनी के लिए बाजार समय 1 जुलाई से दो घंटे बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि तात्कालिक वित्तीय जरूरतों के लिए इस्तेमाल होने वाले कर्ज यानी 'कॉल मनी' का बाजार समय 1 जुलाई से दो घंटे बढ़ाकर शाम 7 बजे तक कर दिया जाएगा। जब कोई बैंक अचानक नकदी की जरूरत आने पर किसी दूसरे बैंक से बहुत कम समय (अमूमन एक दिन) के लिए उधार लेता है तो उसे 'कॉल मनी' कहते हैं। आरबीआई ने यह फैसला राधा श्याम राठो की अध्यक्षता में गठित कार्यसमूह की सिफारिशों के आधार पर किया है। यह समूह विनियमित वित्तीय बाजारों के व्यापार एवं निपटान के समय की व्यापक समीक्षा करने के लिए बनाया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा, अब कॉल मनी का संशोधित बाजार समय सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक होगा। साथ ही मार्केट रेपो और त्रिपक्षीय रेपो (टीआरईपी) के कारोबारी घंटे भी एक अगस्त, 2025 से शाम चार बजे तक बढ़ा दिए जाएंगे। संशोधित कारोबारी घंटे सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होंगे।

# आगरा में बनेगा 111.5 करोड़ में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आगरा में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसके लिए 111.5 करोड़ का वित्तीय समर्थन दिया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस निवेश का मुख्य उद्देश्य आलू तथा शकरकंद की उत्पादकता, कटाई के बाद प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन में सुधार करके खाद्य तथा पोषण सुरक्षा, किसानों की आय और रोजगार सृजन को बढ़ाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस फैसले से आलू उत्पादकों को लाभ होगा।



- केंद्र सरकार ने दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को दी मंजूरी

### गौतमबुद्ध नगर में 417 करोड़ में स्थापित होगा इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर

**लखनऊ, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में केन्द्र सरकार ने 417 करोड़ रुपये की लागत से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी 2.0) की स्थापना को स्वीकृति दे दी है। इसका उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण और नवाचार को बढ़ावा देना है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को इस परियोजना की समीक्षा की। परियोजना के क्रियान्वयन में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को परियोजना के तेजी से क्रियान्वयन के लिए राज्य के साथ मिलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वीकृत ईएमसी 2.0 परियोजना को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) द्वारा विकसित किया जाएगा। यह क्लस्टर 200 एकड़ में फैला होगा और इसमें 2,500 करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है और 15,000 रोजगार के अवसर तैयार होंगे।

## वित्तीय प्रौद्योगिकी में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता देशों में भारत शामिल

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच (डबल्यूईएफ) के अध्ययन में वित्तीय प्रौद्योगिकी के लिहाज से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों की सूची में अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भारत को भी शामिल किया गया हे। चीन के तियानजिन में आयोजित न्यू चैंपियंस की वार्षिक बैठक में जारी विश्व आर्थिक मंच के अध्ययन में कहा गया कि लाभप्रदता और समावेशन में मजबूती के बीच वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की वृद्धि स्थिर हो रही है। इनमें ब्रिटेन, भारत, अमेरिका, सिंगापुर, ब्राजील और इंडोनेशिया हैं।

# देश जल्द बनेगा 5000 अबर डॉलर की अर्थव्यवस्था

**कोलकाता, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद भारत 2027 तक पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और यह सब सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व के कारण संभव हो पाया है।

'मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (एमसीसीआई) द्वारा आयोजित ऑनलाइन सत्र में गोयल ने सरकार के दशक भर के आर्थिक सुधारों को वृद्धिशील के बजाय परिवर्तनकारी करार दिया। गोयल ने मंगलवार को कहा कि हम अगले तीन वर्ष में पांच हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह 2047 तक 'विकसित भारत' बनने के सफर में हमारी पहली उपलब्धि होगा। वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और भू-राजनीतिक चुनौतियों पर मंत्री ने कहा कि भारत को एकता और दृढ़ संकल्प के साथ अशांत माहौल में आगे बढ़ना चाहिए।



- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद मजबूती से आगे बढ़ रहा देश

उन्होंने कहा कि बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शांत स्थिति मे नहीं बनती। यह भारत का समय है। हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए और दुनिया के अग्रणी देशों के बीच अपना उचित स्थान पाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। गोयल ने सरकार के वृद्धि मॉडल को समावेशी, टिकाऊ और ईमानदार विकास पर केंद्रित बताया जिसमें सेवा, सुशासन और नवाचार पर जोर दिया गया है। उन्होंने नागरिक कल्याण के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। साथ ही ईरान तथा यूक्रेन जैसे वैश्विक संघर्ष क्षेत्रों में सरकार के निकासी प्रयासों का भी उल्लेख किया।

## राष्ट्रीय

# आपातकाल की यादें जीवित रखनी होंगी : शाह

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर हुए 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम को केंद्रीय गृहमंत्री ने किया संबोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि आपातकाल की यादों को जीवित रखा जाना चाहिए ताकि देश पर तानाशाही विचार न थोप सके। शाह ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर हुए कार्यक्रम में कहा कि जब बात सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन की होती है, तो ऐसे घटनाक्रमों को याद रखा जाना चाहिए, ताकि युवा अन्याय के खिलाफ जागरूक और तैयार रह सकें।

शाह ने कहा कि देश 50 साल पहले आज के दिन घोषित आपातकाल के दौरान कांग्रेस द्वारा किए अन्याय और अत्याचारों को कभी नहीं भूलेगा और इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का सही निर्णय लिया है। इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाया था। शाह ने एक पुस्तक 'द इमरजेंसी डायरीजः इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर' का विमोचन किया, जो आपातकाल के दौरान युवा नरेन्द्र मोदी के साथ काम कर चुके सहयोगियों के व्यक्तिगत अनुभवों और अन्य संग्रहित दस्तावेजों पर आधारित है। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा,



नई दिल्ली में 'संविधान हत्या दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

### निरंकुश शासक ने परिवारवादी शासन को बनाए रखने के लिए आपातकाल लगाया

अमित शाह ने कहा कि 50 साल पहले एक निरंकुश शासक द्वारा लगाया गया आपातकाल जिसका उद्देश्य अपने परिवारवादी शासन को बनाए रखना था, इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक था। शाह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं था, बल्कि यह कांग्रेस और केवल एक व्यक्ति की अलोकतांत्रिक मानसिकता का प्रतिबिंब था। गृह मंत्री ने एक्स पर कहा, यह दिवस बताता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं, बल्कि कांग्रेस और एक व्यक्ति की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का परिचायक था। प्रेस की स्वतंत्रता कुचली गई, न्यायपालिका के हाथ बांधे गए और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाला गया। शाह ने कहा, देशवासियों ने सिंहासन खाली करो का शंखनाद किया और तानाशाह कांग्रेस को उखाड़ फेंका। इस संघर्ष में बलिदान देने वाले सभी वीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

# पिछले 11 साल से देश में लगा है अघोषित आपातकालः खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विफलता छिपाने को संविधान हत्या दिवस मनाने का नाटक

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमले को लेकर उन पर पलटवार किया और आरोप लगाया कि पिछले 11 साल से देश में अघोषित आपातकाल है तथा भाजपा मोदी सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का नाटक कर रही है।

उन्होंने महाराष्ट्र विस चुनाव का हवाला देते हुए दावा किया कि निर्वाचन आयोग मोदी सरकार की कठपुतली बन गया है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण ही आज संविधान संकट में है। खरगे ने कहा, जिनका देश की आजादी के आंदोलन और संविधान निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा। जो संविधान के खिलाफ बात करते रहे, वे आज तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, जिस संविधान को बाबा साहेब आंबेडकर, जवाहर लाल नेहरू, महात्मा गांधी और संविधान सभा ने तैयार किया था, उसे भी आरएसएस ने रामलीला मैदान में जलाया था। यही नहीं, आरएसएस ने बाबा साहेब आंबेडकर, नेहरू और गांधी का पुतला भी जलाया था।

## एक नजर

### बम की धमकी पर पालघर का स्कूल कराया खाली

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के निजी स्कूल को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया। मीरा-भायंदर वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस के अधिकारी ने बताया कि बम की धमकी अफवाह निकली क्योंकि नालासोपारा स्थित स्कूल के परिसर में जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### अमरनाथ यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**श्रीनगर।** कश्मीर पुलिस प्रमुख वीके बिरदी ने बुधवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा सुरक्षित और निर्बाध रूप से संपन्न हो, इसके लिए बहुस्तरीय और गहन सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) ने अनंतनाग में बताया, अगले सप्ताह से श्री अमरनाथ यात्रा शुरू होने जा रही है। जम्मू कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने यात्रा के लिए सभी सुरक्षा प्रबंध कर लिए हैं।

### 7 करोड़ की धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 7.14 करोड़ निवेश के धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी को तीन साल बाद उत्तराखंड से गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को पुलिस उपायुक्त (आर्थिक अपराध शाखा) पराग मनेरे ने बताया कि आरोपी अजय उसारे (38) ने अपने साथियों के साथ मिलकर ठाणे के वागले एस्टेट इलाके में विदेशी मुद्रा कारोबार कंपनी खोली और भोले-भाले निवेशकों को चपत लगाई। मनेरे के अनुसार, उसारे को गिरफ्तार किए जाने के साथ अब तक इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# दिल्ली के रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार की मौत, तीन घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- रोहिणी के रिठाला इलाके की पांच मंजिला इमारत की आग बुझाने पहूंची दमकल की 16 गाड़ियां

दिल्ली में रोहिणी के रिठाला इलाके में रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। दमकल विभाग ने बुधवार को बताया कि आग मंगलवार को रोहिणी सेक्टर-5 में पांच मंजिला इमारत में लगी, जिसे बुझाने के लिए दमकल की 16 गाड़ियों को भेजा गया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि घटना रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास परिसर में होने की सूचना मिली थी। आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है और जांच जारी है। मलबे में दबे लोगों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है। पुलिस ने अब तक आग में झुलसे चार लोगों के शव बरामद किए हैं। तीन घायल लोगों को बाबा साहब अम्बेडकर (बीएसए) अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी पहचान नितिन बंसल (31), राकेश (30) और विरेंद्र (25) के रूप में हुई है। नितिन और राकेश राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेज दिया गया।

## आपदा प्रबंधन



एसडीआरएफ की टीम ने बहादुरी दिखाते हुए बुधवार को तवी नदी में अचानक आई बाढ़ के बीच फंसे व्यक्ति को सुरक्षित निकाला। भारी बारिश के चलते नदी का जलस्तर तेज़ी से बढ़ गया था। एजेसी

# मेघालय पुलिस ने इंदौर में नाले से देसी तमंचा किया बरामद

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

**शिलांग।** राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच कर रही मेघालय पुलिस की विशेष जांच टीम ने बुधवार को इंदौर के पलासिया इलाके में एक नाले से देसी तमंचा बरामद किया। पूर्वी खासी पर्वतीय जिले के पुलिस अधीक्षक विवेक सिम ने बताया, हमने इंदौर में नदी से देशी तमंचा और दो मैगजीन बरामद की हैं। इससे पहले इंदौर में एक कार में रखे बक्से से 50,000 नकद मिले थे। इंदौर में पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हथियार को अन्य सामान के साथ इंदौर के उस फ्लैट से गायब किए जाने का संदेह है, जिसमें सोनम वारदात को अंजाम देने के बाद कई दिन तक रुकी थी। सोनम, उसके प्रेमी राज कुशवाह और उसके दोस्तों विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को व्यापारी की हत्या की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

# रिहाई में देरी पर जेल अफसरों को सुप्रीम फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण रोधी कानून के तहत दर्ज मामले में 29 अप्रैल को जमानत पाने वाले आरोपी को रिहा करने में देरी के लिए बुधवार को उत्तर प्रदेश के जेल अधिकारियों को फटकार लगाई और सरकार को उसे पांच लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन व एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि स्वतंत्रता संविधान के तहत प्रदत्त बहुत मूल्यवान अधिकार है और व्यक्ति ने अकारण 28 दिनों के लिए अपनी स्वतंत्रता खो दी। आरोपी को 29 अप्रैल को जमानत मिली थी और 27 मई को गाजियाबाद की निचली अदालत ने रिहाई दी थी। बुधवार को शीर्ष अदालत को बताया गया कि व्यक्ति को 24 जून को जिला जेल से रिहा किया गया। पीठ ने इस आधार पर रिहाई में देरी पर आपत्ति जताई कि आदेश में अधिनियम के एक प्रावधान की उपधारा का उल्लेख नहीं किया गया था।



- राज्य सरकार को निर्देश, पीड़ित को दें पांच लाख रुपये मुआवजा

### नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव को 3 माह का फरलो

सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव यादव को बुधवार को तीन महीने का फरलो दिया। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के विनोद चंद्रन ने कहा कि यादव ने बिना किसी छूट के 20 साल जेल की सजा काटी है। शीर्ष न्यायालय ने निर्देश दिया कि यादव को सात दिन में निचली अदालत में पेश किया जाए और उसे फरलो दिए जाने से पहले निचली अदालत उस पर उचित शर्तें लगाए। फरलो का मतलब जेल से अस्थायी रिहाई है, न कि सजा का निलंबन या छूट।

### वकीलों को तलब करने की अनुमति न्याय के लिए खतरा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुवक्किलों को सलाह देने के लिए वकीलों को पुलिस या जांच एजेंसियों द्वारा तलब करने की अनुमति देना न्याय की स्वतंत्रता के लिए प्रत्यक्ष खतरा है। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि कानूनी पेशा न्याय प्रशासन की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। जांच एजेंसियों/पुलिस को पक्षकारों को सलाह देने वाले बचाव पक्ष के वकील या अधिवक्ताओं को तलब करने की अनुमति देना कानूनी पेशे की स्वायत्तता को गंभीर रूप से कमजोर करेगा और न्याय प्रशासन की स्वतंत्रता के लिए भी प्रत्यक्ष खतरा पैदा करेगा। पीठ ने मामले में कुछ प्रश्न भी खड़े किये।

## रथ यात्रा : पुरी की निगरानी करेंगे एआई कैमरे और एनएसजी

**पुरी।** समुद्र तटीय तीर्थ नगरी पुरी में 27 जून को भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए 10 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। बुधवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, निगरानी के लिए विभिन्न स्थानों पर 250 से अधिक एआई युक्त कैमरे लगाए गए हैं और आसपास के मकानों की छत पर एनएसजी के निशानेबाजों की तैनाती भी की गई है। श्रद्धालुओं को संभालने तथा खुद को तैयार करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र बलों ने रिहर्सल में भाग लिया।

# उपचुनावों के इंडेक्स कार्ड 72 घंटे में जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि उसने हाल में हुए विस उपचुनाव के लिए इंडेक्स कार्ड अपने नए डिजिटल मंच की मदद से 72 घंटे में जारी कर दिए। इंडेक्स कार्ड गैर-वैधानिक, चुनाव-पश्चात सांख्यिकीय रिपोर्टिंग होती है जो विभिन्न हितधारकों को मतदान संबंधी रुझान समझने में मदद करती है।

ईसी ने कहा कि उसने केरल, गुजरात, पंजाब और प. बंगाल में पांच विस क्षेत्रों के लिए 19 जून को हुए उपचुनाव के दौरान नए डिजिटल मंच ईसीआईएनईटी का संचालन शुरू किया। नतीजे 23 जून को घोषित हुए। सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली उपचुनाव के दौरान अनुमानित मतदान प्रतिशत के रुझान पर समय पर अद्यतन जानकारी देने में सक्षम थी। नयी प्रणाली के तहत, इंडेक्स कार्ड में अधिकांश डेटा ईसीआईएनईटी इनपुट का उपयोग करके स्वतः भरे जाते हैं।

### ईसी पांच और राज्यों में मतदाता सूची की करेगा समीक्षा

**नई दिल्ली।** बिहार के बाद, निर्वाचन आयोग इस वर्ष के अंत तक उन पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा करेगा जहां 2026 में चुनाव होने हैं। अंततः, निर्वाचन आयोग देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करेगा, ताकि मतदाता सूचियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन किया जा सके। गहन समीक्षा के तहत, चुनाव अधिकारी त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विस का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है और इन राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा वर्ष के अंत तक शुरू हो जाएगी। हालांकि, चूंकि बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग ने वहां तत्काल विशेष गहन पुनरीक्षण करने का निर्णय लिया है।





# शार्दुल के स्थान पर कुलदीप को मिल सकती है जगह

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ शृंखला के पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया है, लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा। दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी, लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना। भारत को इस पांच दिवसीय मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाये रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि अंतिम एकादश में कुछ बदलाव तय हैं। विशेषज्ञों ने श्रृंखला के पहले मैच में कुलदीप यादव को शामिल करने की मांग की थी और अब बर्मिंघम में स्पिनरों की मदद करने वाली पिच पर शार्दुल की जगह उन्हें शामिल किए जाने की संभावना है।

**पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर** ने 'जियोस्टार' से कहा, कुलदीप यादव को वापस आना होगा। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन शार्दुल ठाकुर को बाहर जाना होगा। उन्होंने कहा यह एक बदलाव है जो भारत को करना होगा। जहां तक नीतीश कुमार रेड्डी का सवाल है तो मैंने पहले टेस्ट के लिए उनका समर्थन इस आधार पर किया था कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था। मांजरेकर ने कहा लेकिन वह पर्याप्त विकल्प प्रदान नहीं करता है। वह टीम में चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका में पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाएगा इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन को कड़ा फैसला लेना होगा। हमें यहां की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ आक्रमण के साथ करना होगा और इसके लिए मैं एक तेज गेंदबाज कम रखूंगा और कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करूंगा। उसे खेलना ही होगा। हेडिंग्ले में इंग्लैंड के 371 रन के रिकार्ड लक्ष्य का पीछा करने के बाद गंभीर से शार्दुल के कम उपयोग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस मामले में कप्तान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कप्तान कभी-कभी अपनी अंतरात्मा की सोच के अनुसार काम करता है और जडेजा ने पहली पारी में हमें नियंत्रण ( रन गति को कम कर) दिया था। इससे हम दूसरे छोर पर अपने तीन तेज गेंदबाजों से गेंदबाजी करा सकते थे। उन्होंने कहा हम जानते हैं कि शार्दुल का कौशल क्या है और इसलिए वह भारत के लिए खेल रहे हैं। वह चौथे तेज गेंदबाज हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें स्पिनर से पहले गेंदबाजी का मौका दिया जाना चाहिए। एक कप्तान अपनी सोच के अनुसार फैसले लेता है और यह फैसला काफी हद तक पिच की स्थिति पर आधारित होता है। गेंदबाजी विभाग में किसी और बदलाव की संभावना कम है क्योंकि पहले और दूसरे टेस्ट मैच के बीच एक सप्ताह का अंतराल है और ऐसे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अंतिम एकादश में बने रहने की उम्मीद है। अर्शदीप सिंह के फिर से बाहर बैठने की संभावना है क्योंकि टीम प्रबंधन प्रसिद्ध को और मौका देना चाहेगा।

### चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं

पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने 'पीटीआई' से कहा कुलदीप को टीम में होना चाहिए। चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं है। शार्दुल या प्रसिद्ध में से कोई भी उनके लिए जगह बना सकता है। इंग्लैंड में टीमें अकसर चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरते रहीं हैं लेकिन मौजूदा समय में शुष्क मौसम को देखते हुए कुलदीप और रविंद्र जडेजा दोनों अंतिम एकादश में जगह बना सकते हैं। जडेजा की गेंदबाजी पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि वह स्पिनरों की मददगार पांचवें दिन की पिच पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके।



शार्दुल ठाकुर। • एजेंसी



कुलदीप यादव।

## हमें कैच छोड़ना महंगा पड़ा : शुभमन गिल

**लीड्स, एजेंसी**

भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमारे पास टेस्ट जीतने का मौका था, लेकिन कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टेस्ट मैच शानदार रहा। हम इंग्लैंड की टीम को 430 रनों का लक्ष्य देने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन हमने 31 रन जोड़कर अपने आखिरी पांच विकेट गवां दिये। उन्होंने कहा कि हमारे पास मैच जीतने का मौका था। कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा। उन्होंने कहा कि आज भी, मुझे लगा कि पहले विकेट के बाद हमारे पास मौके थे। हमने पहली पारी में खराब प्रदर्शन के बारे में बात की, हमें आगे बढ़ते हुए इसमें सुधार करना होगा। इस तरह के विकेट पर मौके आसानी से नहीं मिलते, लेकिन हमारी टीम युवा है, टीम में सीखने का जज्बा है। उम्मीद है कि इसमें सुधार होगा। उन्होंने कहा कि पहले सत्र में हमने शानदार गेंदबाजी की और रनों पर अंकुश लगाया, लेकिन एक बार गेंद पुरानी हो जाने के बाद रन रोकना मुश्किल होता है। जब गेंद नरम हो जाए तो विकेट लेते रहना चाहिए। जाडेजा ने शानदार गेंदबाजी की, उन्होंने मौके बनाए।

बुमराह कौन से गेम खेलेंगे इस सवाल पर उन्होंने कहा कि यह मैच दर मैच तय होता है। एक बार जब हम लंबे ब्रेक के बाद अगले मैच के करीब होंगे तब देखा जायेगा। गौरतलब है कि लीड्स के मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े, जिससे उन्हें मैच गवाना पड़ा। अकेले यशस्वी जायसवाल ने चार कैच छोड़े। इससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों को और रन बनाने का मौका मिला और उन्होंने जीत हासिल की।



शुभमन गिल।



यशस्वी जायसवाल से मैच के दौरान बेन डकेट का महत्वपूर्ण कैच छूट गया। इसके साथ ही मैच जीतने का सुनहरा अवसर भी छूट गया। • एजेंसी

## हर्षित राणा को भारतीय टीम से रिलीज किया गया

**बर्मिंघम, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गये पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम में कवर के तौर पर शामिल किए गए युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम प्रबंधन ने बुधवार को रिलीज (टीम से अलग करना) कर दिया। राणा ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो टेस्ट मैच खेले थे।

वह इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम का हिस्सा थे लेकिन कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाए। उन्होंने 27 ओवर में 99 रन देकर सिर्फ एक विकेट लिया। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर 'पीटीआई' को बताया, हर्षित राणा को टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह दो जुलाई से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम के साथ बर्मिंघम नहीं आये हैं। दिल्ली के 23 साल के हर्षित को मुख्य कोच गौतम गंभीर का शिष्य माना जाता है। वह गेंद को पिच पर पूरी ताकत के साथ टप्पा खिलाने के लिए जाने जाते है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में पर्थ के मैदान पर अपनी ऑफ कटर गेंद से ट्रेविस हेड को चकमा देकर सुर्खियां बटोरी थी। समय के साथ हालांकि यह स्पष्ट हो गया है कि शीर्ष स्तर पर लाल गेंद के मैचों को खेलने के लिए उन्हें अपनी गेंदबाजी में और सुधार करना होगा। इंग्लैंड की परिस्थितियों में मुकेश कुमार और अंशुल कंबोज को हर्षित से बेहतर गेंदबाज माना जा रहा है लेकिन इन दोनों की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के इस गेंदबाज को तरजीह मिलने पर सवाल भी उठे थे। गंभीर ने मंगलवार को पहले टेस्ट मैच में भारत की हार के बाद कहा था हर्षित राणा को लेकर मैं चयन समिति के अध्यक्ष से चर्चा करूंगा। कुछ छोटी-मोटी परेशानियों के कारण उन्हें रोका गया था। अब सब कुछ ठीक है। मैं चर्चा करूंगा और फिर हम उस पर निर्णय लेंगे।

## एक नजर

### भारत के नौ वर्षीय खिलाड़ी ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली** : दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। हाल ही में अंडर-नौ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उपविजेता रहे आरित ने पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन को हार के कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन समय समाप्त होने और घड़ी में केवल कुछ सेकंड बचे होने के कारण यह युवा भारतीय खिलाड़ी अपनी बढ़त को भुनाने में असमर्थ रहा और उसे ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा। आरित ने जॉर्जिया के अपने होटल से इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह वर्तमान में अंडर-10 विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। इस बीच भारत के वी प्रणव ने 11 में से 10 अंक लेकर 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' का खिताब जीत लिया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हैंस मोके नीमन और कार्लसन दोनों ने 9 .5 अंक हासिल किए, लेकिन नीमन ने टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल किया।

### भारतीय निशानेबाजी लीग के लिए 400 से अधिक पंजीकरण

**नई दिल्ली** : आगामी भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में भाग लेने के लिए अभी तक दुनिया भर के 400 से अधिक खिलाड़ी पंजीकरण करा चुके हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के निशानेबाजों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा हमें पहली भारतीय निशानेबाजी लीग को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है उससे वास्तव में हम उत्साहित हैं। पहली भारतीय निशानेबाजी लीग का आयोजन इस साल के आखिर में 20 नवंबर से दो दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल होंगी।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

**बर्लिन** : भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। आज यहां खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के टोबी मैलन ने दूसरे हाफ में 40वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। इसके बाद भारत के रोहित ने (45वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत के अजीत यादव ने (52वें) मिनट में गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। पहले हाफ में दोनों टीमें के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ।

## पंत टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर

**दुबई** : भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शृंखला के पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए।

पहले टेस्ट में पांच विकेट की हार के दौरान पहली पारी में शतक जड़ने वाले भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर हैं। एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है। पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर एकमात्र विकेटकीपर थे जिन्होंने एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की थी। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष पर बने हुए हैं। इंग्लैंड की जीत के दौरान 62 और 149 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच बने बेन डकेट पांच स्थान की छलांग के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए। डकेट के टीम के साथियों ओली पोप (तीन स्थान के फायदे से 19वें स्थान पर) और जेमी स्मिथ (आठ स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं जबकि टीम के उनके साथी हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर हैं। पहले टेस्ट में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में तीन स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए।

## कमजोर गेंदबाजी पर गंभीर ने कहा, हमें उन्हें समय देना होगा

**लीड्स, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार के दौरान भारतीय आक्रमण की अनुभवहीनता खुलकर उजागर हो गई, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम के अधिकतर तेज गेंदबाज अभी अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं। उन्हें कुछ और समय देने की जरूरत है। इंग्लैंड की पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली नहीं दिखा।

मेजबान टीम ने मंगलवार को मैच के पांचवें और अंतिम दिन 371 रन का लक्ष्य बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की लाइन और लेंथ में निरंतरता का अभाव दिखा। गंभीर में भारत की पांच विकेट से हार के बाद संवाददाताओं से कहा हमें उन्हें समय देना होगा। पहले हमारी टीम में चार तेज गेंदबाज होते थे, जिन्हें 40 से अधिक टेस्ट मैचों का अनुभव था। एकदिवसीय या टी20 मैचों में इसका इतना बड़ा प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन जब आप टेस्ट मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका का दौरा करते हैं तो अनुभव काफी मायने रखता है।

उन्होंने कहा उनके करियर के अभी शुरुआती दिन हैं। अगर हम प्रत्येक टेस्ट मैच के बाद अपने गेंदबाजों का मूल्यांकन करना शुरू कर देंगे, तो हम अच्छा गेंदबाजी आक्रमण कैसे तैयार कर पाएंगे। बुमराह और सिराज के अलावा हमारे पास तेज गेंदबाजी में उतना अनुभव नहीं है, लेकिन उनमें (अन्य में) गुणवत्ता है और यही वजह है कि वे इस भारतीय टीम में हैं। गंभीर ने कहा लेकिन हमें उनका समर्थन करते रहना होगा, क्योंकि यह एक दौरे की बात नहीं है। यह एक मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण तैयार करने से जुड़ा है, जो टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय तक भारत की सेवा कर सके। भारतीय टीम में शामिल अन्य तेज गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह ने अभी तक कोई टेस्ट नहीं खेला है जबकि हर्षित राणा ने केवल दो मैच खेले हैं। प्रसिद्ध ने मैच में पांच विकेट लिए लेकिन उन्होंने काफी रन भी लुटाए।

गंभीर को हालांकि लगता है कि प्रसिद्ध में एक बहुत अच्छा टेस्ट गेंदबाज बनने के सभी गुण मौजूद हैं। उन्होंने शार्दुल ठाकुर का भी बचाव किया, जिन्होंने पहली पारी में केवल छह और पूरे मैच में 16 ओवर ही फेंके। गंभीर ने कहा कप्तान परिस्थितियों के अनुसार फैसला करता है। रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में हमें संतुलन प्रदान किया जिससे हम दूसरे छोर पर अपने तीन तेज गेंदबाजों में अदला बदली कर सकते थे।



• मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भारतीय कमजोर आक्रमण पर गेंदबाजों का लिया पक्ष

## तीन और शतक लगे थे, पंत के दो शतक के बारे में पूछने पर बोले गंभीर

**लीड्स, एजेंसी** : भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ऋषभ पंत के दो शतक जैसी व्यक्तिगत उपलब्धियों की तारीफ करने के मूड में नहीं दिखे और जब उनसे इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट में मिली हार के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सबसे अहम नतीजा होता है जो टीम हासिल नहीं कर सकी। गंभीर से जब पंत के दो शतकों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा तीन और शतक बने थे । ये सब सकारात्मक बातें हैं । शुक्रिया। मैच के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछने पर गंभीर ने कहा अगर आप कहते कि यशस्वी (जायसवाल) ने शतक जमाया और शुभमन गिल ने बतौर कप्तान पदार्पण में शतक जड़ा तो मुझे अच्छा लगता। केएल राहुल ने भी शतक लगाया और ऋषभ ने दो शतक लगाये। एक टेस्ट में पांच शतक बड़ी बात है। यह सवाल बेहतर हो सकता था। कोच ने कहा कि अगर टीम हारती है तो व्यक्तिगत उपलब्धियां मायने नहीं रखती। भारत को इंग्लैंड ने पांच विकेट से हराया। उन्होंने कहा ये सब सकारात्मक पहलु हैं। जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए। लेकिन आखिर में सब कुछ इसी पर आता है कि हम मैच जीत नहीं सके। उन्होंने कहा व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छी बात है। हमें शीर्ष छह से बड़ी पारियां चाहिए थी लेकिन आखिर में तो हम टेस्ट मैच जीत नहीं सके।

## पहले टेस्ट में हार के बावजूद बुमराह को लेकर योजना में कोई बदलाव नहीं

**लीड्स** : भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि टीम प्रबंधन पहले टेस्ट में हार के बावजूद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीन से अधिक टेस्ट मैच खेलने के लिए नहीं कहेगा। बुमराह एकमात्र भारतीय गेंदबाज थे जिन्होंने हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने लगातार चुनौती पेश की। बुमराह अपने करियर के दौरान चोटों से जूझते रहे हैं और यही वजह है कि उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत टीम प्रबंधन ने उन्हें पांच में से तीन टेस्ट मैचों में खिलाने का फैसला किया था। चार मैच शेष रहने के बावजूद यह योजना नहीं बदली है। गंभीर ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा नहीं, हम अपनी योजना में कोई बदलाव नहीं करेंगे। हमारे लिए उनके कार्यभार का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगे काफी क्रिकेट खेलना है और हम जानते हैं वह क्या कर सकते हैं। शृंखला शुरू होने से पहले ही तय कर दिया गया था कि वह तीन टेस्ट मैच खेलेंगे।

## भारतीय क्रिकेट ने जब कामयाबी की नींव रखी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पिछले चार साल में जब भी 25 जून आता है तो '83' वाट्सअप ग्रुप के सबसे जिंदादिल सदस्य की यादें बाकी 13 सदस्यों को कचोटती हैं। चार साल पहले यशपाल शर्मा ने आखिरी सांसें ली थी लेकिन ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा जब कपिल देव की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने 'यश पाजी' को याद नहीं किया हो।

कोरोना महामारी से पहले पंजाब के तत्कालीन चयनकर्ता यशपाल दिल्ली में रणजी मैच देखने आये थे। उन्होंने कुछ पत्रकारों को उलाहना भी दिया था कि ओल्ड टैफर्ड में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच की रिकॉर्डिंग उनके पास नहीं है जिसमें उनकी 89 रन की पारी की मदद से भारत ने 34 रन से जीत दर्ज की थी।

टूर्नामेंट में सर्वाधिक 240 रन बनाने वाले यशपाल ने कहा था जिसके पास भी रिकॉर्डिंग है, मैं उसे 5000 पाउंड देने के लिये तैयार हूं। मेरे पास रिकॉर्डिंग नहीं है। वह मेरी सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी थी । ऐसा लगता था कि मैको (मैल्कम मार्शल) का मुझसे अलिखित करार था । मेरे आते ही दो गेंद छाती पर मारता था।

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उनके बारे में कहा था वह टीम का बहुत ही लोकप्रिय सदस्य था और हम सभी उसे याद करते हैं। द 83 वाट्सअप ग्रुप में टीम के 14 सदस्य और प्रशासनिक प्रबंधक पीआर मान सिंह हैं। भारतीय टीम ने जब रवि शास्त्री के कोच रहते बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती या रोजर बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष बने या कीर्ति आजाद ने लोकसभा चुनाव जीता, इस ग्रुप पर चर्चा का दौर चला है।

गावस्कर ने कहा हम लगभग हर रोज संपर्क में रहते हैं और आज तो बिल्कुल ही। विजय माल्या के यूबी समूह ने 2008 में विश्व कप जीत की 25वीं सालगिरह पर लार्डर्स पर टीम के सभी सदस्यों के लिये समारोह का आयोजन किया था। फिर 2023 में अडाणी समूह ने 40वीं सालगिरह पर सदस्यों को सम्मानित किया। इस बार गावस्कर और शास्त्री एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिये अपनी मीडिया व्यस्तताओं के कारण बाहर हैं और दिलीप वेंगसरकर भी देश में नहीं है तो जश्न नहीं हो सका। गावस्कर ने कहा हमने इस साल भी जश्न का सोचा था लेकिन सीरीज चालू होने के कारण स्थगित करना पड़ा।

### विश्व कप जीत के 42 साल



## काश ! मैने अच्छा प्रदर्शन किया होता: नीरज

**ओस्ट्रावा, एजेंसी**

भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भले ही पदार्पण के साथ गोल्डन स्पाइक खिताब जीत लिया हो लेकिन पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं।

चोपड़ा ने 85.29 मीटर के थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता। उन्होंने कहा मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था। मैने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा।

आज वह सपना सच हो गया है। उन्होंने हालांकि कहा मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिय है। दर्शकों से हमें अपार समर्थन मिला। काश कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर पाता। दूसरे दौर के बाद चोपड़ा तीसरे स्थान पर थे जिनकी शुरूआत फाउल से हुई लेकिन उसके बाद 83.45 मीटर का थ्रो फेंका। तीसरे दौर में 85.29 मीटर के थ्रो के साथ वह शीर्ष पर आये । उनके अगले दो थ्रो 82.17 मीटर और 81.01 मीटर के रहे जबकि आखिरी थ्रो फाउल रहा। पिछले दो सत्र में वह यहां फिटनेस कारणों से खेल नहीं सके थे। उनके कोच जान जेलेंजी ने यहां नौ बार खिताब जीता है।

27 वर्ष के चोपड़ा ने इस सत्र में मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की बाधा पार करके दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद पेरिस डायमंड लीग खिताब जीता। चोपड़ा यहां 2018 में आईएएएफ कांटिनेंटल कप में एशिया प्रशांत टीम का हिस्सा थे और 80.24 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे थे। अब वह बेंगलुरु में पांच जुलाई को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे जिसमें पीटर्स और रोहलेर भी खेल रहे हैं।

• गोल्डन स्पाइक जीतने के बावजूद खुश नहीं हैं भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा



नीरज चोपड़ा।

## अमरनाथ यात्रा



अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने वाली है, देश भर से श्रद्धालुओं और साधु-संतों ने जम्मू पहुंचना शुरू कर दिया है। यात्रा शुरू होने तक यहां साधु-संत राम मंदिर बेस कैंप में ठहरे हुए हैं। बुधवार को साधुओं के नारों की वजह से यहां अलग ही माहौल नजर आया। अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। एजेंसी

# अंतरिक्ष यात्राओं की उपलब्धियां

# जब मंगल पर रहेगा मानव



अंतरिक्ष यात्राओं का इतिहास रोमांचक और जोखिम भरा रहा है। अंतरिक्ष यात्राओं से बेहद महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियां हासिल हुई हैं तो नाकामियां भी मिली हैं। ऐतिहासिक सफलताओं ने भविष्य की अपार संभावनाओं के द्वार खोले हैं। एक तरह से कहा जाए तो अंतरिक्ष यात्राएं मानव की तकनीकी प्रगति के साथ विज्ञान और वैश्विक सहयोग का भी प्रतीक हैं।

**संभावनाओं भरा इतिहास**

इनमें जोखिम जरूर रहे हैं लेकिन इन यात्राओं से मिली सीखों ने अंतरिक्ष विज्ञान को नई ऊंचाइयों तक भी पहुंचाया है। भविष्य में चंद्रमा और मंगल ग्रह पर मानव बस्तियों की कल्पना भी धीरे-धीरे वास्तविकता की ओर बढ़ने लगी है। भारत दुनिया के चुनिंदा देशों में शामिल है जो अंतरिक्ष विज्ञान की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उसके कई सफल अंतरिक्ष अभियानों ने दुनिया को अचरज में भी डाला है।

### अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत और प्रगति

अंतरिक्ष यात्रा का प्रारंभिक युग सन् 1950 से 1970 तक माना जा सकता है। सन् 1957 में सोवियत संघ ने स्पुतनिक-1 लॉन्च किया था जो पहला कृत्रिम उपग्रह था। सन् 1961 में यूरी गागरिन अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले इंसान थे। इसके बाद सन् 1969 में अपोलो 11 मिशन के तहत अमेरिका के नील आर्मस्ट्रॉन्ग और बज एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरने वाले पहले इंसान बने।सन् 1970 से सोवियत संघ और अमेरिका के बीच स्पेस रेस शुरू हुई जो 1990 तक चरम पर पहुंच गई। इसी दौरान पहले मीर और उसके बाद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जैसे स्पेस स्टेशनों की शुरुआत हुई। सन् 1975 में भारत ने भी अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लांच किया। वर्ष 1984 में राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बने।

### नई तकनीक और निजीकरण

सन् 1990 से 2020 के बीच हबल टेलिस्कोप से ब्रह्मांड में झांकने की शुरुआत हुई। 1998 में आईएसएस कई देशों की साक्षा परियोजना था जो अब भी कार्यरत है। इसी बीच स्पेस एक्स और ब्लू ओरिजिन जैसी निजी कंपनियां आईं।

### प्रमुख सफलता

- नासा का चंद्रमा अभियान अपोलो शृंखला
- स्पेस एक्स का फाल्कन 9 और रियुजेबल रॉकेट्स- 1
- इसरो का मंगलयान।
- चीन का चांग मिशन, टियांगॉन्ग एसएस।

### असफलता

- नासा के 1986 में चैलेंजर और 2003 कोलंबिया स्पेस शटल हादसे में सभी अंतरिक्ष यात्री मारे गए।
- यूएस का नाडेज्दा मिशन कई बार असफल मानव रहित प्रयास रहा।
- 2019 में चंद्रयान-2 लैंडर विक्रम चांद पर लैंडिंग में विफल हुआ।

### भविष्य की योजनाएं

**नासा**

- आर्टिमिस मिशन : 2025 तक फिर चंद्रमा पर इंसान भेजने की योजना।
- मार्स मिशन : 2030 के दशक में मानव को मंगल ग्रह पर भेजने की योजना।

**इसरो**

- गगनयान : 2025 तक भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन।
- चंद्रयान-3 : चांद की सफल सॉफ्ट लैंडिंग 2023 में पूरी हुई।
- शुक्रयान : भविष्य में शुक्र ग्रह के अध्ययन का मिशन।

**स्पेस एक्स और निजी क्षेत्र**

- स्टारशिप : इंटरप्लैनेटरी ट्रैवल के लिए डिज़ाइन किया गया।
- मार्स कोलोनाइजेशन : एलन मस्क की दीर्घकालिक योजना।
- अंतरिक्ष पर्यटन : अब धीरे-धीरे आम लोगों के लिए खुल रहा है।

## एक नजर

### कोलंबिया में भूस्खलन में आठ लोगों की मौत

**बोगोटा।** उत्तर पश्चिमी कोलंबिया में एंटिओक्विया विभाग के बेलो नगरपालिका में मंगलवार को भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। मेयर लोरेना गोंजालेज ने कहा, सुबह करीब 3 :25 बजे ग्रैनिज़ल सेक्टर में भूस्खलन हुआ। अब तक हमने आठ लोगों की मौत और पांच लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ला नेग्रा धारा के ज्यादा प्रवाह से शुरू हुए भूस्खलन ने एल पिनार पड़ोस के 10 घरों को प्रभावित किया। एंटिओक्विया के गवर्नर एंड्रेस जूलियन ने कहा कि आपातकाल का निपटने के लिए विभाग के सभी संसाधन जुटाए गए हैं। बचाव दल लापता लोगों की तलाश जारी रखे हुए हैं।

### जिनपिंग ब्रिक्स सम्मेलन में नहीं होंगे शामिल

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्राजील में छह-सात जुलाई को होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री ली कियांग कर सकते हैं। राष्ट्रपति जिनपिंग ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले 17वें शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। चीन के शीर्ष नेता एक वर्ष से भी कम समय में ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा से दो बार मिल चुके हैं।

### विस्फोटक फटने से सात इजराइली सैनिकों की मौत

**यरुशलम।** दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में मंगलवार को एक इजराइली बख्तरबंद वाहन में लगे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से इजराइल के सात सैनिकों की मौत हो गयी। सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में अब तक इजराइल के 860 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। सेना ने बताया कि खान यूनिस इलाके में ही गोलीबारी में मंगलवार को एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### एससीओ बैठक में भाग लेने चीन पहुंचे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में भाग लेने के लिए बुधवार को चीन के बंदरगाह शहर किंगदाओ पहुंचे। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के संबंधों में गंभीर तनाव आने के बाद किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की यह पहली चीन यात्रा है। सिंह का किंगदाओ हवाई अड्डे पहुंचने पर भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने स्वागत किया।

# ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरा तबाह नहीं

## अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने जारी की नई रिपोर्ट, बचाव में उतरे ट्रंप प्रशासन के अधिकारी

**वाशिंगटन/दुबई, एजेंसी**

अमेरिका की एक नई खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है लेकिन पूरी तरह तबाह नहीं हुआ है, जैसा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है। रक्षा खुफिया एजेंसी की ओर से सोमवार को जारी यह रिपोर्ट ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों की स्थिति को लेकर ट्रंप और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों के विपरीत है। रिपोर्ट से ट्रंप के दावों को करारा झटका लगने के बाद उनके प्रशासन के शीर्ष अफसर बचाव में उतर आए हैं।

रिपोर्ट में पता चला है कि ईरान के फोर्दो, नतांज और इस्फहान परमाणु स्थलों पर शनिवार को हुए हमलों से खासा नुकसान हुआ है, लेकिन वे पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के हमलों से पहले ही ईरान के अत्यंत संवर्धित यूरेनियम के एक हिस्से को दूसरी जगहों पर स्थानांतरित कर दिया गया था। फोर्दो में बहुत अंदर स्थित यूरेनियम संवर्धन संयंत्र का प्रवेश भाग ढह गया है और अवसंरचना को भी नुकसान हुआ है, लेकिन भूमिगत ढांचा क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है। मंगलवार को सीएनएन ने इस आकलन के बारे में सबसे पहले खबर दी लेकिन व्हाइट हाउस ने इसे गलत बताकर खारिज कर दिया है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जो खुफिया रिपोर्ट लीक हुई है, वह रिपोर्ट प्रारंभिक थी और उस पर बहुत ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इस रिपोर्ट को लीक करने वाले अधिकारियों को पेशेवर धोखेबाज करार दिया है।व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने एक बयान में कहा, इस आकलन को उजागर करना राष्ट्रपति ट्रंप को नीचा दिखाने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के लिए एक बेहतरीन मिशन को अंजाम देने वाले बहादुर लड़ाकू पायलटों को बदनाम करने का प्रयास है। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि जब आप 30,000 पाउंड के 14 बम लक्ष्य पर सटीक रूप से गिराते हैं तो क्या होता है: संपूर्ण विनाश। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि हमलों के कारण ईरान में परमाणु स्थल पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं और ईरान कभी अपने परमाणु प्रतिष्ठानों का पुनर्निर्माण नहीं कर पाएगा।

उधर, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने बुधवार को पुष्टि की कि अमेरिकी हमलों से देश के परमाणु प्रतिष्ठान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। 'अल जजीरा' से बात करते हुए बाघेई ने यह टिप्पणी की, हालांकि उन्होंने विस्तार से बताने से इनकार कर दिया।



तेहरान में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन।

### इजराइल के लिए जासूसी के आरोप में तीन और को फांसी

**दुबई।** ईरान ने इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में बुधवार को तीन और कैदियों को फांसी दे दी। ईरान की सरकारी इरना समाचार एजेंसी ने खबर में ईरान की न्यायपालिका का हवाला देते हुए कहा कि इन व्यक्तियों पर देश में हथियार लाने का आरोप था। ईरान ने इजराइल के साथ अपने युद्ध के दौरान कई लोगों को फांसी की सजा दी है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने आशंका जताई है कि संघर्ष समाप्त होने के बाद कई और लोगों को फांसी पर लटकाया जा सकता है।

### अमेरिका-ईरान के अधिकारी अगले सप्ताह वार्ता करेंगे

**द हेग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के अधिकारी अगले सप्ताह बातचीत करेंगे, जिससे इजराइल और तेहरान के बीच हालिया संघर्ष के कारण बाधित हुई वार्ता बहाल होगी। नीदरलैंड में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान प्रेस वार्ता में ट्रंप ने कहा, मैं आपको बता दूं कि हम अगले सप्ताह ईरान के साथ बातचीत करने जा रहे हैं। हम किसी समझौते पर हस्ताक्षर भी कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें ईरान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने में कोई खास दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है।

### ट्रंप के खिलाफ पेश महाभियोग प्रस्ताव खारिज

**वाशिंगटन।** संसदीय मंजूरी के बगैर ईरान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप पर महाभियोग चलाने के प्रयासों के खिलाफ अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। इस संबंध में पेश प्रस्ताव के विरोध में 344 और पक्ष में 79 वोट पड़े। टेक्सास से डेमोक्रेटिक सांसद एल ग्रीन ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसपर उनकी पार्टी में ही विभाजन हो गया। ग्रीन ने मतदान से पहले कहा, मैं ऐसा इसलिए कर रहा हूं क्योंकि किसी भी व्यक्ति को अमेरिकी संसद से परामर्श किए बिना 30 करोड़ लोगों को युद्ध में झोंकने का अधिकार नहीं होनी चाहिए। मैं समझता हूं कि या तो संविधान सार्थक साबित होगा या निरर्थक बन जाएगा। ट्रंप पर महाभियोग की यह पहली कोशिश नहीं है, लेकिन यह दिखाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सदस्य विशेष रूप से ईरान के परमाणु केंद्रों पर अचानक हमले के बाद से उनके प्रशासन से असहज हैं, जो पश्चिम एशिया के मामलों में एक जोखिम भरा हस्तक्षेप है।

# साइबर धोखाधड़ी: गुजरात महाराष्ट्र में ईडी के छापे

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- **ऋण धोखाधड़ी में एनसीआर, पंजाब में भी छापेमारी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साइबर अपराध से जुड़े 100 करोड़ रुपये से अधिक के धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को गुजरात और महाराष्ट्र में छापेमारी की। इन साइबर अपराधियों पर 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराध करने और विदेश में 100 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्थानांतरित करने का आरोप है।

एजेंसी के सूरत उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने पीएमएलए के तहत गुजरात के सूरत और अहमदाबाद तथा मुंबई में यह छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन का यह मामला 2024 में मकबूल डॉक्टर, काशिफ डॉक्टर, बासम डॉक्टर, महेश मफतलाल देसाई, माज अब्दुल रहीम नाडा और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ गुजरात पुलिस की एक प्राथमिकी से सामने आया है। उन्होंने कहा कि आरोप है कि साइबर अपराधी विभिन्न साइबर धोखाधड़ी जैसे कि नकली यूएसडीटी ट्रेडिंग (क्रिप्टो मुद्रा), डिजिटल अरेस्ट, कानून प्रवर्तन एजेंसियों आदि के नकली नोटिस भेजकर लोगों को धमकी देने जैसी साइबर धोखाधड़ी करते थे।

### कर्नाटक: इंजीनियरिंग सीट से जुड़े घोटाले में छापे

**बेंगलुरु।** ईडी ने कुछ निजी कॉलेजों में इंजीनियरिंग सीट ब्लॉकिंग घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को शहर में कई स्थानों पर छापे मारे। कुल 18 परिसरों पर छापे मारे गए, जिनमें बीएमएस कॉलेज, आकाश इंस्टीट्यूट और न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बीएमएस के ट्रस्टियों और उनके मुख्य सहयोगियों, कुछ शिक्षा सलाहकारों और एजेंटों के ठिकाने शामिल हैं।

ईडी ने इसके अलावा दिल्ली में पंजीकृत दिवालिया कंपनी के पूर्व प्रवर्तकों के खिलाफ 989 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में बुधवार को एनसीआर और पंजाब में कई जगहों पर छापेमारी की। ऑटोमोबाइल और टेलीकॉम क्षेत्र के लिए बिजली के तार और केबल का डिजाइन एवं निर्माण करने वाली दिल्ली स्थित शिल्पी केबल्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैं कंपनी के खिलाफ 2017 में दिवालिया की कार्रवाई शुरू की गई थी।

# बांग्लादेश: एक और पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त गिरफ्तार

**ढाका, एजेंसी**

- **आम चुनाव में गड़बड़ी और हेराफेरी करने का आरोप**

बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त काजी हबीबुल अवल को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ दिनों पहले ही अवल के पूर्ववर्ती केएम नूरुल हुदा को शेख हसीना शासन के दौरान चुनाव में गड़बड़ी के आरोप में हिरासत में लिया गया था।

ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस के उपायुक्त तालेबुर रहमान ने कहा, पुलिस की खुफिया शाखा ने अवल को दोपहर राजधानी के मोघबाजार इलाके से गिरफ्तार किया। अवल से पहले रविवार रात नूरुल हुदा को चुनावों में हेराफेरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी से पहले हुदा को भीड़ ने पीटा भी था। अवल ने फरवरी 2022 से सितंबर 2024 तक बांग्लादेश के 13वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्य किया। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी की ओर से हुदा सहित 19 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के बाद ये गिरफ्तारियां की गईं।

### शेख हसीना के बचाव को नियुक्त वकील हटाया

**ढाका।** अपराध न्यायाधिकरण ने बुधवार को पूर्व पीएम शेख हसीना के बचाव के लिए सरकार द्वारा नियुक्त उस अधिवक्ता को हटा दिया है जिन्होंने पहले उन्हें फांसी देने की मांग की थी। बांग्लादेश के अधिकारियों के अनुसार आईसीटी-बीडी ने हसीना के लिए बचाव पक्ष के वकील नियुक्त अमीनुल गनी टीटू को कार्यमुक्त कर दिया है। एक दिन पहले ही न्यायाधिकरण ने उनकी नियुक्ति की थी।

# भारतीय पायलट अभिनंदन को पकड़ने वाला पाकिस्तानी सैन्य अफसर मारा गया

- **अफगानिस्तान की सीमा के पास तालिबानी उग्रवादियों से मुठभेड़ में हुई मौत**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के विशेष सेवा समूह का एक अधिकारी तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारा गया, जिसने 2019 में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भारतीय वायुसेना के पायलट अभिनंदन वर्धमान को पकड़ने का दावा किया था।

सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के बयान के अनुसार, 37 वर्षीय मेजर सैयद मुईज अब्बास शाह मंगलवार को अफगानिस्तान की सीमा के पास दक्षिण वजीरिस्तान के सरारोगा इलाके में तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारे गए। बयान में कहा गया कि 27 वर्षीय लांस नायक जिब्रानउल्ला की भी इस हमले में मौत हो गई। इसमें कहा गया कि सेना के जवानों ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 11 आतंकवादियों को मार गिराया और सात अन्य घायल हो गए। मुईज के जनाजे की नमाज रावलपिंडी के चकलाला गैरीसन में पढ़ी गई और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी इसमें शामिल हुए।

# कांगड़ा में बादल फटने के बाद मची तबाही

## अचानक आई बाढ़ से दो लोगों की मौत, करीब 20 के बह जाने की आशंका

- **कुल्लू में भी बादल फटने के बाद आई बाढ़ में तीन लोग लापता, कई घर, स्कूल, सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त**

**शिमला/धर्मशाला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश में बुधवार को बादल फटने, अचानक आई बाढ़ और भारी बारिश के कारण दो लोगों की मौत हो गई। दोनों शव कांगड़ा जिले में मनुनी खड्ड से बरामद किए गए, जबकि इंदिरा प्रियदर्शिनी जलविद्युत परियोजना स्थल के पास एक श्रमिक कॉलोनी में रह रहे लगभग 20 श्रमिकों के खनियारा मनुनी खड्ड में जल स्तर बढ़ने से बह जाने की आशंका है।

अधिकारियों के अनुसार बारिश के कारण परियोजना का काम रोक दिया गया था और श्रमिक निर्माण स्थल के पास अस्थायी आश्रयों में आराम कर रहे थे, तभी मनुनी खड्ड और आसपास के नालों से बाढ़ का पानी श्रमिक कॉलोनी की ओर आ गया और श्रमिकों को बहा ले गया। एसडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन, ग्राम पंचायत और राजस्व विभाग की टीम खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए मौके पर पहुंच गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना से जुड़े कुछ स्थानीय श्रमिक सुरक्षित हैं।

वहीं, कुल्लू जिले में बादल फटने से आई बाढ़ के बाद तीन लोग लापता हैं। बाढ़ से कई घर, एक स्कूल भवन, संपर्क सड़कें और छोटे पुल क्षतिग्रस्त हो गए। कुल्लू जिले के सैंज में जीवा नाला और रेहला बिहाल तथा गड़सा क्षेत्र के शिलागढ़ में बादल फटने की तीन घटनाएं हुईं। रेहला बिहाल में घरों से सामान निकालने की कोशिश कर रहे तीन लोग बाढ़ में बह गए और लापता हैं। कुल्लू के अतिरिक्त जिला आयुक्त ने बताया कि मनाली और बंजार में भी अचानक बाढ़ आ गई। तलाश अभियान जारी है। मनाली के पास ब्यास नदी के उफान से मनाली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग आंशिक क्षतिग्रस्त हो गया।



कुल्लू में बादल फटने के बाद ब्रह्म गंगा नाले में बाढ़ आ गई जिसने आबादी में भारी नुकसान पहुंचाया।

# गाजा में इजराइली हमलों से 70 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा, एजेंसी**

- **सहायता वितरण केंद्र से राशन और खाने के पैकेट ले जा रहे लोगों पर की गोलीबारी**

गाजा पट्टी में मंगलवार को इजरायली गोलीबारी और हवाई हमलों में कम से कम 70 फिलिस्तीनी मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने संवाद एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा के उत्तर में शाकौश क्षेत्र में एक अमेरिकी समर्थित सहायता वितरण केंद्र के पास जुटे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर गोलीबारी की।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के एक चिकित्सा स्रोत ने बताया कि शाकौश में हुई इस गोलीबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। सूत्र ने कहा,सुरक्षा स्थितियों और क्षेत्र की दूरस्थता के कारण घायलों को पास के फील्ड अस्पतालों में ले जाने के लिए जानवरों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। इस बीच एक अन्य घटना में इजरायली सेना ने पर वाडी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन स्ट्रीट पर खाद्यान्न लेने एकत्र हुए फिलिस्तीनियों को निशाना बनाया। मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात में अल-अवदा अस्पताल ने कहा कि उसे 19 शव और 146 घायल व्यक्ति मिले हैं।



गाजा में खाने के पैकेट ले जाते लोग।

# अनुदान कटौती के ट्रंप प्रशासन के फैसले के खिलाफ मुकदमा

**बोस्टन।** अमेरिका में 20 से अधिक राज्यों और वाशिंगटन डीसी के अटॉर्नी जनरलों ने ट्रंप प्रशासन की ओर से अनुदान में अरबों डॉलर की कटौती को चुनौती देते हुए संघीय अदालत में एक वाद दायर किया। मुकदमे में न्यायाधीश से ट्रंप प्रशासन को अनुदान में कटौती करने से रोकने का अनुरोध किया गया है।

मुकदमे में कहा गया है कि प्रशासन ने जनवरी से संघीय नियमन की एक अस्पष्ट धारा का उपयोग करके विभिन्न कार्यक्रमों और हजारों अनुदानों को रद्द किया है, जो पहले राज्यों व अनुदान प्राप्तकर्ताओं को प्रदान किए गए थे। वादियों ने तर्क दिया कि, बदली प्राथमिकताओं को आधार बनाकर अनुदान समाप्त करने के लिए धारा का इस्तेमाल करने का निर्णय गैरकानूनी है।

**शिखर सम्मेलन** — सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को किया रेखांकित

# ट्रंप के दबाव में नाटो सदस्य रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमत

## जेलेंस्की से मिले ट्रंप, कहा- रक्षा खर्च बढ़ने से रूसी आक्रामकता पर लगेगी लगाम

**द हेग, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के बाद नाटो नेताओं ने बुधवार को रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमति व्यक्त की तथा हमला होने पर एक-दूसरे की सहायता करने की अपनी 'दृढ़ प्रतिबद्धता' दोहराई। बैठक के दौरान ट्रंप यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से भी मिले और कहा कि रक्षा खर्च बढ़ने से यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रामकता में कमी आएगी।

शिखर सम्मेलन के एक वक्तव्य में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल 32 नेताओं ने कहा, सहयोगी देश अपने व्यक्तिगत और सामूहिक दायित्वों को सुनिश्चित करने के लिए 2035 तक मुख्य रक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ रक्षा एवं सुरक्षा संबंधी व्यय पर प्रतिवर्ष सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का पांच प्रतिशत खर्च करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेताओं ने नाटो की सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया कि एक देश पर हमला सभी पर हमला है। शिखर सम्मेलन से पहले, ट्रंप ने अमेरिका द्वारा अपने सहयोगियों की रक्षा को लेकर फिर संदेह जताया था।

हालांकि बाद में ट्रंप ने शिखर सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की से मुलाकात की और कहा कि ट्रांस-अटलांटिक गठबंधन द्वारा खर्च बढ़ाए जाने से भविष्य में पड़ोसियों के खिलाफ रूस की आक्रामकता को रोकने में मदद मिल सकती है। नाटो के सदस्य 2035 तक अपने खर्च लक्ष्य को बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत वार्षिक करने पर सहमत हुए हैं। ट्रंप ने जेलेंस्की से मिलने के तुरंत बाद शिखर सम्मेलन के समापन पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, सुरक्षा के लिए अधिक जिम्मेदारी लेने के वास्ते यूरोप के कदम उठाने से रूस और यूक्रेन के साथ भयानक स्थिति जैसी भविष्य की आपदाओं को रोकने में मदद मिलेगी।




शिखर सम्मेलन में नाटो महासचिव मार्क रूट के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप।

### जापान और अमेरिका में तनाव के संकेत उभरे

**तोक्यो।** जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने अमेरिका के ट्रंप प्रशासन को स्पष्ट संकेत दिया है : जापान-अमेरिका संबंध बहुत गंभीर स्थिति में हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह इस सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने अचानक नाम वापस ले लिया। जापानी मीडिया के मुताबिक, इशिबा ने अपनी यात्रा इसलिए रद्द की क्योंकि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की उम्मीद नहीं थी और इंडो-पैसिफिक फोर (आईपी4) साझेदार की बैठक भी शायद नहीं होती। इशिबा के इस बैठक में शामिल नहीं होने से यह भी पता चलता है कि वाशिंगटन द्वारा जापान पर भारी शुल्क लगाने के बाद जापान ट्रंप प्रशासन के साथ अपने संबंधों को किस तरह देखता है।